**जय जय रघुवीर समर्थ**

# विद्यार्थियों के श्री समर्थ रामदास


संकलन, अनुवाद एवं प्रस्तुति

**डॉ. मोहन ब. बांडे**



[ द्वितीय संस्करण ]

**प्रकाशक**

**सच्चिदानंद सद्‌गुरु श्री श्रीराम महाराज संस्थान**

नावघाटखेड़ी, बडवाह (म.प्र.)

**पुस्तक का नाम** : विद्यार्थियों के श्री समर्थ रामदास

**प्रकाशक** :
प्रथम संस्करण : **राष्ट्रगुरु श्री समर्थ रामदास विचार मंच**
(शाखा - इंदौर)
द्वितीय संस्करण : **सच्चिदानंद सद्‌गुरु श्री श्रीराम महाराज संस्थान**
नावघाटखेड़ी, बडवाह (म.प्र.)

**लेखक** : **डॉ. मोहन ब. बांडे**

**सर्वाधिकार** : लेखकाधीन

**प्रथम संस्करण** : सन् २००४
**द्वितीय संस्करण** : सन् २०१२

**सम्पर्क** : विश्वस्त मंडल, सच्चिदानंद सद्‌गुरु श्री श्रीराम महाराज संस्थान
**श्री विजय अम्बेकर, इन्दौर** मोबा. ९४२५०-७४९२१
**श्री सुबोध आरस, बड़वाह** मोबा. ९८२६४-२२४९९
**श्री वसंत विचारे, बड़ोदा** मोबा. ९९२५०-०९५५७
**श्री महेश लोखंडे, रतलाम** मोबा. ९८२६९-३२६५१
**श्री लक्ष्मण वैद्य, गुना** मोबा. ९३००६-५३६४१

**मूल्य** : पन्द्रह रुपये मात्र
**PRICE** : ₹15/-

**मुद्रण** : **सर्वोत्तम ऑफसेट,**
जी-८, स्वदेश भवन, २ प्रेस कॉम्पलेक्स,
ए.बी. रोड, इन्दौर (म.प्र.)
मोबाइल ९४२५०-५६४२३, ९४२५०-५९७१४



**जय जय रघुवीर समर्थ**




**।। श्री समर्थ रामदास स्वामी ।।**


# अनुक्रमणिका


| | | |
|---|---|---|
| | आशीर्वाद (द्वितीय संस्करण के निमित्त से) | ६ |
| | सच्चिदानंद सद्‌गुरु श्री श्रीराम महाराज संस्थान के विषय में | १० |
| | भूमिका | १२ |
| | पुरस्कार | १५ |
| | श्री समर्थ रामदास (संक्षिप्त जीवन चरित्र) | १७ |
| | श्री समर्थ बोधामृत | ६७ |
| १. | नरदेह का महत्व - दुर्लभ अवसर | ६८ |
| २. | आवश्यकता है आत्मविश्वास, धैर्य और प्रयत्न की | ७१ |
| ३. | मेरे जीवन का शिल्पकार मैं ही हूँ | ७६ |
| ४. | दिनचर्या में संतुलन | ८२ |
| ५. | आलस्य : श्रीसमर्थ का शत्रु | ८७ |
| ६. | बहिरंग नहीं, अंतरंग सुधारें | ९१ |
| ७. | अवगुण छोड़ने से ही छूटते हैं | ९३ |
| ८. | उत्तम गुण आत्मसात किये जा सकते हैं | ९८ |
| ९. | अनेक मित्र जोड़ें | १०४ |
| १०. | बोलना सुंदर - पढ़ना सुंदर - लिखना सुंदर | १०९ |
| ११. | शिक्षा को धर्म का अधिष्ठान चाहिये | ११४ |
| १२. | मनोबोध - अंतःकरण का श्रृंगार गृह | ११८ |
| १३. | भगवान के पास क्या मांगें? | १२८ |



ब्रह्म चैतन्य **श्री गोंदवलेकर महाराज**



सच्चिदानंद सद्‌गुरु
**श्री श्रीराम महाराज** खेड़ीघाट, बड़वाह

# आशीर्वाद

## द्वितीय संस्करण के निमित्त से

### श्रीराम समर्थ

श्रीनृसिंह जयंती
दिनांक ४-५-२०१२

श्री समर्थ रामदास स्वामींचा जन्म जांबगावी शके १५३० मध्ये झाला. श्रीसमर्थांची स्वारी अगदी बालपणापासूनच फार करारी, धाडसी, आणि प्रयत्नांना प्राधन्य देणारी होती. आळसाला श्रीसमर्थ कधीही थारा देत नसत. अगदी रोज नियमाने १२००शे सूर्यनमस्कार, दंड, बैठका तसेच नद्या, विहीरी, तलावामध्ये मनसोक्त पोहणे, झाडावर, डोंगरावर भराभर चढणे इत्यादी प्रकारचे व्यायाम करून शरीर बळकट, बलवान आणि पिळदार होते. श्रीसमर्थ हे साक्षात मारूतीचे अवतारच असल्याने त्यांचे कतृत्त्व तसेच होते. श्रीसमर्थांचे वैराग्य शुकदेवांसारखे कडक होते. विवाह प्रसंगी सावधान हा शब्द कानावर पडताच लग्नमंडपातून पळ काढून नाशीकच्या तपोवनातल्या टाकळीच्या गुहेचा आधार घेवून कडक तपश्चर्या प्रारंभ केली. वाचकांनो, असे उदाहरण आजपर्यंत कधीही धडले नाही. कारण असे वैराग्य समर्थ महापुरूषांच्या जवळच पहावयास सापडते. मायेचा पाश, केवळ **'सावधान'** शब्द ऐकून समर्थांच्या शिवाय कोणीच तोडू शकत नाही. थोर तपस्व्यांना देखील ते कठीण आहे. समर्थांनी गोदावरीगंगेच्या कमरे इतक्या पाण्यात उभे राहून बारा वर्षामध्ये 'श्रीराम जयराम जयजय राम' या त्रयोदशाक्षरी मंत्राचा तेरा कोटी जप आणि श्रीगायत्री मंत्राचे पुरश्चरण केले. नंतर बारा वर्षे संपूर्ण तीर्थाटन केले. तीर्थाटनाच्या निमित्ताने समर्थांनी भारतातल्या काना-कोपऱ्यातील सर्व थरातील मानवाचे निरीक्षण केले. समर्थांना असे आढळून आले की, मानव आपल्या सच्चिदानंद स्वरूपाला विसरून मायेने रचलेल्या जादूच्या नगरीत रमलेला असून मी आत्मा नसून देहच आहे अशा अज्ञानी अवस्थेत आपले अमूल्य जीवन व्यर्थ घालवतो आहे. मानवाची अशी दयनीय स्थिती पाहून श्रीसमर्थांचे हृदय अगदी पिळवटून निघाले आणि त्यांनी अज्ञजनांच्या कल्याणासाठी श्रीदासबोध, आत्माराम, मनाचे श्लोक वगैरे उपदेशात्मक वाङ्मय संपदा स्वरचित केली.

समर्थांच्या वाङ्मय संपदेच्या ज्ञानरूपी गंगेत स्नान करून बद्धाचे सिद्ध झाले. समर्थांचा दासबोध ग्रंथ तर हा ग्रंथराज शिरोमणी म्हणून प्रसिद्ध



झाला. या ग्रंथामध्ये अगदी अज्ञानापासून ते थेट ब्रह्मज्ञानापर्यंत सर्वांना पटेल असे अचूक मार्गदर्शन केले आहे. समर्थांच्या मार्गदर्शनाखाली चालणाऱ्या साधकांचे श्रीसमर्थांनी समर्थच केले आहे उदा. श्रीकल्याणस्वामी, उध्दवस्वामी, वेणा-आक्का, प.पू.श्रीधरस्वामी वगैरे...

श्रीसमर्थांच्या संप्रदायाचा आणि वाङ्मयाचा प्रसार आणि प्रचार करण्याचा प्रयत्न अनेक संत मंडळींनी केला आहे. प्रामुख्याने समर्थांचे अवतार श्रीब्रह्मचैतन्य श्रीगोंदवलेकर महाराज यांनी समर्थांच्या संप्रदायाच्या प्रसार-प्रचार विशेषरूपाने केला. वर्तमान काळामध्ये श्रीसमर्थांच्या विचारसरणीची आवश्यकता फारच भासू लागली आहे. हिंदू संस्कृती जर जीवंत ठेवायची असेल आणि शिवछत्रपतीसारखे धर्मसंस्थापण करणारे महाराजे निर्माण करावयाचे असतील तर लहानमुलामुलींना श्रीसमर्थांच्या विचारसरणीचा संस्कार काढा देणे फारच जरूरीचे आहे या दिव्य विचार सरणीतून 'राष्ट्रगुरु श्रीसमर्थ रामदास विचार मंच' या संस्थेचा अहिल्यानगरी इंदूर येथे जन्म झाला आहे, व श्रीसमर्थांचे साहित्य हिंदीभाषी लोकांना उपलब्ध करुन देणे हा संस्थेचा मुख्य उद्देश्य आहे. प्रस्तुतचे पुस्तक 'विद्यार्थियों के श्रीसमर्थ रामदास' हे मूळचे मराठी असून त्याचे लेखक समर्थभक्त श्री सुनीलजी चिंचोळकर आहेत. या पुस्तकाचे कौतूक मराठीभाषीकांनी फारच आदराने केले. हे पुस्तक श्रीसमर्थांच्या जीवनशैलीचे आदर्श दाखवणारे असून लहान-मोठ्यांना फारच हितोपदेष करणारे आहे. त्याचप्रमाणे स्वर्गीय प्र.ग.सहस्त्रबुद्धे यांनी हिंदीतून श्री समर्थांचे जीवन चरित्र विशेषकरुन लहान वयाच्या पीढीसाठी लिहीले आहे व श्री समर्थ रचित 'मनाचे श्लोक' यांचा पण समश्लोकी हिंदी अनुवाद केला आहे. मराठी-हिंदीतून प्रकाशित श्रीसमर्थाचा हाच हितोपदेश नवीन पाढीला हिंदीतून उपलब्ध व्हावा म्हणून ही तीन्हीं पुस्तकें संकलित व अनुवादित करुन डॉ. मोहन बांडे यांनी 'विद्यार्थियों के श्रीसमर्थ रामदास' हे पुस्तक तैयार केले आहे. ही सगळीच पुस्तकें श्री समर्थांच्या दिव्य कृपाप्रसादा ने सालंकृत झाली आहेत. याच बरोबर श्री समर्थांचे अन्य साहित्यपण या विचारमंचा द्वारे हिंदीतून प्रकाशित केले गेले आहे जे संपूर्ण राष्ट्राला प्रकाशमय करीत आहे. हे ही सर्व श्रीसमर्थ रामदास स्वामी महाराजांचीच दिव्य कृपा आहे. त्या श्रीसमर्थांच्या चरणी साष्टांग दंडवत करून हे लेखणीपुष्प श्रीसमर्थांच्या चरणी वाहू या.

**श्रीराम रामदासी**

# आशीर्वाद

## द्वितीय संस्करण के निमित्त से
## (हिन्दी अनुवाद)

### ।। श्रीराम समर्थ।।

श्रीसमर्थ रामदास स्वामी का जन्म जांब ग्राम में शक १५३० में हुआ। श्रीसमर्थ रामदास अपने बाल्यकाल से ही दृढ़ निश्चयी, साहसी तथा प्रयत्नों को ही प्रधानता देनेवाले थे। उनके जीवन में आलस्य के लिए कोई स्थान नहीं था। प्रतिदिन १२०० सूर्यनमस्कार का व्यायाम करना यह उनका नियम था। इसीप्रकार नदियां, कुएं, तालाब इत्यादि में मन भरने तक तैरना, पेड़ों पर, पर्वतों पर चढ़ना इत्यादि व्यायाम के कारण उनका शरीर अतिशय कसा हुआ, बलवान, शक्तिशाली था। स्वयं श्रीहनुमानजी के ही अवतार होने के कारण उनका कर्तृत्व भी वैसा ही था। श्रीसमर्थ का वैराग्य श्रीशुकदेव समान प्रखर था। विवाह मंडप में 'सावधान' शब्द कानों पर आते ही वहां से वे तुरंत निकल गए और नासिक के निकट टाकली के तपोवन में एक गुफा में आश्रय लेकर कठोर तपश्चर्या प्रारंभ कर दी। इसके पूर्व ऐसी घटना कभी हुई नहीं थी, कारण इसप्रकार का कठोर वैराग्य, समर्थ महापुरुषों में ही देखने को मिलता है। केवल 'सावधान' शब्द सुनकर माया का पाश इसप्रकार कौन तोड़ सकता है? बड़े-बड़े तपस्वीजनों के लिए भी यह संभव नहीं हो पाता। टाकली के निकट गोदावरी और नंदिनी नदी के संगम स्थान पर श्रीसमर्थ ने कमर तक पानी में खड़े होकर बारह वर्ष तक 'श्रीराम जय राम जय जय राम' इस त्रयोदश अक्षर के मंत्र का तेरह करोड़ जप तथा गायत्री मंत्र का पुरश्चरण किया। इसके पश्चात् बारह वर्ष तक संपूर्ण भारत में तीर्थाटन किया। तीर्थाटन के निमित्त से श्रीसमर्थ ने भारत के कोने-कोने का सूक्ष्म निरीक्षण किया। श्री समर्थ ने देखा कि मनुष्य अपना सच्चिदानंद स्वरूप भूलकर माया द्वारा रचित इस जादू की नगरी में रम कर 'मैं आत्मा न होकर सिर्फ देह ही हूं' ऐसी अज्ञानी अवस्था में अपना अमूल्य जीवन व्यर्थ गवां रहा है। मानव की यह दयनीय स्थिति देखकर श्रीसमर्थ का हृदय व्यथित हो गया और ऐसे अज्ञानीजनों के कल्याण हेतु उन्होंने श्रीदासबोध, आत्माराम, मनाचे श्लोक अर्थात् मनोबोध इत्यादि उपदेशात्मक साहित्यसंपदा की रचना की।




समर्थ की इस साहित्यसंपदा की ज्ञानगंगा में स्नान कर बद्धों के सिद्ध हो गए। श्रीसमर्थ रचित ग्रंथराज दासबोध तो ग्रंथशिरोमणी के रूप में विख्यात हुआ है। इस ग्रंथ में अज्ञानी से लेकर ब्रह्मज्ञानी तक सभी को स्वीकार हो ऐसा अचूक मार्गदर्शन किया गया है। श्रीसमर्थ के मार्गदर्शन में साधना करनेवाले साधकों को भी श्रीसमर्थ ने समर्थ ही बना दिया, उदाहरणार्थ श्रीकल्याणस्वामी, उद्धवस्वामी, वेणा-अक्का, श्रीधरस्वामी इत्यादि।

श्रीसमर्थ के संप्रदाय तथा साहित्य का प्रचार प्रसार करने का प्रयत्न अनेक संतजनों ने किया है। श्रीसमर्थ का अवतार कहे जाने वाले श्रीब्रह्मचैतन्य गोंदवलेकर महाराज ने इस दृष्टि से विशेष प्रयत्न किए। वर्तमान काल में श्रीसमर्थ के विचारों की और भी अधिक आवश्यकता प्रतीत होने लगी है। हिंदू संस्कृति को जीवित रखना हो और श्री छत्रपति शिवाजी समान धर्मसंस्थापक निर्माण करनेवाले राज्यकर्ता निर्माण करने हों तो नई पीढ़ी को उनके बचपन से ही श्रीसमर्थ के विचारों का रसायन पिलाना आवश्यक है। इस दिव्य विचारसारणी में से ही 'राष्ट्रगुरु श्रीसमर्थ रामदास विचारमंच' की अहिल्यानगरी इंदौर में स्थापना हुई है तथा श्रीसमर्थ रामदास का साहित्य हिन्दीभाषी पाठकों को उपलब्ध करा देना यह इस संस्था का मुख्य उद्देश्य है। प्रस्तुत पुस्तक 'विद्यार्थियों के श्रीसमर्थ रामदास' मूलतः श्रीसुनीलजी चिंचोलकर की मराठी पुस्तक है। मराठीभाषी पाठकों ने भी इसकी सादर सराहना की है। यह पुस्तक श्रीसमर्थ की जीवनशैली का आदर्श हमारे सामने प्रस्तुत करती है तथा छोटे-बड़े सभी के लिए हितोपदेशक है। इसीप्रकार स्वर्गीय श्री प्र.ग. सहस्त्रबुद्धेजी ने हिंदी में श्रीसमर्थ की जीवनी विशेष रूप से बच्चों के लिए लिखी है तथा श्रीसमर्थरचित 'मनाचे श्लोक' अर्थात् मनोबोध का समश्लोकी हिंदी अनुवाद भी किया है। ये तीनों पुस्तकें मिलाकर श्री मोहन बांडे ने 'विद्यार्थियों के श्रीसमर्थ रामदास' यह पुस्तक हिन्दी में प्रस्तुत की है। मराठी-हिन्दी में प्रकाशित ये सभी पुस्तके श्रीसमर्थ के दिव्य कृपाप्रसाद से सालंकृत हैं। इसी के साथ साथ श्रीसमर्थ का अन्य साहित्य भी इस विचारमंच द्वारा हिन्दी में प्रकाशित किया गया है जो संपूर्ण राष्ट्र को प्रकाशमय कर रहा है। यह श्रीसमर्थ रामदास स्वामी महाराज की ही कृपा का फल है। उन्हीं श्रीसमर्थ के चरणों में साष्टांग दंडवत प्रणाम कर यह लेखनपुष्प श्रीसमर्थ के चरणों में समर्पित है। जय जय रघुवीर समर्थ।

श्रीनृसिंह जयंती
दि. ४/५/२०१२

**श्रीराम रामदासी**
**सच्चिदानंद सद्‌गुरु श्री श्रीराम महाराज संस्थान,**
नावघाट खेड़ी, बड़वाह (म.प्र.)

।। श्रीराम समर्थ।।



# सच्चिदानंद सद्‌गुरु श्री श्रीराम महाराज संस्थान के विषय में

'सच्चिदानंद सद्‌गुरु श्री श्रीराम महाराज संस्थान' माँ नर्मदा के उत्तर तट पर स्थापित अत्यन्त मनमोहक एवं सिद्ध क्षेत्र है। संस्थान के अग्रभाग से माँ नर्मदा कलकल बहती हुई अपनी कृपा दृष्टि बनाए हुए है, वहीं संस्थान में सद्‌गुरु श्री श्रीराम महाराज अपने भक्तगणों पर कृपाशिर्वादरूपी पुष्पों की वर्षा करते रहते हैं।

सद्‌गुरु श्री श्रीराम महाराज का जन्म महाराष्ट्र के फलटन नामक गाँव में हुआ एवं अपनी उम्र के छटवें वर्ष की अवस्था में ही उन्हें श्री गोदंवलेकर महाराज की अनुगृह कृपा हुई। इस कृपा के साथ ही सद्‌गुरु सांसारिक प्रपंचों से विरक्त होकर सिर्फ रामनाम जप एवं सद्‌गुरु भक्ति में लगे रहे एवं अपना सम्पूर्ण जीवन ही रामनाम प्रचार-प्रसार, आध्यात्म एवं दिन दुखियों हेतु समर्पित कर दिया है।

महाराष्ट्र के भिन्न-भिन्न स्थलों पर आप राम नाम एवं सद्‌गुरु सेवा करते रहे। सद्‌गुरु श्री गोंदवलेकर महाराज की आज्ञा से ही २३ जून १९८३ गुरुवार को आपका पर्दापण नावघाट खेड़ी बड़वाह में हुआ। माँ नर्मदा के उत्तर तट पर रामनाम जप तपस्या में तल्लीन रहने लगे एवं इस तपस्या स्थली को नाम दिया 'समर्थ कुटी'।

'समर्थ कुटी' में रहते हुए सद्‌गुरु भक्ति एवं जप-तपस्या करते हुए सद्‌गुरु भक्तों की संख्या भी बढ़ती गई। सर्वभक्त समभाव की धारणआ को साक्षात् करने वाले सद्‌गुरु ने अनेक भक्तों को व्यसन मुक्त किया, कुलक्षणों से मुक्त किया और उन्हें रामनाम जप की और प्रेरित किया, आध्यात्म में आस्था रखने वाले भक्तों को राम नाम जप की शक्ति युक्त सद्‌गुरु भक्ति से कैसे मोक्ष प्राप्त कर सकते हैं इस ओर प्रेरित एवं मार्गदर्शित किया।



सद्‌गुरु श्री श्रीराम महाराज द्वारा स्थापित समर्थ कुटी आज अपने असंख्य भक्तों का विस्तारित भव्य स्वरूप लेकर **'सच्चिदानंद सद्‌गुरु श्री श्रीराम महाराज संस्थान'** के रूप में अलंकृत है।

आठ एकड़ के क्षेत्रफल में फैले इस संस्थान के दक्षिण में जहां माँ नर्मदा बहती है, वहीं पूर्व एवं पश्चिम दोनों दिशाओं में अन्य देवालय एवं आश्रम स्थापित है।

इस संस्थान के अतिरिक्त भी सद्‌गुरु श्री श्रीराम महाराज के भक्तों हेतु म.प्र., महाराष्ट्र, कर्नाटक, गुजरात, गोवा एवं अन्य प्रांतों के नगरों एवं गांवों में सद्‌गुरु श्री श्रीराम महाराज द्वारा राम मंदिर स्थापित किए गए हैं एवं उपासना केन्द्र संचालित हो रहे हैं। वर्ष भर जगह जगह पर रामनाम जप के तेरह करोड़ जप अनुष्ठान भी आयोजित होते रहते हैं।

सद्‌गुरु श्री श्रीराम महाराज रामदासी संप्रदाय के होकर अपने सभी भक्तों को समर्थ रामदास स्वामी, समर्थ रामदास स्वामी के अवतार श्री गोंदवलेकर महाराज, प.पू. श्रीधर स्वामी आदि सभी देवतुल्य संतों के द्वारा निर्देशित मार्ग पर चलने को प्रेरित करते रहते हैं। स्वयं भी देशभर में भ्रमण कर रामनाम प्रचार-प्रसार में अपनी देह को समर्पित किए हुए है। सद्‌गुरु का अमृत वाक्य है कि **''भगवान का नाम ही मेरा स्व स्वरूप है।''**

सच्चिदानंद सद्‌गुरु श्री श्रीराम महाराज संस्थान में श्री राम दरबार, दक्षिण मुखी वीर हनुमान, शंकर भगवान, माँ नर्मदा, लक्ष्मीनारायण आदि मंदिरों के साथ ही सद्‌गुरु श्री गोंदवलेकर महाराज का सुन्दर मंदिर भी स्थापित है। सुबह ६.०० बजे से शाम ७.०० बजे तक नित्य तेरह घंटे श्री राम नाम जप अनुष्ठान चलता रहता है। वर्षभर में होने वाले सभी बड़े धार्मिक पर्वों के अतिरिक्त गुरु पूर्णिमा, समर्थ रामदास स्वामी नवमी उत्सव, श्री दासबोध पारायण के साथ ही श्री श्रीराम महाराज जन्मोत्सव सद्‌गुरु नवरात्ति के रूप में बड़े धूमधाम से मनाया जाता है साथ ही इस नवरात्ति में तेरह करोड़ रामनाम जपानुष्ठान भी अति उत्साह के साथ सम्पन्न होता है।

यहां पर्यटन या दर्शनमात्र के लिए आने वाले यात्री भी सद्‌गुरु के आभामंडल से अभिभूत होकर यहीं के होकर रह जाते है एवं रामनाम में तल्लीन हो जाते हैं। ऐसा ही प्रभाव है सद्‌गुरु द्वारा स्थापित 'समर्थ कुटी' अर्थात् 'सच्चिदानंद सद्‌गुरु श्री श्रीराम महाराज संस्थान नावघाट खेड़ी, बड़वाह' इस सिद्ध क्षेत्र का।

।। जय जय रघुवीर समर्थ।।

।। जय जय सद्‌गुरु समर्थ।।

**विश्वस्त मंडल**

**सच्चिदानंद सद्‌गुरु श्री श्रीराम महाराज संस्थान**

# भूमिका

''राष्ट्रगुरु श्री समर्थ रामदास विचार मंच'' की ओर से यह तीसरी पुस्तक भेंट करते समय मुझे अत्यंत आनन्द का अनुभव हो रहा है। अत्यंत आनन्द का एक कारण यह भी है कि तीनों पुस्तकों के लेखक एक ही हैं और विषयवस्तु में भिन्नता होने के बाद भी तीनों का केन्द्र बिन्दु एक है और महानायक भी एक है।

समर्थ रामदास अपने युग की ऐसी विभूति हैं, जिन पर ऐसे ही कई ग्रंथ और लिखे जा सकते हैं, परन्तु मंच के सामने उसकी स्थापना के समय से एक निश्चित लक्ष्य रहा है और उसकी ही ओर वह क्रमशः बढ़ रहा है। प्रथम पुस्तक 'राष्ट्रगुरु श्री समर्थ रामदास' की रचना और प्रकाशन के समय मंच का विचार था 'समर्थ' के जीवन को सार्वजनिक बनाना। दक्षिण भारत और वहां भी विशेष रूप से मराठीभाषियों के समर्थ रामदास सम्पूर्ण राष्ट्र के प्रेरणास्त्रोत बनें, इस अभिलाषा से मंच ने हिन्दी और मराठी के समान अधिकारी विद्वान डॉ. मोहनजी बांडे से समर्थ के चरित्र लेखन का आग्रह किया था और उन्होंने उसे केवल स्वीकार ही नहीं किया अपितु हिन्दी जगत को एक ऐसी सशक्त रचना दी, जिस पर निश्चित ही मंच गर्व कर सकता था। हिन्दी भाषियों में पुस्तक की मांग इस सीमा तक हुई कि उसका प्रथम संस्करण अत्यल्प समय में समाप्त हो गया और दूसरा संस्करण मुद्रित कराना पड़ा। आज भी इसकी अपने प्रकार की एक अनूठी पुस्तक के रूप में मांग उसी प्रकार की है।

'दासबोध दर्शन' नाम से दूसरी पुस्तक का प्रकाशन हिन्दी पाठकों के इस आग्रह का परिणाम था कि समर्थ को पूरा जानने के लिये उनका 'दासबोध' भी वैसा ही सरल और सुबोध बनाकर प्रस्तुत किया जाए। अध्येता वृत्ति के डॉ. मोहनजी के लिये यह दूसरी चुनौती थी, किन्तु अपने दीर्घकालीन अध्ययन और चिंतन के कारण इसमें उन्हें कठिनाई बिल्कुल नहीं आई और उन्होंने बहुत थोड़े समय में ही मंच को दूसरी पुस्तक भेंट कर दी। प्रकाशन के पश्चात उस दूसरी पुस्तक का भी हिन्दीभाषी समाज के बीच वैसा ही स्वागत हुआ।

'विद्यार्थियों के श्री समर्थ रामदास' इसी यशस्वी लेखक की तीसरी कृति है। इस पुस्तक को तैयार कराते समय मंच के सामने एक स्पष्ट चित्र था कि राष्ट्र निर्माण में सर्वाधिक महत्व की भूमिका निर्वाह करने वाले युवा और विशेषकर विद्यार्थीवर्ग के सामने 'समर्थ रामदास'



के प्रखर राष्ट्र भक्ति से जाज्वल्यमान चरित्र इस प्रकार से प्रस्तुत हो कि उनके अंतर के तार झंकार उठें और मुझे यह उल्लेख करते हुए आनंद और गर्व हो रहा है कि प्रस्तुत पुस्तक ने इस उद्देश्य की पूर्ति की है। मोहनजी ने 'जो अच्छा है' उसे सब जगह से एकत्रित किया है, इसलिये उन्होंने पुस्तक को केवल अपनी कृति न कहकर संकलन, अनुवाद और प्रस्तुति कहा है। विराट में बूंद का लय होना स्वाभाविक है और जब इस विलयन में नई सृष्टि की संभावना हो तो कष्ट किसी को नहीं होता। सबको आनन्द की ही अनुभूति होती है।

डॉ. मोहन बांडे कठोर परिश्रमी हैं। अपने स्वास्थ्य की भी चिंता बिसारकर जब वे अध्ययन और लेखन में जुटते हैं, तब उनकी तत्परता देखने योग्य रहती है। 'राष्ट्रगुरु श्री समर्थ रामदास' तथा 'दासबोध दर्शन' से भी पहले वे संतश्रेष्ठ ज्ञानेश्वर महाराज के 'ज्ञानेश्वरी' तथा 'अमृतानुभव' का हिन्दी में पद्यानुवाद कर चुके हैं, जो उनके गहन अध्ययन का साक्षी है।

प्रस्तुत पुस्तक में उन्होंने यथा सम्भव प्रयास किया है युवाओं को झकझोरने का। युवा राष्ट्र की शक्ति होते हैं, सम्पत्ति होते हैं, यदि वे जागें तो राष्ट्र का परम वैभव निश्चित है। एक कवि ने तो लिखा ही है –

**यदि किसी देश की दौलत का अनुमान करें,**
**संकल्पवान यौवन ही उसका धन है।**
**हैं युवक उठाते राष्ट्र भार जब कन्धों पर,**
**युवकों से मिलता सदा राष्ट्र को जीवन है।**

शायद यही प्रेरणा है मोहनजी को और उससे प्रेरित होकर उन्होंने जब 'विद्यार्थियों के श्री समर्थ रामदास' का प्रणयन किया तो उसे अधिकाधिक प्रभावी बनाने की दृष्टि से उन्होंने भैयाजी सहस्त्रबुद्धे (श्री प्र.ग. सहस्त्रबुद्धे) की पुस्तक और श्री सुनीलजी चिंचोलकर की पुस्तक का निःसंकोच लाभ लिया। इतना ही नहीं तो अन्य अनेक मनीषियों और लेखकों के उद्धरण, मनाचें श्लोकों का मूल और काव्यानुवाद उन्होंने पुस्तक में जोड़ा है।

युवाओं को ललकारते हुए श्री समर्थ ने परिस्थितियों की भीषणता उनके सामने रखी है–

**'मंदिर सब फोड़ दिये हैं, देवमूर्तियां तोड़ दिये हैं**
**धर्म कर्म कुछ बचा नहीं है, जीने से तो मृत्यु भली है।'**

इन परिस्थितियों में कोई अपनी–अपनी डफली बजाये यह उचित नहीं है –

**डफली अपनी अलग बजाते, अपनी राग अलग से गाते।**
**इतना भी है नहीं समझता, देश शत्रु है लाभ उठाता।**

इस स्थिति में युवा को जागरण की आवश्यकता है। शिवा को जगाते हुए भी तो उन्होंने यही कहा था –

**तुम निश्चय के महामेरु हो,**
**लाखों लोगों के आधार हो।**

पुस्तक का दूसरा खण्ड 'श्री समर्थ बोधामृत' तो अत्यंत प्रेरक और प्रभावी है। विवेकानन्द के उदाहरण और प्रचलित समूह गीत 'खड़ा हिमालय बता रहा है डरो न आंधी पानी से' के माध्यम से मोहनजी ने युवा और विद्यार्थियों को राष्ट्र सेवार्थ सन्नद्ध बनाने वाली भाषा का प्रयोग जहां-तहां बड़ी कुशलतापूर्वक करके विषय की प्रभावोत्पादकता को बढ़ाया है। विद्यार्थी की दिनचर्या में व्यायाम, खेल, अध्ययन और विश्राम के संतुलन के लिये भी लेखक ने स्वामीजी की चिंता को सरल शब्दों में प्रस्तुत किया है, जो इस पीढ़ी की सर्वाधिक आवश्यकता है। वे यह बताने से भी नहीं चूके हैं कि आलस्य उनका सबसे बड़ा शत्रु है। अवगुणों से मुक्त समर्थ जीवन राष्ट्र को दिशा दे सकता है। इस प्रस्तुति में लेखक सदा सतर्क है। मूलतः मराठी भाषी होने के बाद भी हिन्दी को उन्होंने हृदयस्पर्शी बनाने का पूरा प्रयत्न किया है। चित्रों के भरपूर प्रयोग ने पुस्तक को और आकर्षक बना दिया है।

मेरा विश्वास है कि मंच द्वारा प्रकाशित लेखक की पहली दोनों पुस्तकों की भांति यह पुस्तक भी शीघ्र ही साहित्य और समाज में अपना श्रेष्ठ स्थान बना लेगी, परन्तु पुस्तक का वास्तविक लाभ तो तब होगा, जब जिनके लिये उसका प्रणयन हुआ है वे उसे अपनायें। मैं निश्चित रूप से कह सकता हूँ कि डॉ. बांडे ने एक बड़ी आवश्यकता की पूर्ति की है और किया है आज के युगधर्म का निर्वाह।

**'जागो फिर तुम एक बार'** की ललकार सार्थक बने। इसी इच्छा और प्रार्थना के साथ–

श्री गुरुनानक जयंती
कार्तिक पूर्णिमा, सं. २०६१
१५, संवाद नगर, इंदौर (म.प्र.)

**कृष्णकुमार अष्ठाना**
सम्पादक देवपुत्र
एवं
अध्यक्ष, राष्ट्रगुरु श्री समर्थ विचार मंच



# पुरस्कार

इंदौर स्थित 'राष्ट्रगुरु श्री समर्थ रामदास विचार मंच' ने हिन्दीभाषी समाज का श्री समर्थ रामदास के जीवनकार्य तथा साहित्य से परिचय करा देने का मानों बीड़ा ही उठा लिया है। सर्व प्रथम श्री समर्थ का विस्तृत जीवन चरित्र विचार मंच द्वारा प्रकाशित किया गया। उसके पश्चात 'दासबोध दर्शन' यह श्री समर्थ रचित दासबोध का परिचय करा देने वाला अतिशय सुंदर ग्रंथ विचार मंच द्वारा गत वर्ष प्रकाशित किया गया। विचार मंच के अध्यक्ष श्री कृष्णकुमार अष्ठाना, सदस्यगण श्री जयंत कुलकर्णी, श्री प्रमोद कुलकर्णी, श्री श्रीकांत कलवडे तथा मार्गदर्शक श्री गोपालराव येवतीकर इस प्रकाशन कार्य में तथा ग्रंथों के वितरण में कितने प्रयत्न करते हैं तथा कष्ट उठाते हैं, यह मैं विगत २-३ वर्षों से स्वयं देख रहा हूँ।

श्री समर्थ अपने पीछे साहित्य का एक विशाल भंडार छोड़ गये हैं। 'छात्रो देवो भवः' यह बोधवाक्य अपने सम्मुख रखकर विद्यार्थियों के लिये विशेष रूप से तैयार की गई यह पुस्तक अब आपके हाथ में है। पुस्तक के पूर्वार्द्ध में मा.प्र.ग. तथा भैयाजी सहस्त्रबुद्धे द्वारा विद्यार्थियों के लिये लिखा गया श्री समर्थ का जीवन चरित्र और उत्तरार्द्ध में 'विद्यार्थ्यांचे रामदास' इस मेरी मराठी पुस्तक का मुक्त भावानुवाद, ऐसा इस पुस्तक का स्वरूप है। भावानुवाद करते समय मेरे मित्र डॉ. मोहन बांडे ने लिये हुए श्रम सहज ही ध्यान में आ जाते हैं। श्री समर्थ के वचनों के साथ-साथ आधुनिककालीन कुछ सुप्रसिद्ध हिन्दी रचनाएं भी उन्होंने दी होने के कारण आज भी श्री समर्थ के विचार विभिन्न विचारक अपने-अपने शब्दों में किस प्रकार व्यक्त करते हैं, यह स्पष्ट हो जाता है। यह ग्रंथ यानी विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास का शब्दबद्ध किया हुआ शिक्षावर्ग ही है। अपनी दृष्टि के सम्मुख छात्रहित रखकर विद्यार्थियों के लिये कम कीमत में यह पुस्तक उपलब्ध कराने का विचार मंच का मानस अविचार सिद्ध नहीं होगा इसका मुझे पूर्ण विश्वास है। इस संदर्भ में मा.

अष्ठानाजी द्वारा 'देवपुत्र' मासिक पत्रिका के माध्यम से की जा रही भारतमाता की सेवा प्रशंसनीय है। उनके सहयोग से विचार मंच का यह नया प्रकाशन हिन्दीभाषी विद्यार्थियों तक अधिकाधिक संख्या में पहुंच सकेगा, यह विश्वास है। डॉ. मोहन बांडे तथा मंच के सभी सदस्यों को अंतःकरणपूर्वक धन्यवाद।

कार्तिक शुद्ध ग्यारस
प्रबोधिनी एकादशी, सं. २०६१


आपका
**सुनील चिंचोलकर**
अजिंक्य नगर-बी,
सिंहगढ़ रस्ता, हिंगणे खुर्द
पुणे - ४११०५१
दूरभाष - २४३४८०७०



।। जय जय रघुवीर समर्थ ।।

# श्री समर्थ रामदास

**(संक्षिप्त जीवन चरित्र)**



।। जय जय रघुवीर समर्थ ।।

# १. रामजी की राह

साढ़े तीन सौ वर्ष पूर्व की बात है। एक छत्तीस वर्ष का तरुण संन्यासी चाफल गांव में प्रविष्ट हुआ। चाफल गांव छोटी-सी मांड नदी के किनारे बसा हुआ है। वर्तमान सातारा जिले में यह गांव है।

घर के सामने रुककर वह ऊंची आवाज में श्लोक सुनाता था -

**सदासर्वदा राम में प्रीति राखो। यशश्री सदानंद आजन्म चाखो।।**
**दुःखों की न चिंता कभी भी विचारो। प्रभु राम को चित्त में नित्य धारो।।**

फिर वह ललकारता था - **'जय जय रघुवीर समर्थ'।**




शरीर पर भगवा वस्त्र था। कंधे पर भिक्षा की झोली थी, एक हाथ में कमंडल था, दूसरे में कुबड़ी थी। पैरों में खड़ाऊं थे। मुखमुद्रा तेजस्वी थी। वाणी में प्रभाव था।

गृहिणी एक बड़े बर्तन में चावल ले आई और भिक्षा देने लगी। तब संन्यासी ने कहा - "एक मुट्ठी माई, केवल एक मुट्ठी दीजिए, अधिक लेने की हमारी पद्धति नहीं है।"



गांव के बाहर बरगद का पेड़ था। उसके नीचे संन्यासी ने अपना डेरा जमाया। धूनी रमाई। नित्य के अनुसार वे ध्यानस्थ होकर बैठ गए। जब उन्होंने आंखें खोलीं, तब उन्हें सामने के टीले पर बड़ी भारी धनुष्यधारी श्रीरामजी की मूर्ति दिखाई दी। फिर से वे ध्यान लगाकर बैठ गए। थोड़ी देर बाद जब आंखें खोलीं, तब वही मूर्ति उन्हें दिखाई दी। यह साक्षात्कार तिबारा हुआ, तब उन्होंने पूछा -

"प्रभो, आपकी क्या इच्छा है?"

रामजी ने कहा - "मैं यहां रहना चाहता हूं। मेरी यहां स्थापना करो।"

गांव में बात फैल गई, कोई त्यागी विरागी संन्यासी आया है। कंठ मधुर है, वाणी प्रभावी है। लोग जुटने लगे। किसी ने पूछा, "महाराज आप कौन हैं?"

संन्यासी ने कहा - "मैं राम का दास।"

"आप कहां से आए हैं? कहां जाएंगे?"

"रामचरणों से आया हूँ। रामचरणों में ही जाना है।"

फिर किसी ने कहा, "अरे यह व्यावहारिक बातें रहने दो। महाराज कोई भजन सुनाइए। उपदेश दीजिए।"

संन्यासी ने खड़ी आवाज में कहा -

**गणाधीश जो ईश सब ही गुणों का। गुणातीत का ज्ञानदाता जनों का।।**
**करें वंदना प्रार्थना शारदा की। चलें राह दिव्या प्रभु रामजी की।।**

जय जय रघुवीर समर्थ।

सैकड़ों श्रोता जुट गए। सबने दोहराया, जय जय रघुवीर समर्थ।

वातावरण बदल गया। समां बंध गई। संन्यासीजी रामायण की कथा सुनाने लगे। उन्होंने रावण के राज्य का वर्णन किया। चारों ओर हा-हा मची थी। सर्वत्र अनाचार, अत्याचार और दुराचार ही नजर आते थे। राक्षस आते थे। लूटपाट मचाते थे। औरतों को उठाकर भगा ले जाते थे। उन्हें कोई रोकने वाला नहीं था। पृथ्वी कांपने लगी, रोने लगी, गाय का रूप लेकर वह ब्रह्मदेव के पास गई। ब्रह्मदेव उसे लेकर भगवान विष्णु के पास पहुंचे। भगवान ने आश्वासन दिया, मैं आऊंगा, दशरथ राजा के घर जन्म लूंगा और दुष्टों को दंड देकर सज्जनों का पालन करूंगा। अधर्म को रोककर धर्म की प्रतिष्ठापना करूंगा।

राम पंचवटी में रहने लगे।

मनुष्यभक्षी चौदह हजार राक्षसों का उन्होंने निःपात किया।

रात के बारह बजे कथा समाप्त हुई। श्रोतागण सद्भाव भरे अंतःकरणों से घर लौटने लगे। आप ही आप उनके मुखों से उद्गार निकलने लगे -

''वाणी में क्या प्रभाव है। इन्हें वाचासिद्धि प्राप्त है। बोलते क्या हैं, जैसे गंगाजी का प्रवाह बहता है।''

''हूबहू शब्दचित्र खींचते हैं। सबको लग रहा था, इस समय भारतभर में रावण का ही राज्य चल रहा है।''

''संन्यासी की वाणी सच होगी। राम आएंगे, अवश्य आएंगे।''

''उन्होंने कहा है हमें आर्तस्वर से पुकारना होगा, हमें रामभक्ति करनी होगी। हमें आपसी झगड़े मिटाने होंगे, एकता निर्माण करनी होगी।''

''कहा तो उन्होंने सच, परन्तु यह प्रत्यक्ष कैसे होगा?''

''ऐसे महात्माओं के वचन झूठे नहीं होते। उनके मुख से ईश्वर ही बोलता है। वे सबको रामजी की राह पर ले जाना चाहते हैं।''

ऐसी चर्चा करते हुए लोग अपने-अपने घर पहंचे। उनके कानों में संन्यासी के स्वर गूंज रहे थे।

''चलें राह दिव्या प्रभु रामजी की।''

उस रात अनेकजनों ने रामजी के आगमन के स्वप्न देखे।

## २. मंदिर के लिए स्थान

दूसरे दिन जब गांव के लोग स्वामीजी के दर्शन करने आए, तब स्वामीजी ने हाथ जोड़कर कहा, ''मुझे एक भिक्षा चाहिए।''

गांव के साहूकार ने कहा, ''आप जो भी कहो गेहूं, चावल, घी, गुड़, सब आपके चरणों में उपस्थित होगा।''

एक किसान ने कहा, ''मेरे घर भैंसें हैं, गायें हैं, जितना चाहे उतना दूध, दही, मक्खन मैं ले आऊंगा।''

स्वामीजी ने कहा, ''आप बड़े दयालु हैं, दानी हैं। मैं आपको धन्यवाद देता हूँ, परन्तु मुझे मेरे लिए कुछ नहीं चाहिए। मैं यहां प्रभु रामचंद्र का मंदिर बनवाना चाहता हूं। वैसा मुझे प्रभु का आदेश मिला है। उसके लिए मुझे भूमि चाहिए। बताइए कौन-सी जमीन देते हो?''



अब वे सब एक-दूसरे का मुख ताकने लगे और आपस में कहने लगे, ''मैं अवश्य देता पर, उसी पर तो मेरे परिवार का गुजारा चलता है।''

''मेरी जमीन बहुत दूर है।''

''मेरी जमीन बहुत अधिक उपजाऊ है।''

''मेरी जमीन बहुत छोटी है।''

तब गांव के मुखिया ने कहा, ''महाराज, यहां हर किसी का जीवन उसके खेत पर निर्भर है। अतः खेती में लगी भूमि कोई भी देने की हिम्मत नहीं करेगा। आप अप्रसन्न न हों, तो मैं एक सुझाव देना चाहता हूँ।''

स्वामीजी ने कहा, ''अवश्य कहो, बेझिझक कहो।''

मुखिया ने कहा, ''सामने मांड नदी बह रही है। उस पार जो बड़ा-सा टीला दिखाई दे रहा है, वह किसी समय गांव की दहन भूमि थी। वह आजकल निरुपयोगी है। आप चाहें तो वह भूमि हम आपको मंदिर बनवाने के लिए दे सकते हैं।''

स्वामीजी ने कहा, ''वाह भाई वाह, इससे अच्छी जगह और कौन-सी हो सकती है? श्मशान में तो भगवान शंकर का निवास रहता है और वे नित्य राम नाम का जाप किया करते हैं। वे अवश्य प्रभु रामचंद्र का स्वागत करेंगे। तुलसीदासजी ने जो कहा है, वह तो आप लोग जानते ही होंगे।''

**एहिमंह रघुपति नाम उदारा। अति पावन पुराण श्रुति सारा।**
**मंगल भवन अमंगल हारी। उमा सहित जेहि जपु त्रिपुरारी।।**

अर्थात् श्रीरामजी का नाम सबसे बड़ा है और वह सब कुछ देता है। वह अतिपवित्र है। वह वेद-पुराणों का सार है। वह अमंगल को मंगल बना देता है। उस राम नाम को पार्वती सहित शिवजी नित्य जपते रहते हैं।

**राम प्रभाउ जान शिवजी के। कालकूट फल दीन्ह अमीके।।**

भावार्थ - राम नाम का प्रभाव शिवजी भली-भांति जानते हैं। उसके परिणामस्वरूप ही कालकूट ने उन्हें अमृत का फल दिया।

**नाम प्रसाद शंभु अविनाशी। साज अमंगल मंगलराशि।**

भावार्थ - राम नाम के प्रसाद से ही शिवजी अविनाशी हो गए हैं। वे श्मशान में रहते हैं, चिता भस्म लगाते हैं, मुंडमाला पहनते हैं। भूत-प्रेत, पिशाच उनके सहचर हैं। इस प्रकार शिवाजी मानों अमंगल की गठरी हैं, परन्तु राम नाम ने उन्हें परममंगल की राशि बना दिया है।

ठीक उसी प्रकार राम के मंदिर से इस श्मशान भूमि का नंदनवन बनेगा। प्रभु

रामजी के यहां आने से हमारे देश में क्रांति का सूत्रपात होगा।

आओ, सब मिलकर हम उस प्रभु का भजन गायें -

**कल्याण करो रामराजा। होगा जनहित कैसे।**
**जल बिन मछली तड़प तड़पती। दीन-दुःखी जन वैसे।। कल्याण करो...**
**आए हैं सब शरण तुम्हारे। तुम हो मात-पिता से।। कल्याण करो...**
**कठिन कठिनतर जानो दूभर। तारक नहिं तुमसे।। कल्याण करो...**
**जाएं कहां क्या करें न सूझे। करें भी तो कैसे।। कल्याण करो...**
**दास कहे बस सब कुछ पाया। दयामेह बरसे।। कल्याण करो....**

## ३. मंदिर बन गया

दूसरे ही दिन कुल्हाड़ी हाथ में लिए संन्यासीजी श्मशान भूमि पर पहुंचे। वे पेड़ काटने लगे। ऐसा लग रहा था मानो भगवान परशुराम फिर से आ गए हैं। गायें चराने वाले ग्वालों ने जब उन्हें देखा वे बहुत आकर्षित हुए। उन्होंने पूछा - ''बाबा, आप यहां क्या कर रहे हैं?''

स्वामीजी ने कहा ''यहां भगवान राम का मंदिर बनेगा।''

यह सुनकर ग्वाले आनंद से उछल पड़े। उन्होंने कहा, ''बाबाजी आप केवल बताइए कि क्या करना है। यह साफ-सफाई का काम हम पर छोड़ दीजिए।''

वे अपने घरों से कुल्हाड़ियां, फावड़े, कुदालियां ले आए और बड़े उत्साह से काम करने लगे। पहले दिन बीस लोगों ने काम किया। दूसरे दिन गांव के अन्य युवक आ जुटे, तब साठ लोग काम करने लगे। चौथे दिन काम करने वाले दो सौ लोग उपकरण ले-लेकर उपस्थित हुए। अब आसपास के दूर-दूर के लोग वहां जुटने लगे और प्रतिदिन चार-पांच सौ लोग काम करने लगे।

झाड़-झंखाड़ कंटीले पौधे सब उखाड़ दिए गए। अब वहां बड़े-बड़े पत्थर थे। उन्हें हाथ लगाने में गांव के लोग डरते थे। वह कहते थे इनमें भूत-प्रेत, पिशाच हैं। इन्हें हाथ लगाने पर ये हमें पकड़ लेंगे, हमें पछाड़ेंगे, हमारा कोई अनिष्ट होगा।

स्वामीजी ने कहा - ''अरे भाई, उसका बहुत सरल उपाय है। बोलो, बजरंगबली की जय। सबने गर्जना की बजरंगबली की जय।''

जानते नहीं हो - **भूत-पिशाच निकट नहिं आवे। महाबीर जब नाम सुनावे।**

तब स्वामीजी ने उन सिंदूर लगी छोटी-बड़ी शिलाओं को साष्टांग दंडवत प्रणाम किया और कहा ''ए भूत प्रेत पिशाचों, मैं तुम्हें दही-चावल का नैवेद्य समर्पित करता



हूं और प्रार्थना करता हूं कि तुम यहां से चले जाओ, तुम्हारा उद्धार होगा। तुम्हें एक-एक को हटाते समय हम प्रभु रामचंद्रजी की जय बोलेंगे, उसे सुनते ही तुम मुक्त हो जाओगे।''

स्वामीजी ने स्वयं 'भगवान रामचंद्रजी की जय' कहते हुए एक बड़ा पत्थर उठाया और नदी में फेंक दिया। यह देख सबका भय जाता रहा, उनमें उत्साह आ गया। सब मैदान साफ-सुथरा हो गया। शिल्पकार आ गए, विश्वकरमा आ गए। लकीरें खिंच गई। मंदिर का मानचित्र बनाया गया। नींव खुद गई। दीवारें उठने लगीं। सुंदर सभागृह बना। छत का काम पूर्ण हो गया। शिखर बन गया, कलश चढ़ गया, परन्तु अभी मूर्ति नहीं आई। प्रतिष्ठापना कब होगी? मूर्ति कहां से आएगी? चलो स्वामीजी से पूंछें। परन्तु स्वामीजी मुकाम पर थे नहीं। वे कहीं अन्यत्र चले गए थे।

## ४. मूर्ति आ गई

पिछले कुछ दिनों से स्वामीजी एक पेड़ के नीचे बैठकर आर्त हृदय से गाते थे।

**प्रभु तुम आवो, चरण दिखावो।।**
**रघुकुल के तुम मुकुटमणि हो। जनक दुलारी के तुम पति हो।**
**पतितजनों के उद्धारक हो। पीड़ा की यह आग बुझावो।**
**।। प्रभु ।। तुम अपने चरण दिखावो।।**
**दुःखमग्न है सारी जनता। अन्तर्यामी तुम सब ज्ञाता।**
**बिना तुम्हारे कोई न त्राता। करुणा की बरखा बरसावो**
**।। प्रभु ।। तुम अपने चरण दिखावो।।**

इस प्रकार गाते-गाते वे ध्यानमग्न हो जाते थे। एक दिन उन्हें साक्षात्कार हुआ और स्पष्ट रूप से शब्द सुनाई दिए। ''मैं बहुत दिनों से यहां पड़ा हूं और तुम्हारी राह देख रहा हूं। मुझे निकालो और ले जाओ। अंगापुर गांव के पास कृष्णा नदी के गहरे जल में मैं फंसा हूं। किनारे पर जो सबसे ऊंचा पीपल का पेड़ है, उसी की सीध में मुझे खोजना।''

अब क्या था। स्वामीजी झट से उठे और अपने एक-दो शिष्यों को साथ लिए अंगापुर पहुंचे। वे उत्तम तैराक थे और जल स्तंभन विद्या भी जानते थे। चार-पांच गोते लगाते ही उनके हाथ मूर्ति लग गई। मूर्ति में रस्सा बांधकर उसे ऊपर खींचा गया। मूर्ति सुंदर थी। सबको बड़ा आनंद हुआ।



तब तक अंगापुर गांव में खबर फैल गई। कोई संन्यासी आया है। वह नदी में पड़ी मूर्ति बाहर निकाल रहा है। गांव के छोटे-बड़े वहां देखने के लिए पहुंच गए। जब मूर्ति निकल आई और स्वामीजी उसे ले जाने के लिए उद्यत हुए, तो एक अंगापुर निवासी ने आगे बढ़कर कहा - ''मूर्ति हमारी है। आप इसे अन्यत्र कैसे ले जाएंगे?''

स्वामीजी ने कहा, ''मूर्ति तो आप जैसी बिल्कुल नहीं दिखती, जरा ठीक से देखिए।''

तब महाशयजी ने कहा, ''मूर्ति हमारे गांव की है। उस पर इस गांव का अधिकार है।''

तब स्वामीजी ने उनसे कुछ कड़े शब्दों में पूछा - ''अच्छा, तो अब तक तुम्हारी सुध-बुध कहां गई थी? यह प्रभु की मूर्ति नदी में किसने फेंकी? क्यों फेंकी? क्या भगवान की पूजा करने का यही तरीका है? जहां दस-बीस मुसलमान सिपाही आए नहीं, तुम जंगल में भाग जाते हो, मंदिरों को टूटने देते हो। मूर्तियों को नष्ट, भ्रष्ट होने देते हो, मुसलमान आक्रमक तुम्हारी बहू-बेटियों तक को उठा ले जाते हैं और तुम हाथ मलते बैठे रहते हो। कायर, डरपोक कहीं के। बड़े आये मूर्ति पर अधिकार बताने वाले। चाफल ग्राम में मंदिर बन रहा है, मैं इस मूर्ति की वहां स्थापना करने वाला हूं। विरोध करने की जिसकी हिम्मत हो वह सामने आए।''



जब स्वामीजी ने इस प्रकार ललकारा तब कोई भी सामने नहीं आया। स्वामीजी की उग्र मुखचर्या और बलदंड शरीर देखकर सब सकपकाए। फिर उन्हीं में से एक प्रौढ़ सज्जन ने कहा - ''आप इसे अवश्य ले जाइए। अच्छे कार्य में बाधक होने का कलंक हमारे गांव पर न लगे।''

तब संन्यासी ने उस मूर्ति को कंधे पर उठाया और वे उसे चाफल ले आए। कुछ कवियों ने इस प्रसंग को चमत्कार का रूप दिया है। वे लिखते हैं - जब गांव के लोगों ने हठ पकड़ा कि मूर्ति हमारे गांव में रहेगी, तब स्वामीजी ने कहा, जैसी प्रभु की इच्छा होगी वैसा होगा। उन्हें आपका गांव पसंद हो तो वे आपके साथ आएंगे। उन्हें चाफल रहना पसंद हो, तो वे वहां पहुंचा दिए जाएंगे। मेरे लिए तो सब गांव समान हैं। तो उठाओ इसे और ले जाओ जहां भी चाहते हो।

ऐसा कहकर स्वामीजी ने मूर्ति को नीचे रख दिया। एक आदमी आगे बढ़ा और उस मूर्ति को उठाने लगा, परन्तु बहुत जोर लगाने पर भी वह मूर्ति उठा न सका। तब दो-चार जवान आगे बढ़े। मूर्ति को उठाना तो दूर रहा, वे उसे हिला तक नहीं पाए। दूसरे चार छह आए पर मूर्ति नहीं हिली, नहीं हिली।

अंत में सब अंगापुर निवासी लज्जावनत हो गए। उन्होंने स्वामीजी के चरण छूकर कहा, ''हमसे भूल हो गई, महाराज, हमें क्षमा करें। आप जहां भी चाहें, मूर्ति को ले जाइए।'' जैसी प्रभु की इच्छा कहकर स्वामीजी ने सहज रूप में उस मूर्ति को उठाया, कंधे पर लिया और वे चाफल की ओर चल दिए।

## ५. नए युग का सूत्रपात

''आए आए स्वामीजी आए। उनके कंधे पर मूर्ति भी दिखाई दे रही है।'' कार्यकर्ताओं में हर्ष की लहर दौड़ पड़ी। सबने उनका स्वागत किया।

मंदिर के सम्मुख बड़ी भारी दीपमाल बनाई गई। आजू-बाजू में फूलों के पौधे तथा फलों के वृक्ष लगाए गए। पीछे तथा सम्मुख दास हनुमान-वीर हनुमान की प्रतिष्ठापना की गई। शुभ मुहूर्त पर प्रभु रामचंद्रजी मंदिर में अधिष्ठित हुए। रात-दिन भजन-कीर्तन चलते रहे। हजारों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। सब दूर आनंद तथा उत्साह की लहर दौड़ पड़ी। लोगों में आत्मविश्वास उत्पन्न हुआ। सब कहने लगे, 'रामजी आए हैं, नया युग लाए हैं।'

वास्तव में ही वह नवयुग निर्माणकारी कार्य था। जब सब दूर मंदिर उध्वस्त हो रहे थे, मूर्तियां फोड़ी जा रही थीं, तब स्वामीजी ने राम मंदिर का निर्माण किया। जहां विवाह तक चोरी-छिपे होते थे, वहां नगाड़े बजा-बजाकर धूमधाम से उत्सव

मनाया गया। जहां चार-छह लोग भी एकत्र आने में डरते थे, वहां हजारों लोग एकत्र आए, गाए, नाचे, उछले, कूदे, बैठे, जी में और हृदय में ध्येय की ज्योति प्रज्ज्वलित कर घर लौटे। यह था क्रांति का बीजारोपण। वह केवल राम की मूर्ति नहीं थी, उसमें समाया था भारत का इतिहास और उज्ज्वल भविष्य। धर्म, संस्कृति, राजनीति, इच्छा, आकांक्षा, अस्मिता, श्रद्धा आदि सब बातों का निर्देशन थी, वह चाफल की राममूर्ति। उस मूर्ति ने और उसके प्रीत्यर्थ किए गए महोत्सव ने भीरूता, जड़ता, अकर्मण्यता तथा अगतिकता को भगा दिया और जनमानस में प्रभु रामचंद्र की मूर्ति स्थापित की। फलस्वरूप समाज में शौर्य, धैर्य, पराक्रम, अन्याय का प्रतिकार आदि के विचार उठने लगे।

जिस संन्यासी ने यह महान कार्य संपन्न किया, वही है रामदास, समर्थ रामदास, राष्ट्रगुरु रामदास, छत्रपति शिवाजी महाराज के मार्गदर्शक रामदास। वे ठोसर कुल के सूर्याजी पंत के कनिष्ठ पुत्र थे। उनका नाम था नारायण।

# ६. हनुमानजी के अवतार

महाराष्ट्र के बीड़ जिले में जांब नाम के गांव में ठोसर उपनाम का एक ईशभक्ति परायण संभ्रांत परिवार रहता था। उनमें सूर्याजी पंत विशेष प्रसिद्ध थे। उनकी पत्नी का नाम राणूबाई था। दोनों पति-पत्नी सूरज की तथा प्रभु श्रीराम की नित्य उपासना करते थे। उन्हें शालिवाहन शक संवत् १५२७ में अर्थात् ईस्वी सन् १६०५ में एक पुत्र प्राप्त हुआ। उसका नाम उन्होंने गंगाधर रखा। आगे चलकर वह श्रेष्ठ नाम से विख्यात हुए। राणूबाई उठते, बैठते, भोजन करते समय, यहां तक कि नींद में भी श्रीराम जयराम जय जय राम मंत्र का जाप किया करती थीं। राम की कृपा से सन् १६०८ ईस्वी में अर्थात् शक संवत् १५३० में चैत्र शुक्ल नवमी के दिन उन्हें दूसरा पुत्र प्राप्त हुआ।

सूर्याजी पंत रामजन्मोत्सव में सम्मिलित होने के लिए मंदिर में गए थे। तन्मय होकर उन्होंने राम जन्म की कथा सुनी। प्रसाद लेकर जब वे घर लौटे तब उन्हें पता चला कि दोपहर में बारह बजे, ठीक राम जन्म के समय पर अपने घर भी पुत्र का आगमन हुआ। घरभर में आनंद उमड़ पड़ा।

ज्योतिषियों ने जन्मपत्री बनाई और भविष्य सुनाया -



''आपका यह पुत्र बड़ा तपस्वी होगा। यह दिग्दिगन्त में राम की ध्वजा फहराएगा। यह महान कवि तथा संगठक होगा। अपनी वाणी से यह देश में नवचैतन्य निर्माण करेगा। यह ठोसर कुल का नाम उज्ज्वल करेगा, परन्तु यह चार दीवारों में बंद रहना पसंद नहीं करेगा। पूरा देश इसका घर बनेगा। मैं आपको बधाई देता हूं।''

सूर्याजी पंत ने अपने इस पुत्र का नाम नारायण रखा। यथाक्रम नारायण बड़ा हुआ। वह घर-आंगन में नाचने-कूदने लगा, तरह-तरह की बाललीलाओं से माता-पिता को नित्य नया आनंद देने लगा। कभी वह आटे का डिब्बा सिर पर औंधा कर लेता था, कभी पानी से भरी गागर उंडेल देता था, कभी चूल्हा बुझाता था, तो कभी बछिए को छोड़ देता था। उसका नटखटपन बढ़ता ही जा रहा था।

सूर्याजी पंत ने सोचा कि इसे पैठण ले जाया जाए। वहां इसके नाना के गुरु एकनाथ महाराज का भक्तिपीठ है। एकनाथ महाराज के उत्तराधिकारी भी सत्पुरुष हैं। कदाचित वे इसे कुछ शांत करेंगे।

गद्दी पर बैठे महाराज इस बालक को देख स्वयं आगे बढ़े। उन्होंने कहा - ''तुम भाग्यवान हो। इसमें ईश्वरीय अंश हैं। मैं इसके मस्तिष्क पर तेजोवलय देख रहा हूं।''

जब माता-पिता ने उसकी हरकतों का वर्णन किया, तब वे हंस दिए। उन्होंने कहा - ''यह तो कुछ भी नहीं है। आगे चलकर यह अघटित, अद्भुत काम करेगा। यह समझिए कि आपके घर साक्षात् हनुमानजी पधारे हैं।''

महाराज ने नारायण के मस्तक पर हाथ रखकर सहलाया, थपथपाया और उसे आशीर्वाद देकर अपने हाथों से भगवान का प्रसाद खिलाया।

सूर्याजी पंत और राणूबाई अपने पुत्रों को लिए जांब लौट आए। नारायण छह साल का हो गया। सूर्याजी पंत ने उसका व्रतबंध अर्थात् जनेऊ करवाया। वे स्वयं उसे शिक्षा देने लगे। उसकी धारणा शक्ति बहुत तेज थी। एक बार सुनते ही उसे वह पाठ कंठस्थ हो जाता था। अल्पकाल में उसने रूपावलि, समासचक्र, अमरकोश आदि याद कर लिए। दिनभर की पढ़ाई वह थोड़े से समय में पूर्ण कर लेता था और फिर मनचाहे यहां-वहां विचरता था। वह नदी में तैरता था और पहाड़ों की चोटी पर जा बैठता था। उसके मन में तरह-तरह के प्रश्न उठते थे, यह पानी कैसे बरसता है? पानी के बरसते ही सब दूर हराभरा क्यों हो जाता है? पेड़-पौधे, घास आदि सब कैसे उगते हैं? आकाश के तारे अपने स्थान पर कैसे बने रहते हैं? चंद्र प्रतिदिन क्यों घटता-बढ़ता है? तारे गिरते क्यों नहीं? सूर्य इतनी ऊष्णता कहां से पाता है? मृत्यु के बाद मनुष्य कहां जाता है? लोग कहते हैं, भगवान के घर चला गया।

ये भगवान कौन हैं? कहां हैं? क्या उसे देखा जा सकता है? लोग-बाग मंदिरों की मूर्तियों को भगवान कहते हैं, वे न चलती हैं न हिलती हैं फिर इस विश्व को चलाने वाली शक्ति कौन सी है? इस प्रकार के कई प्रश्न नारायण के मन में उठते थे। वह उन्हें अपने पिताजी से पूछता था। पिताजी शास्त्रों के आधार पर उसके हर प्रश्न का उत्तर देते थे और उसे समझाते थे।

आनंदित होकर वे मन में कहते, "अहाहा! मेरा यह पुत्र कितना बुद्धिमान है। मैं उसे खूब पढ़ाऊंगा। सब शास्त्र विद्या तथा कला इसे सिखाऊंगा। इसे मैं काशी भेजूंगा।" ऐसी अनेक योजनाएं उन्होंने अपने मन में संजोयी थीं, परन्तु हाय, मनुष्य एक सोचता है और दैव में कुछ दूसरा ही लिखा रहता है। सूर्याजी पंत एकाएक ईश्वर को प्रिय हो गए। सारे परिवार पर दुःख के पहाड़ टूट पड़े। राणूबाई ने बहुत शोक किया, परन्तु ईश्वरी इच्छा को मानकर तथा अपने दोनों पुत्रों की ओर देखकर वह कुछ संभल गईं।

## ७. नटखट नारायण

पिताजी के चले जाने से नारायण को रोक-टोक करने वाला अब कोई नहीं बचा। वह अधिकतर समय खेलकूद में बिताता था। गिलहरी के समान चपल गति से वह पेड़ों पर चढ़ता था और बंदर के समान एक डाल से दूसरी डाल पर कूदता-फांदता था। वह घंटों तक नदी में तैरता था तथा दौड़ता हुआ पहाड़ी पर चढ़ता था।

छोटे बच्चे रात अंधेरे में बाहर जाने में डरते हैं, परन्तु डर नाम की कोई बात नारायण को ज्ञात नहीं थी। वह स्वयं दूसरों को डराता था। एक बार रात्रि के समय वह एक पेड़ पर जा बैठा। पड़ोस में रहने वाले एक महाशय अपने आपको बहुत शूरवीर बताते थे। संयोगवश वे उस पेड़ के नीचे से जाने लगे। नारायण ने बड़ी जोर से 'हूं हूं' की आवाज लगाई। तब वे बहुत घबरा गये और 'भूत-भूत' कहकर भागने लगे। वे गिर पड़े और जोर से चिल्लाए बचाओ, आस-पड़ोस के लोग वहां पहुंचे। कुछ लोग दीये ले आए। किसी ने कहा, ऊपर अवश्य कोई बैठा है। तब एक ने मशाल जलाई तब सबने कहा - "अरे यह तो नारायण है।"

नारायण हंसता हुआ नीचे उतर आया। पड़ोसी ने पूछा - "नारायण तुम वहां क्या कर रहे थे?"



नारायण ने कहा - "मैं भूत को तलाश रहा था।"

एक बार वह एक खेत में पहुंचा। वहां ज्वार अर्थात् जुंडी के ढेर लगे थे। कुछ ज्वार बोरों में भरी थी और कुछ भरी जा रही थी। किसान ने मजाक करते हुए पूछा, "बोलो क्या चाहते हो, ज्वार चाहिए?"

नारायण ने कहा, "आप देते हो तो मैं क्यों ना कहूं?"

किसान ने कहा, "भरा हुआ बोरा पीठ पर लादो और जितने चाहे ले जाओ।"

नारायण आगे बढ़ा और उसने भरा हुआ बोरा पीठ पर उठा लिया। सब लोग हक्का-बक्का होकर देखने लगे। इस लड़के में इतनी शक्ति होगी, ऐसी किसी ने कल्पना तक नहीं की थी।

नारायण वह बोरा घर ले आया। किसान दौड़ा-दौड़ा राणूबाई के पास पहुंचा और शिकायत करने लगा। राणूबाई नारायण पर बिगड़ने लगीं।

नारायण ने कहा, "माँ मैंने चोरी थोड़ी की है। इन्होंने ही कहा था बोरा उठाकर ले जाओ, चाहे जितने ले जाओ, तब मैं उठा लाया। पूछो इनसे।"

किसान ने अपने नौकरों से वह बोरा उठवाया और वह खेत पर वापस ले आया। तब तक नारायण दूसरा बोरा लिए घर पहुंचा और थोड़ी देर बाद तीसरा बोरा भी ले आया। तब किसान दौड़ता-गिड़गिड़ाता आया और उसने नारायण के चरण छूकर कहा, "मुझे क्षमा करो। मैंने हंसी-मजाक में कहा था। मैं मान गया तुम महाबली हनुमान हो। मुझ पर दया करो।"

नारायण के साथ सदैव उसकी मित्र मंडली जुटी रहती थी। उसके इशारे मात्र से वे सब बड़े से बड़ा काम थोड़े ही समय में पूर्ण कर देते थे। एक बार गांव में कोई उत्सव था। अन्य सब बातों का प्रबंध हो गया था, परन्तु पानी की व्यवस्था नहीं हुई थी। बड़े-बूढ़े चर्चा कर रहे थे, क्या करें? कैसा करें? नहीं तो बड़ी फजीहत होगी?

नारायण ने वह सुन लिया।

जब सब लोग चले गए तब मध्यरात्रि में उसने अपने मित्रों को बुलाया। साठ-सत्तर छोटे-बड़े बालक जा जुटे। सब गागर, कलशा, बाल्टियां ले आए। चार घंटों में पानी के हौज लबालब भर गए। फिर वे सब अपने-अपने घर जाकर सो गए।

सुबह संयोजकों ने आकर देखा कि कल्पना भी नहीं कर सकते थे, इतना पानी भरा है। सब चकित हो गए, तब पता चला कि यह सब नारायण ने किया है। वे सब राणूबाई के पास पहुंचे। राणूबाई ने कहा "क्या आप लोग नारायण की कोई शिकायत लेकर आए हो?"

संयोजकों ने कहा - ''नहीं अम्मा, हम तो उसे धन्यवाद देने आए हैं।''

राणूबाई ने कहा - ''वह तो अभी सोया पड़ा है।''

संयोजक ने कहा - ''रातभर परिश्रम किया तो सोएगा नहीं?'' उन्होंने राणूबाई को सब घटना सुनाई। सुनकर राणूबाई को आनंद हुआ।

एक ग्वाला गांव के लड़कों को बहुत सताता था। उसके पास बहुत सारी भैंसें तथा गायें थीं, परन्तु वह अपने घर के बच्चों को भी दूध नहीं पिलाता था। उन्हें कभी मक्खन नहीं खिलाता था। नारायण के मित्र उसके पास पहुंचते और उससे दूध-दही मांगते तब वह मारने दौड़ता।

एक बार नारायण ने सोचा कि इसे सबक सिखाना चाहिए। ग्वाला लकड़ी काटने के लिए जंगल गया था। नारायण ने अपनी पूरी वानर सेना जुटाई और अपनी योजना समझाई। धड़ाधड़ काम होने लगा। ग्वाले के मकान के पास ईंट, पत्थर, बालू, मिट्टी का ढेर लग गया। तब ग्वाले के आंगन में बंधी चार भैंसों और दो गायों को उस ढेर पर चढ़ाकर ग्वाले के मकान की छत पर पहुंचाया गया। थोड़ी ही देर में ईंटें, पत्थर, मिट्टी आदि हटाकर पहले जैसा कर दिया गया। सब बालक अपने-अपने घर चले गए।

शाम हुई। ग्वाला घर आया। वह अपने घर की ओर देखता ही रह गया। मेरी भैंसें मेरे मकान की छत पर कैसी चढ़ीं? यह कैसे हो सकता है? वह मुंह बनाकर देखता ही रह गया। आस-पड़ोस के लोग जुट गए और उसकी मजाक उड़ाने लगे। एक ने कहा ''सीढ़ी ले आओ और उन्हें नीचे उतारो।''

दूसरे ने कहा, ''उनके गले में रस्सी बांधकर उन्हें नीचे छोड़ो।''

तीसरे ने कहा, ''शीघ्र नीचे धकेलो, नहीं तो छत टूट जाएगी।''

आखिर ग्वाले को पता चला कि यह नारायण का उद्योग है। वह राणूबाई के पास पहुंचा। नारायण ने उसे कहा, ''तुम यदि घर के बच्चों को प्रतिदिन दूध-दही देने का वादा करोगे, तभी तुम्हारे जानवर नीचे उतारेंगे।''

ग्वाले के हाथ जोड़कर गिड़गिड़ाते हुए कहा, ''हां बाबा, तुम जो कहो वह सब मान्य है।''

नारायण के सीटी बजाते ही गली-गली में सीटी बजी और पहले से भी अधिक संख्या में मित्रमंडली आ जुटी। देखते-देखते दीवार के पास ढेर लग गया। भैंसें तथा गायें छत पर से नीचे उतारी गईं।



# ८. लगन लगी बस ईश्वर की

इस प्रकार के अनेक उद्योग नारायण नित्य करता रहता था। प्रतिदिन किसी न किसी की शिकायत आती रहती थी। वह घर पर बहुत कम रहता था। खेलना-कूदना, अपने साथ गांव के लड़कों को जुटाना, वन में भटकना, पहाड़ चढ़ना आदि बातों में वह लगा रहता था। वह परोपकार के काम भी बहुत करता था। उसके भविष्य के बारे में राणूबाई चिंतित रहती थी। उसे वह तरह-तरह के उपदेश देती थी।

''मुझे तुम पर बड़ी आशा है। तुम किसी बात की तो चिंता किया करो।''

नारायण ने कहा ''अच्छी बात है मां मैं अवश्य चिंता करूंगा।''

उसी दिन शाम को नारायण घर के एक कोने में चिंतामग्न अवस्था में बैठा रहा। माँ ने बाहर देखा नारायण के मित्र इकट्ठा हुए हैं और खेल रहे हैं, पर उनमें नारायण नहीं है। उसने सोचा कहां गया होगा, थोड़ी देर बाद उसने घर में देखा, तो दिखाई दिया कि नारायण एक कमरे में शांत चित्त से बैठा है।

माँ ने पूछा - ''क्या बात है नारायण? यहां क्यों बैठे हो? सबके साथ खेलने क्यों नहीं गए?''

पुत्र ने कहा - ''माँ मैं चिंता कर रहा हूँ।''

माँ ने पूछा - ''किस बात की?''

नारायण ने उत्तर दिया -

**चारों ओर झड़ी लगी है भीषण संकटों की।**
**क्या होगी गति इन मायाग्रस्त मनुष्यों की।**
**क्या होगी स्थिति सब देवी-देवताओं की।**
**चिंता में चूर हूं इस सम्पूर्ण विश्व की।।**

नारायण जिस विषय को पकड़ लेता था, बस उसी की धुन उसके सिर पर सवार हो जाती थी। वह अपनी माँ के साथ पुराण सुनने जाता था और तन्मयता से सुनता था। उसने अनेक साधु-संतों की तथा भक्तों की कथाएं सुनीं। बालक ध्रुव ने उसे बहुत प्रभावित किया था। उसने माँ से कहा - ''मैं भी वन में जाऊंगा और तपश्चर्या करूंगा।''

माँ ने कहा - ''वह इतना सरल नहीं है, बड़े साहस का काम है।''

नारायण ने कहा - ''देखो मेरा साहस।''

पास में ही एक गहरा कुआं था। नारायण उसमें कूद पड़ा। माँ चिल्लाई, रोई, ''अरे कोई दौड़ो, मेरे नारायण को बचाओ।''

नारायण ने कहा - ''केवल कपाल पर थोड़ी-सी चोट आई है।''

माँ उसे घर ले आई। उसने नारायण के कपाल पर लेप लगाया। वह उसकी पीठ पर हाथ फेरती रही। वह आंखों से आंसू बहाती रही। नारायण ने उसके आंसू पोंछते हुए कहा - ''माँ तुम रोओ मत। फिर मुझे भी रुलाई आती है। अब मैं कोई भी ऊधम नहीं मचाऊंगा। मैंने नटखटपन छोड़ दिया, समझो।''

नारायण को श्लोक कंठस्थ था -

**गुरुर्ब्रह्मा: गुरुर्विष्णु: गुरुर्देवो महेश्वर:।**
**गुरु: साक्षात् परब्रह्म तस्मै श्री गुरुवेनम:।।**

उसने कई बार भजन सुनाया - गुरु बिन कौन बतावै बाट।

उसने सोचा मुझे ईश्वर को प्राप्ति करने हेतु साधना और उपासना करनी पड़ेगी। उसके लिए गुरु का मार्गदर्शन प्राप्त करना होगा। ज्ञानेश्वर के गुरु उनके बड़े भाई निवृत्तिनाथ थे। क्यों न मैं भी अपने बड़े भाई को गुरु बनाऊं? वे भी तो बड़ी योग्यता रखते हैं, तभी तो उन्हें श्रेष्ठ कहते हैं।

एक दिन उसने अपने बड़े भाई के पैर पकड़ कर कहा - ''मुझे मंत्र दीक्षा दो। मुझे उपदेश दो। आप मेरे गुरु बनो। मुझे साधना का मार्ग बताओ।''

गंगाधरजी ने बड़ी कठिनाई से अपने पैर छुड़वाए और कहा, ''मैं भी छोटा हूं और तुम भी छोटे हो। गुरुमंत्र देने के लिए तथा लेने के लिए भी योग्यता होनी चाहिए। मैं एक प्राथमिक साधक हूं और तुम हो एक नटखट उत्पाती किशोर। हम दोनों में कुछ समझ आने दो।''

जिस आयु में बच्चे मिठाई के लिए रूठते हैं, खेल, कपड़े आदि के लिए जिद करते हैं, उसी आयु में नारायण गुरुपदेश के लिए हठ कर रहा था।

गंगाधरजी ने जब बार-बार इन्कार किया, तब एक दिन नारायण घर छोड़कर भाग गया। गांव भर में भाग-दौड़ मची। रिश्तेदारों के यहां तथा आसपास के गांवों में खोजा गया, परन्तु नारायण का पता नहीं लगा।

तीसरे दिन एक गड़रिए ने आकर बताया - ''माताजी, निकट के अरण्य में जो हनुमानजी का सुनसान मंदिर है, वहां आपका नारायण ध्यान लगाकर बैठा है।''

गंगाधरजी उसी क्षण उठे और उस मंदिर में पहुंचे। उन्होंने ध्यानमग्न अवस्था में नारायण को देखा। उसे बाह्य जगत की सुधबुध नहीं थी। बड़े प्रयासों के बाद



नारायण का मन सामान्य स्तर पर लौट आया। उसने आंखें खोलीं। सामने बड़े भाई को पाया। तब उन्हें प्रणाम करते हुए कहा, ''भैया आपने मुझे उपदेश नहीं दिया, परन्तु हनुमानजी ने मुझे दर्शन दिए और रामभक्ति का आदेश दिया। तद्नुसार मैं अपना जीवन रामभक्ति में लगाना चाहता हूं।''

गंगाधरजी ने कहा - ''यह तो बड़ी अच्छी बात है। जैसा भगवान चाहेंगे, वैसा होगा, परन्तु अभी तो तुम शीघ्र चलो। हमारी माँ रो रही है।''

गंगाधर नारायण को घर ले आए। उसे देखते ही राणूबाई दौड़ पड़ी, उसने नारायण को छाती से लगाया। उसकी आंखों से आनंदाश्रु झरने लगे।

उस दिन से नारायण सदैव एक गीत गुनगुनाने लगा -

**यदि प्राप्त करना हो परमेश्वर को।**
**तो तोड़ो आप्तस्वकीयों के मायापाश को।**
**सब कुछ न्योछावर करना पड़ेगा।**
**प्राणों का भी समर्पण करना होगा।**

कभी वह हाथ जोड़कर रामजी से मांगता था -

**कोमल वाचा दो हे राम। शुद्ध कर्ममती दो हे राम।**
**समय समीक्षण दो हे राम। कार्यकुशलता दो श्रीराम।**
**हित अनहित समझा दो राम। जन सुखकारी कर दो राम।।**
**हृदय परखना दो हे राम। सबको मित्र बना दो राम।।**
**सावधानता दो हे राम। कंठस्थ सुभाषित कर दो राम।।**
**दास कहे हे सद्गुण धाम। उत्तम गुण दो हे श्रीराम।**

# ९. विवाह मंडप से पलायन

नारायण का मित्रों के साथ बाहर जाना, खेलना, कूदना, ऊधम मचाना बंद हो गया, परन्तु अब वह घंटों तक ध्यान धारणा करने लगा। वह फलाहार तथा दुग्धाहार लेने लगा। मित्र उसे बुलाने आते थे, तब वह कहता, ''नहीं मैं खेलने नहीं आऊंगा, मैं संध्यावंदन कर रहा हूं, मेरा जाप चल रहा है।''

अब राणूबाई को दूसरी चिंता सताने लगी। कहीं यह हिमालय में न चला जाए। कहीं यह साधु न हो जाए।

राणूबाई ने सोचा इसका विवाह कर देना चाहिए। विवाह हो जाने के बाद कल्पना जगत में विहार करने वाले अनेक युवक सीधे रास्ते चलने लगते हैं। हवा में

उड़ने वाले जमीन पर आ जाते हैं। ईश्वरीय भक्ति भाव छोड़कर ''नोन तेल लकड़ी'' का भाव पूछने लगते हैं। हे ईश्वर मेरे नारायण को सुधारो, उसे गृहस्थाश्रम के सन्मार्ग पर लगाओ।

राणूबाई ने अपने ज्येष्ठ पुत्र गंगाधर से विचार विनिमय किया। गंगाधर ने कहा - ''माँ नारायण को तुम सामान्य मत समझो। वह विवाह के लिए मान्यता नहीं देगा। पहले तुम उससे पूछकर देखो, फिर उस दिशा में कदम बढ़ाओ अन्यथा वह विद्रोह करेगा।''

घर में जब विवाह की बातें जोर पकड़ने लगीं, तब नारायण घर से गायब हो गया। मित्र मंडली जुट गई। सब इधर-उधर खोजने लगे। एकाएक एक की नजर पहुंची। पीपल के एक ऊंचे पेड़ पर नारायण बहुत ऊंचाई पर जा बैठा था। उसे बहुतों ने पुकारा, परन्तु न उसने उत्तर दिया और न नीचे की ओर झांका। आखिरकार गंगाधरजी आए उन्होंने कहा - ''यह ठीक नहीं है नारायण। कैसे तुम पुत्र हो? उधर माँ रो रही है और तुम रूठकर पेड़ पर जा बैठे हो। तुम्हारी इच्छा के विरुद्ध कोई तुम्हें विवाह बंधनों में नहीं बंधेगा, नीचे आ जाओ।''

तब नारायण ने वहीं से नीचे के कुएं में छलांग लगाई। सबने उसे बाहर निकाला, समझा-बुझाकर गंगाधरजी उसे घर ले आए।

कुछ दिनों तक विवाह के विषय में सबके सब चुप्पी साधे रहे। फिर एक दिन राणूबाई ने बड़े प्रेम से नारायण को अपने पास बैठाया और कोमल स्वर में कहा - ''नारायण, तुम तो मेरे लाड़ले पुत्र हो और मैं जानती हूं कि मेरे लिए तुम्हारे मन में भी बहुत प्रेम तथा आदर है, फिर क्या तुम मेरी एक छोटी-सी बात नहीं मानोगे? मेरी इच्छा है कि मैं तुम्हें एक बार विवाह चौथरे पर खड़ा देखूं। वह दृश्य मैंने एक बार देख लिया कि बस मेरी आंखें तृप्त हो जाएंगी। पुरोहितजी ने एक बार सावधान कहा और मैंने वह सुना कि बस मेरे काम तृप्त हो जाएंगे। मेरे लिए इतना करो और मैं कुछ नहीं मांगती।''

नारायण ने कहा - ''इतनी बात मैं अवश्य करूंगा। मैं विवाह चौथरे पर खड़ा रहूंगा और सावधान का उच्चारण भी सुनूंगा। तब तो तुम खुश होंगी?''

ये वाक्य सुनते ही राणूबाई के उत्साह तथा आनंद का ठिकाना नहीं रहा। उसने सोचा नवयुवक प्रथमतः नहीं-नहीं कहते ही रहते हैं। बाद में सब लीक पर चलने लगते हैं। वैसे ही नारायण का होगा। उसने आसनगांव के भानजी पंत गोसावी से बात की। उन्होंने अपनी कन्या वधू के रूप में नारायण को देना मान्य किया। तिथि तथा शुभ घटिका निश्चित हुई। दोनों तरफ से सिद्धताएं होने लगीं।



वर को लेकर बाराती आसनगांव पहुंचे। शुभमुहूर्त पर वर को चौथरे पर लाया गया। सामने अंतरपट पकड़ा गया। जैसे ही वधू दूसरी तरफ खड़ी हुई, पुरोहितजी ने कहा - ''सावधान, शुभमंगल सावधान।''

नारायण ने पुरोहित को पूछा - ''इतने जोर से सावधान क्यों कहते हो? किसे सावधान करना चाहते हो?''

पुरोहित ने कहा - ''हम तुम्हें ही सावधान किए जा रहे हैं। सतर्क हो जाओ। अब पत्नी, बच्चे, पैसा, नौकरी व्यवसाय का बोझ तुम्हें संभालना होगा।''

नारायण के मन में विचारों का तूफान उठा। वह सोचने लगा - ''मैं रुपया-पैसा कमाने तथा घर-गृहस्थी संभालने के लिए जन्मा नहीं हूं। परमेश्वर प्राप्ति मेरा ध्येय है। मैं ध्रुव बालक जैसी तपश्चर्या करना चाहता हूं। मुझे तो हनुमानजी ने रामभक्ति करने का आदेश दिया है, मैंने माँ को इतना ही वचन दिया था कि सावधान कहने तक मैं विवाहस्थल में बना रहूंगा। पुरोहितजी ने सावधान कहा कि अब मेरी छुट्टी हो गई। मैंने माँ को दिया हुआ वचन पूरा किया। अब मैं चला यहां से।''

पुरोहित आंखें मूंदकर मंगलाष्टक गा रहे थे। शानदार मंडप लगा हुआ था। कीमती कपड़े तथा गहने पहनी हुई औरतें अपना ठाठबाट दिखा रही थीं। छोटे बच्चे दौड़-धूप मचा रहे थे। थोड़ी ही दूर में पाक गृह था। वहां तरह-तरह की मिठाइयां बन रही थीं, अन्य मसालेदार स्वादु पदार्थ पक रहे थे। उनकी सुगंध हव में तैर रही थी। अनेक के मुंह में पानी भर आया। कन्या पक्ष के लोग भोजनादि की व्यवस्था में लगे हुए थे। सब दूर भीड़-भड़क्का था। कोलाहल मचा था।



एक श्लोक समाप्त करने के बाद जब पुरोहित ने देखा तब उसने चौक कर कहा "अरे भाई, दूल्हा कहां गया?" दूसरे ने तीसरे से पूछा, - "दूल्हा कहां गया?"

सब लोग कहने लगे "दूल्हा भाग गया, दूल्हा भाग गया।"

सब दूर सन्नाटा छा गया। सब लोग चकित और अवाक् हो गए। ऐसा तो कभी हुआ ही नहीं था। न देखा था, न सुना था। तब आवजें उठीं - "खोजो, खोजो जाएगा कहां? यहीं कहीं होगा।"

दौड़-धूप प्रारंभ हो गई। आस-पड़ोस के घर ही क्या, आसनगांव का भी एक-एक घर लोगों ने छान डाला, परन्तु नारायण का पता नहीं लगा - नहीं लगा। कई लोग उसे खोजने खेतों में गए। कुछ लोगों ने कुएं भी देख डाले, परन्तु नारायण को कोई भी नहीं पा सका। सबके उत्साह पर पानी फिर गया।

नारायण की माँ को अर्थात् राणूबाई को अपार दुःख हुआ। नारायण के बड़े भाई गंगाधर ने उन्हें हर तरह से शांत किया और समझाया "माताजी जो भी हुआ वह दुखदायक अवश्य है, परन्तु वह अनपेक्षित नहीं था। मैं तो तुम्हें पहले से ही कह रहा था कि हम नारायण के विवाह करने पर जोर न दें, क्योंकि नारायण साधारण लड़का नहीं है। वह बालयोगी है। वह इस दुनिया का है ही नहीं। हमारे पूर्व जन्म के पुण्य के कारण ही वह हमारे यहां पैदा हुआ है। बिजली को कौन रोक सकता है? समुद्र को कौन बांध सकता है। ठीक उसी प्रकार ईश्वरभक्त को सांसारिक बंधनों में कौन जकड़ सकता है। ध्रुव और प्रहलाद की कथाएं सब लोग जानते हैं। हमारा नारायण उसी श्रेणी का है। चिंता न करो। मुझे लगता है वर्षों बाद क्यों न हो, पर नारायण से भेंट अवश्य होगी।"

राणूबाई ने अपने बड़े पुत्र का भाषण चुपचाप सुन लिया। उसने आंसू पोंछ डाले। वह कुछ शांत हुई।

## १०. तपश्चर्या

नारायण विवाह मंडप से इतनी फुर्ती से भागा कि कोई उसे देख नहीं पाया। रिश्तेदारों ने तथा उनके मित्रों ने बहुत दौड़-धूप की, परन्तु नारायण को कोई भी खोज नहीं पाया। वह सीधा गहन अरण्य में चला गया। दिन में वह छिपा रहता था और रात में प्रवास करता था। नासिक में पहुंचने का उसने अपने मन में निश्चय किया था। नासिक गोदावरी नदी के तट पर बसा हुआ है। वहां की पंचवटी में प्रभु रामचंद्र, सीताजी तथा लक्ष्मणजी ने निवास किया था। वहां रहकर रामजी ने



हजारों राक्षसों का वध किया। सैकड़ों ऋषि-मुनियों की वह तपोभूमि थी। वहीं पर पहुंचने का नारायण ने निश्चय किया। आसनगांव से निकलकर पूछता-पांछता वह गोदावरी के किनारे पहुंच गया और उद्गम की दिशा में चलने लगा। बिना रुके, बिना थके वह लगातार चलता रहा। कोई रूखी-सूखी रोटी खिलाता था, तो वह खा लेता था और आगे बढ़ता था। कभी किसी मंदिर में, कभी धर्मशाला में, कभी खेत के खलिहान में तो कभी पेड़ के नीचे वह सो लेता था और नींद खुलते ही चलने लगता था। इस प्रकार ग्यारह दिन चलकर वह नासिक पहुंचा।

रामकुंड में स्नान करने के पश्चात् वह मंदिर में पहुंचा। उसने प्रभु के सम्मुख साष्टांग दंडवत प्रणाम किया, फिर वह हाथ जोड़कर ध्यान लगाकर बैठ गया। उस प्रेम करुणामय मूर्ति का दर्शन पाकर नारायण कृतकृत्य हुआ। उसकी काया रोमांचित हुई। उसके अंग-अंग फड़कने लगे। सम्पूर्ण आकाश प्रकाशमय हो गया। भाव गद्गद् होकर वह प्रभु चरणों में लिपट गया। उसने प्रार्थना की "हे प्रभु, मैं तुम्हारी शरण में आया हूँ। अब चाहे तारो, चाहे मारो। तुम दीनवत्सल कहलाते हो। मैं दीनातिदीन होकर तुम्हारी चरणधूलि में लोट रहा हूं। तुमने पक्षियों को, वानरों को, भालुओं को तो क्या पाषाणों तक को तारा उबारा है। प्रभु, मेरा भी उद्धार कीजिए। मैं आपका आदेश पाए बिना अन्यत्र कहीं नहीं जाऊंगा।

नारायण ने राम के चरण पकड़ लिए। राम ने उसे दर्शन दिए। अपना हाथ उसके मस्तक पर रखा और तत्पश्चर्या करने का आदेश दिया।

परिश्रम और निराहार के कारण नारायण का शरीर दुर्बल हो गया था। उस दिव्य भव्य दर्शन से उसके मन में जो आनंद का उद्रेक हुआ उसे वह बालक सहन न कर सका। वह अचेत होकर धड़ाम से नीचे गिर पड़ा।

आसपास के लोग उसकी ओर दौड़ पड़े। किसी ने उसे अपनी गोद में उठाया, किसी ने उसके मुख पर जल छिड़का, किसी ने उसका मस्तक सहलाया। किसी ने कुछ औषधि सुंघाई।

नारायण ने धीरे से अपनी आंखें खोलीं और क्षीण स्वर में पूछा - "वे कहां हैं?"

भीड़ में से किसी ने पूछा - "वे यानी कौन?"

नारायण ने कहा - "जिनके मस्तक पर जटाजूट हैं, जो सदा प्रसन्न मुख हैं, जिनके कंधे पर धनुषबाण है, जो मेघश्याम हैं और जिनके नेत्र कमल जैसे हैं और जो अपने स्मित से सारी दुनिया को जीत लेते हैं, वे कहां हैं? वह विराट-विशाल मूर्ति

कहां है? उसने केवल मेरा चित्त ही नहीं, सारा मंदिर व्याप लिया था। वह मूर्ति मंदिर की सीमाएं लांघकर नील गगन में फैल गई थी। वह अभिराम राम की करुणामय मूर्ति कहां है?''

किसी ने कहा - ''यह कोई पागल है।'' किसी ने कहा - ''यह बालयोगी है।'' एक सज्जन उस बारह वर्षीय थके-मांदे, भूखे किशोर को अपने घर ले गए। उन्होंने उसे नहलाया, धुलाया, भोजन खिलाया और दवा-पानी कर सुलाया।

दूसरे ही दिन से नारायण मंदिर में सब काम करने लगा। झाड़ू लगाने से लेकर फूलमालाएं गूंथने तक अनेक छोटे-बड़े कार्य वह करने लगा। स्नान, संध्या, जाप, ध्यान आदि में मग्न रहने लगा। रात-दिन वह गाना गाता था -

**रघुपति तुम बिन चैन न लागे जीवन यह निःसार।**
**कृपा करो, प्रभु, पीड़ हरो यह कर दो बेड़ा पार।।**
**निरा अपढ़ हूं, अज्ञानी हूं, परन्तु तुम पर आस।**
**चरण गहूंगा नहिं छोड़ूंगा प्रभो बुझाओ प्यास।।**
**बांधे हैं यह तरह-तरह के अहंकार अभिमान।**
**मैं मेरा को समाप्त कर दो काटो यह अज्ञान।।**
**तुम बिन जीवन अशक्य जीना तिलमिल झिलमिल प्राण।**
**एक ही है आधार तुम्हारा एकहि श्रद्धास्थान।।**

थोड़े ही दिनों में नारायण के ध्यान में एक बात आ गई। वह स्थान तपस्या योग्य नहीं था। वहां सैकड़ों लोग आते-जाते रहते थे। अनेक लोग अकारण पूछताछ करते रहते थे। कौन हो? कहां से आए हो? यहां क्या कर रहे हो? इससे क्या लाभ होगा? घर से लड़-झगड़कर आए हो क्या? अनाथ हो क्या? पेट कैसे भरोगे? तुम्हें कोई बहकाकर लाया है क्या? इत्यादि।

नारायण का सब प्रश्नों का उत्तर था - ''राम की इच्छा, राम की कृपा, मेरा नाम रामदास, करनी है राम की सेवा, चलना है राम के बताए मार्ग पर।''

एक दिन प्रभात में वह नासिक से निकलकर दो कोस दूरी पर गोदावरी तथा नंदिनी के संगम पर टाकली ग्राम पहुंचा। वहां एक निसर्गनिर्मित गुफा उसे उपलब्ध हुई। उसमें वह रहने लगा। शक संवत् १५४२ की माघ शुक्ल सप्तमी के दिन सन् १६२० ईस्वी में उसने अपना पुरश्चरणात्मक व्रतस्थ जीवन प्रारंभ किया।






ब्रह्ममुहूर्त में वह उठता था। प्रातर्विधि स्नान संध्या आदि के उपरान्त वह एक हजार आठ सूर्य नमस्कार कर डालता था। राम की मानस पूजा करने के बाद वह गोदावरी नदी में खड़े होकर 'गायत्री' मंत्र तथा 'श्रीराम जय राम जय जय राम' का जाप किया करता था। मध्याह्न के संध्यावंदन के पश्चात् वह गांव में जाकर भिक्षा मांगता था। केवल पांच घर भिक्षा मांगने का उसका नियम था। किसी घर में भिक्षा कम मिलने पर अथवा न मिलने पर भी वह छठवें घर भिक्षा नहीं मांगता था। भिक्षा मांगते समय वह केवल रामजी का उद्घोष करता था। उसकी दृष्टि सदा नीचे की ओर होती थी।

प्राप्त भिक्षा लिए वह नदी तट पर पहुंचता था और उसके तीन भाग करता था। एक भाग वह मछलियों को खिलाता था, दूसरा गौमाता को अर्पण करता था, तीसरे को झोली में रखकर उसे पानी में तीन बार डुबोता था, जिससे कि उसकी जिव्हालौल्य निर्माण करने वाली खटास-मिठास धुल जाती थी। उसका भोजन मौज- मस्ती के लिए नहीं, देह धारण के लिए था। उसकी देह सुख के लिए नहीं थी, परमेश्वर भक्ति के लिए थी। भोजन के उपरान्त वह नासिक पहुंचता था और विद्वानों के चरणों में बैठ शास्त्रों का अध्ययन करता था। शाम को मंदिरों में जाकर वह देवदर्शन करता था। रात्रि में कथा, कीर्तन, प्रवचन सुनने के बाद वह अपनी गुफा में लौट आता था और प्रभु की लीला का मनन-चिन्तन करते हुए निद्राधीन हो जाता था।

नारायण ने सर्वप्रथम अपना नाम गोदावरी में डुबो दिया। कोई पूछने पर कहता मैं रामदास हूं। फिर पूछने पर कहता, प्रभु के हजारों-लाखों वानर सेवक थे, उन्हीं में से मैं एक हूं।

जब कोई आदमी तपस्या या साधना में लगता है, तब निपट स्वार्थी जन उसे बहुत सताते हैं। "बाबाजी हमें दौलत कहां से मिलेगी? आप लोहे का सोना बना सकते हो क्या? हमारे धंधे में बरकत कब होगी? हमारी पत्नी रोगमुक्त कब होगी? हमारा गूंगा लड़का कब बोलने लगेगा? हमारा बैल गुम गया है, उसे हम कहां पाएंगे?" ऐसे ऐसे प्रश्नों को लेकर सामान्यजन साधकों को घेर लेते हैं। कई साधक लौकिक बड़प्पन की लालच में आकर उन प्रश्नों में उलझ जाते हैं।

रामदास ऐसे प्रश्नों की ओर कभी ध्यान नहीं देते थे। कभी कहते थे राम की उपासना करो। बहुत सताने पर वे उग्र रूप धारण करते थे और डंडा लेकर मारने दौड़ते थे। इस कारण उन्हें पागल रामदास कहने लगे।

अपने नित्य कर्मों में से जब रामदास को खाली समय मिलता था, तब वे वाल्मीकि रामायण कंठस्थ करते थे और उसकी प्रतिलिपि बनाते थे। रामदासजी के हाथों लिखा वाल्मीकि रामायण आज भी धुलिया नगर के समर्थ वाग्देवता मंदिर में देखा जा सकता है।

तीन वर्षों बाद आसपास के गांवों के लोग रामदासजी की कुटिया के पास रात के समय जुटने लगे। तब सब लोग मिलकर बड़े प्रेम से भजन गाते थे और रामदासजी उन्हें आकर्षक तथा प्रेरक ढंग से रामकथा सुनाते थे।

उस समय भारतवर्ष की अवस्था अतिदीन हो गई थी। उत्तर में दुष्ट मुगलों का राज्य था, तो दक्षिण में आदिलशाह, निजामशाह, कुतुबशाह आदि मुसलमान सुलतान अपने अत्याचारों से प्रजा को दुःख दे रहे थे। ये लोग इस्लाम के अतिरिक्त अन्य पंथों को निंदनीय, हेय तथा नाश करने योग्य मानते थे। मुहम्मद साहब के अलावा कोई ईश्वर का संदेश वाहक नहीं और कुरान के अतिरिक्त पढ़ने योग्य कोई ग्रंथ नहीं, ऐसी उनकी धारणा थी। मुसलमानों के अतिरिक्त अन्य सब लोगों को वे काफिर कहते थे। उनका जबरन धर्म परिवर्तन करना तथा इन्कार करने पर उन्हें मौत के घाट उतारना वे बड़ा पुण्य कर्म मानते थे। वे समझते थे कि इस्लाम ने हमें अन्याय और अत्याचार का खुला परवाना दिया है।

रामदास के पास आने वाले भक्तजन उन्हें अत्याचारों की आप बीती सुनाते थे। उनकी करुण कथाएं सुनकर रामदास को बहुत दुःख होता था। तरह-तरह के प्रश्न उनके मन में उठते थे। यह हमारी देवभूमि है, फिर भी क्यों हम आज दानवों से पददलित और अपमानित हैं? एक समय की इस सुवर्णभूमि में क्यों आज सब भिखारी बन गए हैं? क्यों आज यहां दो जून खाने के लाले पड़ रहे हैं? इतनी बड़ी



जनसंख्या का यह देश है, फिर भी छोटी संख्या में आए हुए जंगली असंस्कृत परदेशी क्यों इस पर राज्य करते हैं? मृत्यु पर विजय पाने वाले मार्कंडेय तथा नचिकेता के इस देश में क्यों सब लोग भीरू बने हैं? आत्मा को अमर मानने वाले तथा "नैनं छिन्दित शस्त्राणि नैनं दहित पावकः" अर्थात् जिसे न शस्त्र छेदता है, न अग्नि जलाती है, वह हमारा आधारभूत तत्व है, फिर भी क्यों हम देहपूजक बने हैं? क्यों हम इस देश में घुसे चोरों के चरण चूमते हैं? केवल उदरपूर्ति को जीवनध्येय बनाकर क्यों हम पशु बन गए हैं? आज हजारों सीताएं बिलख-बिलख कर रो रही हैं। गांव-गांव में रावण घुस रहे हैं, वहां सोना लूटकर अपनी लंका सजा रहे हैं, फिर भी हम राम के वंशज क्यों गर्दन झुकाकर सब कुछ सहन करते जा रहे हैं? क्या प्रभु राम फिर से इस अवनीतल पर पधारेंगे? क्या वे हमारी सहायता करेंगे? हम उनके आगमनयोग्य वातावरण निर्माण करेंगे? वे तो भक्तकाम कल्पद्रुम हैं। वे पतित पावन हैं। वे शबरी के सुखदाता और अहिल्या के उद्धारक हैं। खर, दूषण, वाली तथा रावण के विनाशक हैं। हमारी पुकार सुनकर वे अवश्य पधारेंगे। वे दूर कहां हैं? वे तो हर व्यक्ति के हृदय में विराजमान हैं, परन्तु अज्ञानवश लोग उन्हें भूल गए हैं। हमें गांव-गांव जाकर अलख जगाना होगा। हर घर का वातावरण शुद्ध करना होगा। हर आदमी को उसके हृदय में स्थित राम का साक्षात्कार कराना होगा। यह कार्य कौन करेगा? मैं करूंगा।

आत्मविस्मृत देश को मैं जगाऊंगा। आलस में सोए हुए तथा खोए हुए समाज को मैं कर्तव्योन्मुख तथा उद्यमशील बनाऊंगा। यह मुझे ही करना होगा। प्रभु की इच्छानुसार मैंने यहां बारह वर्षों तक तपश्चर्या की, अब देश भ्रमण करने की इच्छा हो रही है। श्रीरामजी जैसा आदेश देंगे, वैसा करूंगा।

## ११. प्रथम शिष्य उद्धव

प्रभु रामचंद्र ने रामदास को देशभ्रमण की अनुज्ञा प्रदान की। नासिक के शास्त्री पंडितों से वे मिले। वे अपने आश्रम में टाकली ग्राम आए। ग्रामवासियों से उन्होंने विदा ली। तब बालक उद्धव उनके चरणों में लिपट पड़ा। वह रोने लगा और कहने लगा, "स्वामीजी आप मुझे छोड़कर न जाएं।" उद्धव अधिकतर समय आश्रम में ही बिताता था और श्रद्धाभक्ति से स्वामीजी की सेवा करता था। वह उनका प्रथम शिष्य था। यह शिष्य उन्हें कैसे प्राप्त हुआ? उसकी एक अद्‌भुत कहानी प्रचलित है।

रामदासजी टाकली आए चार वर्ष बीत चुके थे। उनकी कीर्ति सुगंध आसपास के गांवों में फैलने लगी थी। टाकली के उत्तर में दशपंचक ग्राम था। वहां गिरिधर कुलकर्णी नाम का एक सुशील युवक रहता था। उसकी पत्नी का नाम अन्नपूर्णा था। उनके यहां बाकी सब तो ठीक था, परन्तु उन्हें कोई संतान नहीं थी। अतः वे दुःखी थे। वे रामदासजी के भजन-कीर्तन और प्रवचन नित्य सुनते थे।

एक बार गिरिधरजी बीमार हो गए। वैद्यों ने कह दिया कि इनका मरणकाल निकट आ गया है। अन्नपूर्णा दौड़ी-दौड़ी स्वामीजी के पास पहुंची। उसने स्वामीजी को प्रणाम किया। स्वामीजी ध्यान लगाए हुए थे। किसी के प्रणाम करने पर वे अधिकतर कहते थे, जय जय रघुवीर समर्थ या कहते थे रामजी कृपा करें, परन्तु इस बार उन्होंने कहा - ''अष्टपुत्रा सौभाग्यवती भव।''

तब अन्नपूर्णा रोने लगी। कहने लगी ''आपका यह आशीर्वाद किस जन्म के लिए है?''

स्वामीजी ने पूछा - ''क्यों क्या बात है?'' अन्नपूर्णा ने कहा, ''मेरे पतिदेव आखिरी सांस गिन रहे हैं। वैद्यों ने हार मान ली है।''

रामदास ने कहा - ''क्या बात कहती हो माई, ऐसा कभी नहीं हो सकता, चलो मैं चलकर देखूं।''

रामदासजी उनके घर गए। गिरिधर आसन्नमरण अवस्था में लेटा हुआ था। रामदासजी ने उसकी नाड़ी देखी, उसके मुख पर जल छिड़का। उसे कुछ दवा सुंघाई, मात्रा चटाई, तब गिरिधर नव चैतन्य प्राप्त कर उठ बैठा। वह धीरे-धीरे स्वस्थ हो गया। एक वर्ष बाद अन्नपूर्णा प्रसूत हुई। दो मास बाद वे पति-पत्नी बालक को लिए रामदासजी के पास आए। उनके चरणों में उसे रखकर वे बोले - ''यह आपको समर्पित है।''

उसके मस्तक पर हाथ रखकर रामदासजी ने हंसते हुए कहा - ''वाह भाई वाह, मैं विरक्त संन्यासी, मैं भला इसे कैसे संभालूंगा? तुम ही इसे योग्य रीति से बढ़ाओ, इसका नाम उद्धव रखो और बड़ा होने पर मेरे पास ले आओ।''

बालक उद्धव अपने माता-पिता के साथ आश्रम में नित्य आता था। बड़ा होने पर वह अकेला आने लगा और अपना अधिकतर समय स्वामीजी की सेवा में बिताने लगा।

जब रामदासजी ने तीर्थ यात्रा पर जाने का निश्चय किया, तब उद्धव बिलख-बिलकर रोने लगा। तब रामदासजी ने उसे समझाया, ''देखो, मेरे पीछे तुम्हें इस



आश्रम में रहना है। पढ़ाई करनी है। रामजी की पूजा इत्यादि करनी है। आश्रम की व्यवस्था संभालनी है और तुम्हारे साथ असली रामदास रहेगा, डरो नहीं।''



उद्धव ने पूछा, ''असली रामदास से क्या मतलब है महाराज?''

रामदासजी ने बहुत सारा गोबर इकट्ठा किया, उसमें मिट्टी मिलाई, उसमें कुछ और द्रव्य डाले। उसकी उन्होंने बड़ी भारी हनुमानजी की मूर्ति बनाई। सूखने पर उसे सिंदूर चढ़ाया और कहा, ''उद्धव, ये है असली रामदास। हम तो इनकी छाया मात्र हैं। इनकी प्रतिदिन पूजा करो। ये तुम्हें बल, बुद्धि, प्रेरणा देंगे। ये तुम्हारा मार्गदर्शन करेंगे।''

उस सुंदर हनुमान मूर्ति को देख उद्धव प्रसन्न हुआ। उद्धव ने हाथ जोड़कर कहा, ''सम्पूर्ण देश गोबर-मिट्टी जैसा पड़ा है। उसे आप वज्रांग बनाना चाहते हैं। यही इस कृति का अर्थ है। यही आपके जीवन का लक्ष्य है। आपको शत-शत प्रणाम, परन्तु आप शीघ्र आइएगा। मुझे भूलियेगा नहीं।''

रामदासजी ने उसे आशीर्वाद दिया और आराम से निकल पड़े। उन्होंने पीछे मुड़कर भी नहीं देखा। वे अयोध्या की दिशा में चलने लगे।

# १२. भारत भ्रमण

रामदास ने भारतभर में घूमने का तथा तीर्थ क्षेत्रों के दर्शन लाभ लेने का निश्चय किया था। वैसे तो भारत भूमि का चप्पा-चप्पा पुण्यमय है। हर गांव में तथा नगर में कोई न कोई साधु-संत, ऋषि-मुनि, वीरपुरुष, परोपकारी महात्मा अथवा ईश्वरीय अवतार का आविर्भाव अवश्य हुआ है। अतः इस देश में प्रेरणा देने वाले हजारों स्थान हैं, परन्तु उनमें द्वारिकापुरी, जगन्नाथपुरी, सेतुबंध रामेश्वरम तथा हिमालय स्थित बद्रीनारायण आदरणीय तीर्थस्थान हैं। बावन शक्ति पीठ हैं। भगवान शंकर के सैकड़ों पवित्र स्थल हैं। दत्तात्रेय, गोरखनाथ, बुद्ध, महावीर आदि के तपस्या स्थान हैं। इन सब स्थानों के दर्शन करने का रामदास ने तय किया।

नर्मदा नदी लांघकर वे उत्तर में जाने लगे। रास्ते में कई दुखद प्रसंग उन्होंने सुने और देखे। कहीं गांव जलाए गए थे, कहीं खलिहान लूट लिए गए थे, किसी गांव की बेटी-बहुओं को दुष्ट लोग उठा ले गए थे, किसी गांव के सभी लोगों को बिना वेतन के काम में लगाया गया था। इस प्रकार सब दूर मुसलमान शासकों की तथा सिपाहियों की मनमानी चल रही थी। यदि कोई उन्हें उलट जवाब देता या विरोध करता तो उसकी नंगीपीठ पर कोड़े पड़ते थे। मारपीट तो क्या, कत्लेआम भी उन दिनों एक मामूली बात थी। जब किसी धर्मशाला या किसान की झोपड़ी में रामदासजी टिकते थे, तब सैकड़ों लोग आकर अपना दुखड़ा रोते थे। वे उन्हें समझाते थे, ढांढस बंधाते थे, परन्तु एकान्त में बैठने पर वे असहनीय पीड़ा का अनुभव करते थे। अनेक बार उन्हें नींद नहीं आती थी। अनेक बार वे आंसू बहाते थे। अनेक बार उनके हृदय की आर्त भावना शब्दरूप लेती थी।

**चोर बने हैं शासनकर्ता। सज्जन का न बचा है त्राता।।**
**देवालय ऊध्वस्त किए हैं। देवमूर्ति को तोड़ दिए हैं।।**
**मलेच्छ राजा बन बैठे हैं। गुरुजन दांभिक स्वार्थ भरे हैं।।**
**लोक न यह परलोक कहां से। जीवन जीते हैं पशु जैसे।।**

अन्याय हो रहे हैं, परन्तु आश्चर्य है कि लोग संगठित होकर सामना करने की सोचते तक नहीं। सब भेड़-बकरी की तरह लाचार हैं, अकर्मण्य हैं। कहीं भी शौर्य, धैर्य नहीं दिखाई देता है। लड़ते-झगड़ते अवश्य हैं, परंतु देश के शत्रु से नहीं। क्षुद्र स्वार्थों के लिए आपस में मारकाट सब मचाते हैं।

**डफली अपनी अलग बजाते। अपनी राग अलग से गाते।।**
**कोई किसी को सुने न माने। मारपीट झगड़ा ही जाने।।**



**इतना भी है नहीं समझता। देश शत्रु है लाभ उठाता।**
**यवनों के अत्याचार बढ़ते जा रहे हैं।**
**दुष्टों ने जबरन बहू-बेटियां भगाई हैं।**
**जहाजों में भरकर परदेशों में बेची हैं।**
**कुओं में कूदी कोई जंगल में भागी है।**
**आग में जला लिया बचीं सो अभागी हैं।**
**खाने के लाले हैं मकान भी जले हैं।**
**दुखी पददलित आत्महत्या पर तुले हैं।**
**खेतों को लूटा है घरों को पाटा है।**
**दुष्टों के भय से सर्वत्र सन्नाटा है।**
**क्या खायें कैसे जीयें चावल न आटा है।**
**हाय-हाय भारत को कलिकाल ने कनोटा है।**

----

**सज्जन है मुर्झाये आततायी फूले हैं।**
**अधिकार के नशे में चूर मतवाले हैं।**
**धर्मभूमि, पुण्यभूमि, ऋषियों की कर्मभूमि।**
**आज बनी हाय-हाय दस्युओं की दमन भूमि।**

रामदासजी उत्तर दिशा में जैसे-जैसे आगे बढ़ने लगे, वैसे-वैसे उन्हें अधिकाधिक भयानक चित्र दिखाई देने लगे। जब वे अयोध्या पहुंचे तो उनके दुःख का ठिकाना न रहा।

प्रत्यक्ष राम जन्मभूमि पर अविंधों ने अपना अधिकार जमा लिया था। वे अधिक दिन वहां नहीं रह सके। वे काशी गए। वे एक दिन सुबह गंगा स्नान के लिए जा रहे थे, तब आये-आये, भागो-भागो का कोलाहल मचा। लोग सब कुछ छोड़कर बेतहाशा भागने लगे। बीस मुसलमान घुड़सवारों की टोली लूटती-पाटती आई और जो कुछ भी हाथ लगा, वह बटोरती हुई चली गई।

रामदासजी सोच में पड़ गए। इतनी कायरता हमारे देश में कहां से आ गई। उस छोटे से प्रहलाद ने न मालूम कैसे ताड़न और पीड़न सहन किया, परंतु वह अपने ध्येय से विचलित नहीं हुआ। ध्रुव बालक गहन अरण्य में हिंसक पशुओं के बीच अकेला दृढ़ता के साथ डटा रहा, परंतु यहां तो क्या युवक और क्या प्रौढ़, पलायन में ही पुरुषार्थ मानते हैं।

जिनके पास कुछ शारीरिक या बौद्धिक बल है, वे सब मुसलमान राजाओं के क्रीतदास बने हैं। हम किसकी सेवा कर रहे हैं, इसका विचार तक उन्हें छूता नहीं है। खुद पूजापाठ करते हैं, पोथी पढ़ते हैं, कपाल पर बड़ा भारी चंदन लगाते हैं और वही मस्तक मूर्तिभंजक गोभक्षक आततायी मुसलमान हाकिमों के चरणों में रख देते हैं। उनकी हांजी, हांजी करते हैं। उनके इशारों पर नाचते हैं। उनके आदेशानुसार अपने ही भाइयों के गले काटते हैं। इनकी भ्रष्ट बुद्धि ठिकाने पर कैसे आएगी।

काशी का दृश्य भयानक था। विश्वनाथ महादेवजी को अपनी जगह छोड़नी पड़ी थी। मथुरा वृंदावन में गोपाल कृष्ण की बांसुरी नहीं सुनाई देती थी। सब दूर आक्रंदन था। चिंतामग्न हो, व्यथित हृदय से रामदासजी यात्रा कर रहे थे। भारत भर में वे बारह वर्ष तक घूमते रहे। देश के कोने-कोने में उन्होंने यही सब देखा। वे चिढ़ गए, ऊब गए, क्षुब्ध हो उठे। उन्हें अपना जीवन निःसार प्रतीत हुआ। वे हिमालय से नीचे उतरे थे। उन्होंने अपनी देह गंगाजी में विसर्जित करने का निश्चय किया। एक ऊंचे टीले पर वे खड़े हुए। उन्होंने भारत माता को प्रणाम किया। उन्होंने रामचंद्रजी को प्रणाम किया। उन्होंने नीचे बहने वाली कलकल निनादिनी पाप विनाशिनी गंगा को प्रणाम किया। अब वे कूदने ही वाले थे, उसी क्षण किसी ने उनका हाथ पकड़ लिया और पीछे खींचा। रामदासजी ने मुड़कर देखा। उनके सन्मुख प्रभु रामजी खड़े थे। रामदासजी ने उनके चरण पकड़ लिए। रामजी ने उठकर उन्हें गले लगाया तथा उनके मस्तक पर हाथ रखते हुए कहा - तुम्हें तो अभी महत्वपूर्ण कार्य करना है। देश की परिस्थिति को नया मोड़ देना है। दक्षिण में जाओ और पवित्र कृष्णा नदी के किनारे अपना जन-जागरण कार्य तथा हिन्दू संगठन कार्य प्रारंभ करो।

रामदास उस लावण्य सुंदर मेघश्याम प्रभु मूर्ति की ओर देखते ही रह गए। वह मूर्ति विशाल और विशालतर होती हुई आकाश में समा गई। रामदास को सर्वत्र राम ही राम दिखाई देने लगे। जित देखो उत राम ही राम कहते हुए वे आनंद से नाचने लगे। हाथ जोड़कर उन्होंने कहा, प्रभो मैं आपका आदेश ही चाहता था। कार्य के लिए दिशा-निर्देश चाहता था। अब आप देखेंगे कि आपके जय-जयकार से महाराष्ट्र गूंज उठेगा।

उनके आत्मविश्वासपूर्ण विचार श्लोक का रूप लेकर प्रकट हुए - **सदा सर्वदा रामजी पास में हैं। तनिक भक्त के धैर्य को देखते हैं। सदानंद आनंद कैवल्यदानी। नउपेक्षा करें रामदासाभिमानी।** जय-जय रघुवीर समर्थ।



# १३. माताजी से भेंट

बारह वर्षों बाद रामदासजी महाराष्ट्र लौट आए। जब वे ताप्ती किनारे पहुंचे, तब उन्होंने मुक्ताबाई की समाधि पर भजन, कीर्तन, प्रवचन किया। श्रोताओं में एक जांब निवासी था। उसे नारायण को देख बहुत आनंद हुआ। उसने कहा ''तुम्हारी माता बहुत थक गई हैं। वह नित्य तुम्हारी याद करती रहती हैं।''



चार-छह दिनों बाद रामदास जांब पहुंचे। अपने घर के द्वार पर पहुंचकर उन्होंने आवाज दी 'जय जय रघुवीर समर्थ।' रामदासजी की भाभी, श्रेष्ठ की पत्नी भिक्षा लेकर आई और साधु को देने लगी, तब वे नीचे झुके और उनकी चरणधूलि मस्तक पर लगाते हुए उन्होंने कहा, ''भाभी, मैं नारायण हूं, आपको प्रणाम करता हूं। माताजी कहां हैं?''

उस चिरपरिचित हृदयस्पर्शी स्वर को राणूबाई ने पहचान लिया। पिछले चौबीस वर्षों से वह प्रतिदिन नारायण की राह देख रही थी। हर यात्री, पथिक, साधु-संन्यासी को वह पूछती थी, ''क्या आपने मेरे नारायण को कहीं देखा है?'' नारायण को पाने के लिए राणूबाई ने अनेक देवी-देवताओं को मनौतियां मनाई थीं। आज उसका लाड़ला स्वयं घर आ गया। वह हर्षविभोर हो गई। वृद्धावस्था के कारण वह क्षीणबल हो गई थी। उसकी आंखें चली गई थीं। फिर भी पुत्र का स्वर सुनते ही, ''नारायण, मेरे प्रिय नारायण'' कहती हुई वह बाहर आई। नारायण ने अपनी माता के पैर पकड़ लिए। राणूबाई ने तपाक से उसे उठाया और गले लगाया। उसकी आंखों

से आनंदाश्रु बहने लगे। उसने बार-बार रामदास की पीठ तथा मस्तक पर हाथ फेरा और कहा - "बेटा तुम कितने बड़े हो गए हो। अहा! तुमने दाढ़ी बढ़ा ली है। तब तो तुम ऋषि ही लगते होगे। सुना है तुम बहुत सुंदर भजन, कीर्तन, प्रवचन करते हो। उत्तम है। तुम्हारे जैसा रामभक्त पुत्र प्राप्त कर मैं धन्य हो गई। काश, इस समय तुम्हारे पिता होते तो उन्हें कितना आनंद होता। बेटा मैं पिछले पांच वर्षों से अंधी हो गई हूं। खेद है कि मैं तुम्हारा रूप देख नहीं सकती।"

कहते हैं कि रामदास ने यह कहते हुए कि यह तो कोई कठिन बात नहीं है अपनी माँ की आंखों पर हाथ फेरा। उसी क्षण वे देखने लगीं। अपने प्रिय पुत्र को चर्मचक्षुओं से देख तथा उसके अद्भुत योग सामर्थ्य को जानकर वह धन्य-धन्य हो गईं।

कुछ विद्वानों का कहना है कि रामदासजी विविध औषधियां और उनका उपयोग जानते थे। उन्हीं की सहायता से उन्होंने अपनी माँ की आंखें ठीक कर दीं। कुछ विद्वान इसका लाक्षणिक अर्थ बताते हैं। रामदास ने माता को यानी भारतमाता को अर्थात् भारतवासियों को नई दृष्टि प्रदान की।

रामदासजी तीन दिनों तक अपने जन्म ग्राम में रहे। उन्होंने वहां पर खूब भजन गाए और कीर्तन, प्रवचन सुनाए।

आसपास के आठ-दस गांवों के लोग प्रतिदिन उन्हें देखने तथा सुनने आया करते थे। रामदास ने सबको रामभक्ति करने का तथा हनुमान जैसे बलवान बनने का उपदेश दिया।

बचपन के मित्र अपने नारायण का तेजपुंज व्यक्तित्व देख बहुत प्रभावित हुए। वे उनके शिष्य बन गए। तीन दिन तक राणूबाई ने अपने लाड़ले को अपने हाथों से खूब खिलाया-पिलाया। श्रेष्ठ बंधु गंगाधर उपाख्य श्रेष्ठ को बड़ी प्रसन्नता हुई। क्या घर में और क्या गांव में आनंद का पुष्पोद्यान खिल उठा। चौथे दिन माताजी तथा अन्य लोगों की अनुमति लेकर रामदास चल दिए। जाते समय माँ ने कहा, "बेटा और तो अब कुछ इच्छा नहीं रही, परन्तु मेरा अंतकाल समीप आते ही मुझे एक बार अवश्य भेंट देना।"

रामदास ने कहा, "मैं अवश्य आऊंगा माँ, दौड़ता हुा आऊंगा।"

गांव में छोटे-बड़े सब परिचित-अपरिचितों से रामदास मिले। उन्होंने वहां अनेक शिष्य निर्माण किए। जिस हनुमानजी के मंदिर में वे छत्तीस घंटे तक ध्यान



लगाकर बैठे थे, वहां वे शिष्य रूप से गए। जांब ग्राम में उन्होंने व्यायामशाला प्रारंभ की। युवकों को बलवान बनने का आदेश दिया, फिर सबको 'जय जय रघुवीर समर्थ' कहते हुए उन्होंने घर छोड़ा और गांव भी छोड़ा।

## १४. रामभक्ति का अलख जगावो

उत्तर हिन्दुस्तान में स्थान-स्थान पर रामदास ने हनुमानजी के मंदिर निर्माण किए, मठ बनाए और मठाधिपति नियुक्त किए। काशी में रामचंद्र, प्रयाग में वेणीमाधव, अंतर्वेदी में रामकृष्ण, द्वारिका में श्री हरि, बद्रीकेदार में दीनदयाल, उज्जैन में गंगाधर, जगन्नाथपुरी में पद्मनाथ, ऐसे प्रमुख उन्होंने नियुक्त किए। जगन्नाथपुरी से वे रामेश्वरम पहुंचे। तदुपरान्त कारवार, मैसूर, बंगलूर, बेलगांव होते हुए वे पंढरपुर पहुंचे। वहां उन्होंने कमर पर हाथ रखकर खड़े विठ्ठलमूर्ति को देखा। उनके सन्मुख हाथ जोड़कर रामदास खड़े रहे। मथुरा में जाकर मुरलीधर श्रीकृष्ण को तुलसीदासजी ने कहा था, उसी आशय की प्रार्थना रामदास ने पंढरपुर निवासी भगवान विठ्ठल से की -

**वीरमुकटमणि मेघश्याम। यहां क्यों ठाड़े हे श्रीराम।।**
**धनुष-बाण क्यों त्याग दिए। कटि पर क्योंकर हाथ लिए।।**
**सीता माई कहां गईं। यहां क्यों राही रखुमाई।।**
**वानर दल क्यों भगा दिए। गोपबाल क्यों जुटा लिए।।**
**अयोध्यापुर क्यों छोड़ दिया। पंढरपुर क्यों बसा लिया।।**
**उत्तम थी सरयू गंगा। क्यों प्रिय बनी चंद्रभागा।।**
**हिंसा-तांडव प्रचलित हैं। अत्याचारी राक्षस हैं।।**
**धर्म न कोई जाने हैं। अधर्म सीना ताने हैं।।**
**दमन कार्य क्यों बंद किए। धनुष-बाण क्यों त्याग दिए।।**
**वीरोचित प्रभु करो कृति। रामदास की यह विनती।।**

कहते हैं कि उस समय विठ्ठलदेव ने धनुष-बाण हाथ में लिए और श्रीरामजी का रूप धारण कर रामदास को दर्शन दिए। उनके चरणों में नतमस्तक हो 'जय जय रघुवीर समर्थ' कहते हुए रामदास आगे बढ़े।

गोदावरी के किनारे से चलते हुए रामदास पैठण पहुंचे। वे नगर में घूम रहे थे। कुछ बच्चे हाथ में गुलेल लिए पेड़ के एक फल पर लक्ष्य साध रहे थे और बार-बार

चूक रहे थे। रामदासजी ने उनसे गुलेल ली और सही निशाना साधने की रीति बताई।

किसी ने कहा - ''उस उड़ती हुई चील को मारो तब जानें।''

रामदास ने कंकड़ उठाया, गुलेल में लगाया और निशाना साधा। उड़ती हुई चील धड़ाम से नीचे आ गिरी। यह देख बच्चों ने आनंद से तालियां पीटीं, परन्तु कुछ प्रौढ़ लोग कहने लगे ''हाय-हाय घोर कलियुग है। संन्यासी कहलाता है और हिंसा करता है।''

''यह कैसा साधु है?''

किसी ने कहा - ''तुम्हें प्रायश्चित लेना पड़ेगा।''

रामदास ने कहा - ''आप पंडित हैं, विद्वान हैं, जैसा आप कहोगे, वैसा करूंगा।''

पंडितगण आए, होम-हवन हुआ, मंत्रजाप हुआ, ब्राह्मणों को मुंहमांगी दक्षिणा दी गई। वे लोग जब जाने लगे, तब रामदास ने कहा - ''ठहरो, जाते कहां हो? मुख्य कार्य तो अभी बाकी है, चील तो अभी वैसी ही पड़ी है।''

पंडितों में से एक ने कहा - ''वह मरी है, वह तो वैसे ही रहेगी।''

रामदास ने कहा - ''तब तो तुम्हारा यह मंत्र-तंत्र और होम-हवन इत्यादि बेकार रहा। झूठमूंठ ही तुमने यह सब मुझसे करवाया।''

लोगों ने कहा - ''तुम्हारे कहने का मतलब क्या है? तुम चाहते क्या हो?''

रामदास ने कहा - ''मैं चाहता हूं कि यह चील उठे और आकाश में उड़ने लगे।''

पंडित प्रमुख ने कहा - ''यह किस प्रकार हो सकता है?''

रामदास ने अपने कमंडल से पानी लिया और चील की चोंच पर टपकाया, चील ने पानी पी लिया। वह अपने पैरों पर खड़ी हुई। थोड़ी देर बाद उसने अपने पंख पसारे और वह उड़ने लगी।

सब लोग चकित होकर देखने लगे। पंडितजन स्वामीजी के सम्मुख नतमस्तक हुए। अनेक लोग उनके शिष्य बन गए। सबने एक स्वर से कहा - ''जय जय रघुवीर समर्थ।''

अब रामदास शीघ्र ही नासिक पहुंचे। उन्होंने बारह वर्ष की देशयात्रा का विवरण रामजी के चरणों में समर्पित किया, फिर वे टाकली के अपने आश्रम पहुंचे। उद्धव अब बड़ा हो गया था। उसने टाकली आश्रम का कार्य व्यवस्थित ढंग से चलाया





था। चारों ओर उसका अच्छा-खासा नाम हो गया था। वह देख-सुनकर रामदास को बहुत प्रसन्नता हुई। उद्धव को आशीर्वाद देकर वे महाबलेश्वर पहुंचे।

उनका शरीर ऊंचा पूरा था। उनकी मुद्रा पर तेज था, वृत्ति वैराग्यशील थी। शरीर पर वे सदा भगवारंग का वस्त्र धारण करते थे। किसी से वे कुछ भी लेते, मांगते नहीं थे। उनकी वाणी प्रवाही तथा प्रभावी रहती थी। समयसूचकता, व्यवहारचातुर्य, परोपकार ये गुण उनमें भरपूर थे। अतः जहां भी वे पहुंचते थे, रात में हजारों लोग उनका भजन, कीर्तन, प्रवचन सुनने के लिए जुटते थे। महाबलेश्वर, वाई, माहुली आदि स्थानों पर उन्होंने हनुमानजी के मंदिर बनवाए, मठस्थापना की तथा युवकों और बालकों को प्रतिदिन व्यायाम करने को कहा। स्वधर्म रक्षा के लिए सुसंगठित होने का मार्ग उन्होंने बताया। वे ललकार कर जनता से कहते थे -

**मंदिर सब ही फोड़ दिए हैं। देवमूर्तियां तोड़ दिए हैं।।**
**धर्म-कर्म कुछ बचा नहीं है। जीने से तो मृत्यु भला है।।**
**मस्तक पर भगवान उठाओ। दुनियाभर में धूम मचाओ।।**
**मारपीट शत्रु को डुबा दो। धर्म पुनः संस्थापन कर दो।।**

रामायण के सुंदरकांड तथा युद्धकांड का गायन वे विशेष रूप से करते थे। श्रीराम की कथाएं सुनाकर वे गांव-गांव में शौर्य-धैर्य और पराक्रम की भावना का निर्माण करते थे।

वे अपने शिष्यों को गुप्त भाषा में कहते थे, 'ग्यारह।' ग्यारह है रुद्र। रुद्र का अर्थ है भगवान शंकर। भगवान शंकर के अवतार थे हनुमानजी। अर्थात् वे शिष्यों

को कहते थे ग्यारह प्रशिष्य बनाओ और उन्हें कहो वे ग्यारह हनुमान मंदिरों का निर्माण करें। इस प्रकार ग्यारह की परम्परा उन्होंने देशभर में चलाई। उन्होंने एक जगह लिखा है -

भावार्थ - ग्यारह ग्यारह कहे चलो, ग्यारह बुझे न कोय।

बीज राम की भक्ति के जो समझे सो बोय।

वे अपने प्रमुख शिष्यों से कहते थे -

**महंत प्यारे इतना कर दो। शक्ति बुद्धि जनता में भर दो।**
**कहो देशभर में तुम जाओ। रामभक्ति का अलख जगाओ।**
**प्रथम हरिकथा रम्य सुनाओ। तदुपरि राजकाज समुझाओ।।**
**बात तीसरी हर कामों में। सावधानता बरतो जग में।**
**राजकाज बहु करना होगा। गुप्त परन्तु रखना होगा।**
**अकर्मण्यता पाप समझकर। प्रयत्न को मानो परमेश्वर।।**
**शिशु की ज्यों अंगुली पकड़कर। स्वयं साथ में धीरे चलकर।**
**शिशु को चलना पिता सिखाता। उसी भांति शिक्षित हो जनता।।**

रामदास और उनके शिष्य देशभर में यही पाठ पढ़ाने लगे। परमश्रेष्ठ वीरवर रामभक्त श्री हनुमान के मंदिर वे गांव-गांव में निर्माण करने लगे। बौद्धिक सामर्थ्य उत्पन्न करने के लिए मठ चलाने लगे। उसी के निकट व्यायामशालाएं खोलने लगे। इस कार्य का प्रारंभ उन्होंने चाफल ग्राम से किया। उसका विवरण हम प्रारंभ में पढ़ चुके हैं।

उस मंदिर तथा उत्सव का वर्णन रामदासजी ने इस प्रकार किया है -

भावार्थ -

**चारों ओर पहाड़ है, मध्य में मंदिर है।**
**सामने मंडप है, पंद्रह चौखानों का।।**
**कई खंभे लगे हैं, इकतालीस कमाने हैं।**
**फूलबेलियां अंकन हैं, प्रूजी के मंदिर का।**
**नीम, पीपल, बरगद हैं, फूल-फलों के पेड़ हैं।**
**कैसा उद्यान खिला है, रघुराज की कृपा का।।**
**तुलसी के पौधे हैं, मंजरियों से भरे हैं।**
**हरे पत्ते पर दृश्य है, रूप गोपाल कृष्ण का।।**
**सामने कपिवीर हैं, पूरब में लंबोदर हैं।**



**नीचे दरबार लगा है, विविध देवताओं का।**
**रणभेरी नगाड़े हैं, दम-दम दमामें हैं।**
**तोपों के धमाके हैं, उत्स श्रीराम का।।**
**भक्तगुण जुटते हैं, ध्वजाएं फड़काते हैं।**
**जयकारों से भरते हैं, आकाश चारों दिशाओं का।।**
**शहनाई मृदंग है, वीणा पखवाज है।**
**बांसुरी और झांझ है, आनंद है भजन का।।**
**वक्ता ज्ञाता भक्त है, श्रोता अनुरक्त है।**
**सदानंद युक्त है, उत्सव चाफल ग्राम का।।**
**गुलाल की उछाल है, फूलों की वर्षा है।**
**सुगंध की महक है, उत्साह है भक्तों का।।**
**रात उजली हुई है, कहीं चंद्रज्योति है।**
**कहीं प्रकाश वृक्ष है, आनंद रोशनाई का।।**
**प्रसाद का वितरण है, आनंद ही आनंद है।**
**पूर्वजन्म का पुण्य है, खेल सब है भाग्य का।।**
**दास तो निमित्त है, कर्ता-धर्ता प्रभु है।**
**उसी की कृपा से स्वरूप यह उत्सव का।।**


# १५. कल्याण स्वामी

एक बार अपने नित्य भ्रमण में रामदास कोल्हापुर पहुंचे। वे पाराजीपंत बरवे के घर गए। उन्होंने स्वामीजी का उत्तम स्वागत तथा आदारातिथ्य किया। स्वामीजी की सेवा पाराजीपंत का भांजा विशेष तत्परता से कर रहा था। उसकी श्रद्धा और कर्तव्यदक्षता देखकर स्वामीजी उस पर प्रसन्न हुए। उन्होंने उसकी हस्तरेखाएं देखी और मुख का निरीक्षण किया।

स्वामीजी ने उसे पूछा - ''क्यों अंबाजी तुम लिखना-पढ़ना जानते हो?''

अंबाजी ने कहा - ''जी महाराज, उसमें मुझे बहुत रुचि है। मैं प्रतिदिन लिखने-पढ़ने का अभ्यास करता हूँ।''

स्वामीजी ने पूछा - ''कुछ कंठस्थ किया है? कुछ संस्कृत श्लोक सुना सकते हो?''



अंबाजी ने रामरक्षा, शिवभक्ति श्लोक, निर्वाणषट्क आदि सुनाया। उसकी वाणी शुद्ध तथा उच्चारण स्पष्ट था।

रामदास ने कहा ''दवात, कलम ले आओ और मैं जो कहता हूं लिखो।''

रामदास कहते गए। अंबाजी लिखता गया।

**धनुर्धर प्रभु राम हैं दीनस्वामी। उन्हें देख होता है यम भी प्रणामी।**

**सदा सत्य मानो यही शास्त्रबानी। उपेक्षे नहीं रामदासभिमानी।।**

**कृति उक्ति में नित्य ही एकता है। सभी वस्तु में राम को देखता है।**

**सगुण मूर्ति में राम ही राम देखे। सदा धन्य है दास श्रीरामजी के।**

अंबाजी का अक्षर सुंदर था और लेखन निर्दोष था। रामदास ने उसकी सराहना की और उसकी पीठ थपथपाई। फिर उन्होंने कहा - ''बेटा अंबाजी, हमारे साथ रहोगे? हमें तुम्हारे जैसे लेखनिक की आवश्यकता है।''

अंबाजी ने चरण छूकर कहा ''महाराज, जो भी आप चाहें और कहें मैं आपकी सेवा लगन से करता रहूंगा।''



जब स्वामीजी ने पाराजीपंत से कहा ''तुम्हारा यह भांजा हमें दे दो'' तब उनकी बहन अर्थात् अंबाजी की माँ रखुमाबाई ने कहा - ''महाराज मुझे तथा अंबाजी के छोटे भाई दत्तात्रेय को भी रखिए, हम भी कुछ सेवा करने के इच्छुक हैं।''

रामदास ने मान लिया। उन्होंने उन दोनों की व्यवस्था सिरगांव के मठ में की। अंबाजी रामदासजी के साथ बना रहा। वह सदा दवात-कलम लिए उनके साथ घूमता था। जो भी स्वामीजी कहें वह लिख लेता था। कभी स्वामीजी ऊंची चट्टान पर चढ़कर बैठते थे, कभी वे किसी कंदरा में बैठते थे। कभी पेड़ के नीचे तो कभी मंदिर में बैठते थे। अंबाजी उनके पीछे छाया बनकर लगा रहता था। जो भी वे कहें लिख लेता था। दासबोध, आत्माराम, रामायण, युद्धकांड, सुंदरकांड, आनंदवनभुवन, करुणाष्टक, जनस्वभाव गोसावी, करुणाष्टक, स्फुटरचना आदि अनेक ग्रंथ अंबाजी ने लेखबद्ध किए। अंबाजी ने अपने गुरुदेव तथा मराठी साहित्य की अमूल्य सेवा की।

वह केवल लेखन करने के लिए आया था, परन्तु वह शीघ्र ही रामदास का परमभक्त बन गया। एक बार रथ की यात्रा निकालनी थी। रास्ते में एक पेड़ की शाखा बाधक हुई। रामदास ने कहा - ''अंबाजी चढ़ो पेड़ पर और काटो उस शाखा को।'' अंबाजी तने की ओर बैठकर शाखा काटने लगा। रामदास ने कहा 'उधर न बैठो, जिसे काट रहे हो, उसी डाल पर खड़े रहो और काटो। अंबाजी धड़ाम से कुएं में गिर पड़ा। रामदास ने कुएं में झांककर पूछा, ''कैसी स्थिति है, अंबाजी?''

अंबाजी ने कहा - ''महाराज आपकी कृपा से सब कल्याण है।''

स्वामीजी ने उसे ऊपर निकाला और बड़े प्रेम से उसके शरीर पर हाथ फेरा। उसकी छोटी-बड़ी जखमें भर गईं। वह स्वामीजी के पैरों से लिपट गया। स्वामीजी ने उसे उठाकर गले लगाया और कहा - ''तुम वास्तव में कल्याण स्वरूप ही हो।''

तब से सब लोग अंबाजी को कल्याण स्वामी कहने लगे।

अनेक विद्वानों ने इसे प्रतीकात्मक माना है। उनका कहना है कि हम सब माया वृक्ष की भ्रांतिमय डाल पर बैठे हैं। जब गुरु की कृपा होती है, तब वह तने से काटी जाती है। तब अज्ञानमय जीवन के कुएं से गुरुदेव बाहर निकालते हैं, तब जीव अपने चिर-कल्याण को प्राप्त करता है।

# १६. राजगुरु

छत्रपति शिवाजी से रामदास बाईस वर्ष बड़े थे। अपनी भारत यात्रा पूर्ण कर, जब वे कृष्णा नदी के तट पर कार्य करने लगे, तब वे छत्तीस वर्ष के थे और शिवाजी चौदह वर्ष के।

दोनों भ्रमणशील थे। दोनों स्वराज्य के लिए लालायित थे। दोनों को अर्विधो के अत्याचारों से चिढ़ थी। दोनों धर्मराज्य तथा रामराज्य प्रस्थापित करना चाहते थे। दोनों गुणीजनों को परखते थे तथा जोड़ते थे। दोनों निष्काम कर्मयोगी थे। रामदास सदा कहते थे 'जय जय रघुवीर समर्थ' अर्थात् प्रभु श्रीराम की विजय हो। जो कुछ हो रहा है, रामजी की इच्छा से हो रहा है। शिवाजी कहते थे, यह स्वराज्य बने ऐसी श्री की इच्छा है। रामदास ने जनजागरण किया। उन्होंने लोगों में आत्मविश्वास भर दिया। उन्होंने जनसामान्यों की मानसिकता बदल दी। ज्ञानदेव से लेकर तुकाराम तक के सैकड़ों संतों ने पशुवृत्ति छोड़ मानव बनने के लिए कहा। रामदास ने विशेष रूप से प्रयत्न, पराक्रम और पौरुष को जगाया।

संतों द्वारा प्रस्थापित इस दृढ़ नींव पर शिवाजी महाराज ने स्वराज्य का मंदिर खड़ा किया। शिवाजी के पिता शहाजी से रामदास कई बार मिले थे। शिवाजी और रामदास गुप्त रूप से अनेक बार मिलते थे और स्वराज्य विषयक मंत्रणा करते थे। रामदासजी के मठों का उपयोग प्रत्यक्षाप्रत्यक्ष रीति से शिवाजी को हो रहा था। रामदास के शिष्य महत्वपूर्ण समाचार लाया करते थे और गुप्त संदेश पहुंचाते थे। वे मुक्त कंठ से गाया करते थे -

**जितने भी प्रभुद्रोही हों, कुत्ते समझकर मारिए।**

**विजय होगी भक्तों की, किमपि संशय न मानिए।**

शिवाजी सन् १६४८ में चाफल पहुंचे, उन्होंने रामजी के दर्शन किए। वहां दैनंदिन पूजा-अर्चना, भजन-कीर्तन, प्रवचन आदि दैनंदिन कार्यक्रम कैसे होते हैं, सालभर में उत्सव कौन से होते हैं और मंदिर की पूर्ण व्यवस्था कैसे रखी जाती है आदि बातों की जानकारी शिवाजी ने प्राप्त की। वहां का वातावरण तथा शिक्षा-दीक्षा का प्रबंध उन्हें अच्छा लगा। उन्होंने पूजा आदि के लिए खर्च देना निश्चित किया। उन्होंने देखा कि कभी नदी को अधिक बाढ़ आने पर मंदिर को खतरा हो सकता है। अतः बड़ा बांध बांधने के लिए उन्होंने सात सौ सुवर्ण मुद्राएं दीं।



रामदास उस समय बहुत दूर निकल गए थे। वे जब वापस आए तब उन्होंने सब समाचार सुने। उन्होंने शिवाजी को धन्यवाद देते हुए एक गौरवपूर्ण पत्र लिखा। वह बहुत प्रसिद्ध है।

**तुम निश्चय के महामेरु हो। लाखों लोगों के आधार हो।।**
**परम स्थिति में बने रहते हो। तुम श्रीमान योगीराज हो।।**
**इस विस्तृत भूमंडल पर। नहीं धर्म का रक्षक है।**
**एक तुम्हारे कारण ही। वह महाराष्ट्र में लक्षित है।।**
**दुष्टों का संहार किया। दुर्जन सब थर्राए हैं।।**
**लक्ष लक्ष के आश्रय दाता। साक्षात् शिव हो राजा हो।।**
**कल्याणप्रद हो धन्य हो।। तुम्हारी राज्यसीमा में आया।**
**परन्तु भेंट प्रसंग नहीं हुआ। क्या पुराने संबंधों को भुला दिया।**
**कार्यबहुलता कारण से।**
**धर्ममूर्ति हो शौर्य मूर्ति हो। कीर्ति तुम्हारी बनी रहे।।**
**यश वैभव की जनसुखदात्री। पावन सरिता नित्य बहे।।**

शिवाजी ने वह आशीर्वादात्मक पत्र मस्तक पर धारण किया। वे शीघ्र ही शिंगणवाड़ी पहुंचे। वहां एक गूलर के वृक्ष के नीचे रामदासजी ध्यान लगाकर बैठे थे। शिवाजी ने उन्हें दंडवत प्रणाम किया। रामदास ने शिवाजी को अपने पास बैठाया। दोनों ने एक-दूसरे का क्षेम कुशल पूछा और देश की विद्यमान परिस्थिति पर चर्चा की।



शक संवत् १५७१ में अर्थात् सन् १६४९ ईस्वी में वैशाख शुक्ल नवमी को शिवाजी महाराज रामदासजी के अनुग्रहीत शिष्य बने। उसी समय बालाजी आवजी तथा निलो सोनदेव नाम के शिवाजी के दो अमात्यों पर भी रामदास ने कृपा की।

इसके बाद राजकाज से कुछ फुर्सत पाते ही शिवाजी महाराज रामदासजी के दर्शन के लिए आने लगे। एक बार रामदासजी चाफल के निकट निंबगुफा में थे। शिवाजी थके-मांदे वहां पहुंचे। वहां कहीं पानी नहीं था। रामदास अरण्य में संचार कर रहे थे। शिवाजी चुपचाप उनके पीछे चले जा रहे थे। उनकी मुखचर्या मुरझाई हुई थी। रामदास ने शिवाजी की अवस्था को जान लिया। उन्होंने अपनी हाथ की कुबड़ी से सामने पड़ा हुआ एक बड़ा भारी पत्थर हटा दिया। उसी क्षण वहां से पानी का स्रोत फूट पड़ा। उस अमृत तुल्य जल का पान कर शिवाजी संतुष्ट हुए। आज भी वह झरना बह रहा है। लोग उसे कुबड़ी-तीर्थ नाम से पहचानते हैं।

एक बार शिवाजी एक दुर्ग को नए ढंग से बंधवा रहे थे। वहां पर हजारों श्रमिक कार्य कर रहे थे। शिवाजी के मन में एक क्षण भर के लिए विचार आया, इन सबको मैं पाल-पोस रहा हूं।

उसी समय उन्हें चिरपरिचित पवित्र घोषणा सुनाई दी 'जय जय रघुवीर समर्थ।'

रामदास वहां पहुंचे। शिवाजी उन्हें सब कार्य दिखाने लगे। रामदास ने कहा, ''राजा तुम बड़े परोपकारी हो। इतने सब लोगों को रोटी-रोजी दे रहे हो। तुम्हारे बिना सब भूखे मरते।''

घूमते-घामते वे एक बड़ी शिला के पास पहुंचे। वहां छेनी हथौड़ा लिए शिला तक्षणक काम कर रहे थे। रामदास ने उनके प्रमुख को कहा, ''भाई इस शिला को इस ढंग से फोड़ो कि उसके ठीक मध्य से दो भाग हो जाए।''

शिला तक्षणक ने बड़ी चतुराई से उस पत्थर को फोड़ा। सब लोग देखने लगे कि इस पत्थर में विशेष बात क्या है। जब शिला के दो भाग हो गए, तब उन्होंने देखा कि उसके मध्य में एक गड्ढा है। उसमें पानी है और उसमें एक छोटा-सा सजीव मेंढक है।

उसे देख रामदास ने कहा, ''मेरे राम की लीला अतर्क्य है। इस मेंढक को उसका दाना-पानी कौन देता होगा? कैसे देता होगा?''



गुरुदेव के ये उद्गार सुनकर शिवाजी ने नतमस्तक होते हुए कहा - महाराज मुझे क्षमा करें। मेरे मन में अहंकार जाग उठा था कि इन सबको मैं खिला-पिला रहा हूं। आपने उस अहंकार को समूल उखाड़ फेंका।

रामदास ने कहा - ''शिवबा, हम आप तो निमित्त हैं। कर्ताधर्ता रामजी हैं। हम सब उनके हाथ के उपकरण मात्र हैं। जय जय रघुवीर समर्थ कहते हुए रामदास एकाएक वहां से चले गए।''

शिवाजी को बार-बार रामदासजी से मिलने की इच्छा होने लगी। उनसे मिलने पर मनःशांति मिलती थी और नई सूझ-बूझ प्राप्त होती थी। अतः शिवाजी ने अपने गुरुदेव से प्रार्थना की कि आप कहीं एक स्थान पर रहें। मैं आपकी सब व्यवस्था किए देता हूं। दोनों ने मिलकर विचार किया और सातारा के निकट का परली नाम का एक छोटा-सा दुर्ग चुना। वहां सारी व्यवस्था की गई। उस दुर्ग का नाम सज्जनगढ़ रखा गया। रामदासजी का वहां एक स्थान पर रहना सबको ही सुविधाजनक हुआ। एक बार शिवाजी के मन में बहुत अधिक विरक्ति उत्पन्न हुई। उसी समय वहां रामदास उपस्थित हुए। दरवाजे पर आकर उन्होंने भिक्षा के लिए आवाज लगाई -

**'जय जय रघुवीर समर्थ'**

तब स्वयं शिवाजी भिक्षा देने आए और उन्होंने रामदासजी की झोली में एक चिट्ठी डाल दी। रामदास ने कहा, ''यह क्या है भाई? न चावल है न आटा, कागज की क्या भिक्षा दी जाती है?''

उन्होंने कागज निकाला और पढ़ा। उस पर लिखा था, मेरा सब राज्य आपके चरणों में समर्पित है।



वह पढ़कर रामदास जोर से हंसे। फिर उन्होंने कहा - ''मैं तुम्हारी भिक्षा स्वीकारता हूं और यह मेरा राज्य संभालने के लिए तुम्हारी ही नियुक्ति करता हूं। यह रामजी का राज्य है, ऐसा समझकर उसे ठीक ढंग से संभालो। इसका ध्वज भगवा रखो। इस राज्य में यह नियम कर दो कि कोई भी लोग मिलने पर परस्पर को अभिवादन करने के लिए वे राम राम कहें। बंदगी, जोहार या सलाम आलेकुम न कहें। तुम क्षत्रिय हो, राजा हो। प्रजा को न्याय नीति से संभालना ही तुम्हारा कर्तव्य है और वही तुम्हें करना चाहिए। हिमालय में जाने की अपेक्षा उत्तम शासन करो। जपजाप और ध्यान करने की अपेक्षा प्रजा पालन अधिक महत्व का है। वही तुम्हारा धर्म है। वही तुम्हारी ईश्वर भक्ति है। ध्यान में रखो, स्वयं भगवान गोपाल कृष्ण ने कहा है - स्वे स्वे कर्मण्यभिरतः अर्थात् बड़े प्रेम से अपना-अपना कर्तव्य करते रहो। उसी से सब सिद्धियां प्राप्त होंगी।''

तब शिवाजी महाराज दक्षिण दिग्विजय करने के लिए निकल पड़े। रामदासजी ने भी रामेश्वर जाने की योजना बनाई। इसके पूर्व उन्होंने दो महत्वपूर्ण कार्य किए। एक तो उन्होंने शिवथर की गुफा में बैठकर अपने सुप्रसिद्ध दासबोध ग्रंथ की रचना की। दूसरी बात वे अपने जन्मग्राम जांब पहुंचे। उन्हें संदेश प्राप्त हुआ। तुम्हारी माँ बहुत बीमार है। रात-दिन वह तुम्हारा स्मरण कर रही है।

रामदास जांब पहुंचे। अपने घर के दरवाजे पर खड़े होकर उन्होंने बुलंद आवाज में भुजंग प्रयात वृत्त में यह श्लोक कहा -

**सुनो मन सदा भक्ति का मार्ग लेवो। तभी श्री हरि को अनायास पावो।।**
**सभी निंद्य दुष्कृत्य को त्याज्य मानो। सभी वंद्य जो स्तुत्य हो ग्राह्य जाने।।**
**'जय जय रघुवीर समर्थ'**

वे माँ के पास पहुंचे। उन्होंने माँ की चरणधूलि मस्तक पर लगाकर कहा - ''माँ मैं आ गया हूं।''

माँ ने कहा - ''बेटा मैं तो तुम्हारी ही बाट जोह रही थी। यमराज आ रहे हैं। मैं भी तैयार बैठी हूं। वे तो पहले भी आए थे, मैंने उन्हें कहा, ठहरो मेरे नारायण को आने दो।''

रामदासजी ने माँ का मस्तक अपनी गोद में उठा लिया। उन्होंने माँ के मुख में गंगाजल डाला और उसे तुलसी के पत्ते खिलाए। माँ रामदासजी को एकटक निहारती रही।

नारायण, नारायण, नारायण कहते हुए माँ ने इहलोक लीला समाप्त की।



चौदह दिनों बाद वे रामेश्वरम की ओर चल दिए। अनेक स्थानों पर उन्होंने हनुमानजी के मंदिर बनवाए, मठाधिपति नियुक्त किए तथा व्यायामशालाएं खोलीं।

अफजल खां का वध, शिवाजी की औरंगजेब की कैद से मुक्ति तथा शिवाजी का राज्यारोहण ये रामदास के जीवन के महान आनंद के प्रसंग थे। अपने अनेक छंदों में इन प्रसंगों का उन्होंने सौत्साह वर्णन किया है।

**स्वप्न में जो भी देखा था। वह प्रत्यक्ष में हुआ।**
**घूमता-घामता पहुंचा। आनंदवन में अहा।**
**विघ्नों की क्रूर सेना थी। धर्म पर जो टूट पड़ी।**
**विघ्नेश गणपतिजी ने कृपा कर प्रार्थना सुनी।।**
**हनुमान प्रकटे मानो। ठोका-पीटा कुचल दिया।।**
**राक्षसों को रौंद डाला। शत्रु संहार कर दिया।।**
**पापी डूबे दुष्ट भागे। अभक्त न बचे कहीं।।**
**रामजी ने कृपा की है। आनंदवन में अहा।।**
**कटी नाक औरंग्या की। मिट्टी में म्लेच्छ सो गए।।**
**टूटे थे वे बने फिर से। पुण्यमय धर्मक्षेत्र जो।।**
**नास्तिकता नष्ट हो सारी। पाखंड न कहीं रहा।।**
**सरिता जल है हुआ निर्मल। आनंदवन में अहा।।**
**रामवरदायिनी माता। शस्त्र लेकर उठी जहां।।**
**महिषासुर को मारा। आनंदवन में अहा।।**
**वेदशास्त्र धर्मचर्चा। पुराण श्रवणादिसे।।**
**वायुमंडल है बदला। आनंदवन में अहा।।**
**चल रही यत्र-तत्र। सदगुणों की उपासना।**
**विद्यापीठ बना है अब। आनंदवन में अहा।।**

## १७. सदाशिव शास्त्री का गर्वहरण

सदाशिव शास्त्री येवलेकर नाम के काशी के एक महापंडित थे। वे सब शास्त्रों के ज्ञाता थे, परन्तु बहुत घमंडी थे। वे गांव-गांव जाकर स्थानीय विद्वानों को शास्त्रार्थ के लिए ललकारते थे। वे पालकी में बैठकर चलते थे। उनके सामने उनका एक शिष्य

मशाल लेकर चलता था। शास्त्रीजी कहते थे "शास्त्रार्थ करो। यदि तुम हारे तो मुझे अजिंक्यपत्र दो। यदि मैं हारा तो अपने हाथ से मेरी यह कीर्ति मशाल बुझाऊंगा और अपनी जीभ काट डालूंगा। आओ किसकी हिम्मत है।"

उन्होंने सैकड़ों विद्वानों को जीता और ढेर सारे अजिंक्यपत्र इकट्ठा किए। घूमते-घामते वे शिवाजी के दरबार में पहुंचे। वहां उन्होंने अपनी इच्छा प्रकट की।

तब मोरेपंत पिंगले ने उनसे कहा - "भाई, यहां कोई शास्त्री नहीं हैं, सब शस्त्री हैं। तुम्हें यदि शास्त्रार्थ करना हो, तो हम सबके गुरुदेव रामदास स्वामी हैं, उनके पास जाओ।"

सदाशिव शास्त्री पूछते-पाछते रामदासजी के पास पहुंचे। उस समय रामदास भैरोवाड़ी के निकट एक चट्टान पर बैठे थे। उनके हाथ में माला थी। वे शांतचित्त से राम नाम का जाप कर रहे थे। आगे-पीछे सिपाही, सामने मशाल लिए शिष्य, उसके आगे वाद्य बजाने वाले वादक ऐसे ठाठबाट के साथ सदाशिव शास्त्री की पालकी वहां आ पहुंची।

पालकी से उतरकर शास्त्रीजी ने कहा - "रामदास कौन है? मुझे शास्त्रार्थ करना है।"

कल्याण स्वामी ने कहा - "वे वहां बैठे हैं। वे आपकी राह देख रहे हैं।"

तब तक स्वामीजी ने स्वयं आगे बढ़कर उनकी अगवानी करते हुए कहा - "काशी के दिग्गज विद्वान को मेरे प्रणाम सादर हों। हम आपके आशीर्वाद के इच्छुक हैं।"

सदाशिव शास्त्री ने तुनककर कहा - "प्रणाम आशीर्वाद इत्यादि का उपचार बाद में देखा जाएगा। पहले शास्त्रार्थ करो, वाद करो।"

रामदास ने कहा -

**त्यजो वाद जो भेद निर्माणकर्ता। अहंकार लोकेषणा व्यर्थ देता।।**

**विसंवाद है शोक या दुःखकारी। बने विश्वसंवाद जो सौख्यकारी।।**

सदाशिव शास्त्री झल्लाए, "ये सब तत्वज्ञान की बातें अपने पास रखो। मेरे साथ शास्त्रार्थ कौन कर रहा है बोलो।"

रामदास ने कहा, "यदि आपकी इच्छा इतनी तीव्र है, तो वह अवश्य पूर्ण की जाएगी। यह देखो हमारे पंडित आ रहे हैं।"

प्रतिदिन एक लकड़हारा जंगल से लकड़ी बीनकर लाता था और वहां थोड़ी देर रुककर रामदासजी को प्रणाम कर आगे बढ़ता था। उसके आते ही स्वामीजी ने उससे



कहा, "बाबाजी, आज आपसे एक-दूसरा काम करवाना है। जरा ठहर जाओ।"

वृद्ध ने सिर पर का बोझ नीचे पटककर कहा, "जैसी आपकी आज्ञा।"

वह हाथ जोड़कर खड़ा रहा।

स्वामीजी ने उससे पूछा, "भाई तुम कौन हो?"

वृद्ध ने कहा, "मैं एक अज्ञानी लकड़हारा हूं। धेड़ हूं। अछूत हूं।"

रामदास ने कल्याण से कहा, "इनके सामने एक लकीर खींचो।"

रामदास ने कहा - "जय सियाराम कहते हुए आगे बढ़ो और लकीर लांघो।"

वृद्ध जब आगे बढ़ा तब रामदास ने पूछा, "बोलो तुम कौन हो?"

वृद्ध ने कहा - "महाराज मैं वैश्य हूं। उद्योग, व्यवसाय तथा खेती की सब बातें जानता हूं।"

उसके सामने एक और लकीर खींची गई। उसे लांघने के बाद रामदास ने कहा - "अब बताओ, तुम कौन हो?"

वृद्ध ने कहा - "मैं क्षत्रिय हूं। युद्ध विद्या तथा अन्य अनेक विद्या कला जानता हूं।"

फिर से एक लकीर खींची गई। लकीर लांघने के बाद उसे फिर से वही सवाल पूछा गया। वृद्ध ने उत्तर दिया, "महाराज मैं विद्वान ब्राह्मण हूं। षट्शास्त्रवेत्ता हूं।"

"क्या तुम किसी पंडित के साथ शास्त्रार्थ कर सकोगे?"

वृद्ध ने कहा, "महाराज, आपकी आज्ञा हो तो अवश्य करूंगा।"

सदाशिव शास्त्री और वृद्ध लकड़हारा आमने-सामने बैठाए गए।

पंच नियुक्त हुआ। जोरदार शास्त्रार्थ छिड़ा। सदाशिव शास्त्री ने दस प्रश्न पूछे। वृद्ध ने तत्काल उनके सही उत्तर दिए। फिर वृद्ध ने दस प्रश्न पूछे।

सदाशिव शास्त्री जैसे-तैसे पांच प्रश्नों के उत्तर दे पाए।

पंचों ने वृद्ध को विजयी और सदाशिव शास्त्री को पराजित घोषित किया। सदाशिव शास्त्री ने मशाल बुझा दी। उन्होंने अपनी जिव्हा काटने के लिए छुरी निकाली। कल्याण स्वामी ने उन्हें समझाया और मना किया। शास्त्रीजी रामदास के चरणों में नतमस्तक हो गए। गिड़गिड़ाते हुए वे कहने लगे - "मुझे अपना शिष्य बना लो। मुझ पर दया करो। मुझे मार्ग दिखाओ।"

रामदास ने कहा - "मार्ग दिखाने वाले प्रभु श्रीराम हैं। हम तो सिर्फ चलने वाले हैं। ईश्वर कृपा से तुम्हारे पास विद्वत्ता है और प्रभावी वाणी भी है। दोनों का उपयोग करते हुए लोगों के हृदयों में रामभक्ति अंकित करो।"

"सबको अपनी रसपूर्ण वाणी से रामकथा सुनाओ, अब शास्त्रार्थ या वादसभा की झंझट में कभी न फंसो।"

सदाशिव शास्त्री ने चरण छूकर कहा - "आपकी आज्ञा शिरोधार्य है।"

रामदास ने उनका तथा वृद्ध लकड़हारे का यथोचित मान-सम्मान किया। दोनों रामदास के विधिवत शिष्य बन गए। सदाशिव शास्त्री का नाम केशव स्वामी रखा गया। वे अब देशभर में घूमकर रामायण सुनाने लगे।

## १८. महाप्रयाण

रामदास और शिवाजी के जीवन की बहुत-सी बातें आज भी अज्ञात हैं, क्योंकि तत्कालीन परिस्थिति के अनुसार बहुत-सी बातें गुप्त रखनी पड़ती थीं।

रामदास ने एक जगह लिखा है -

बुद्धिमानों को इशारा ही पर्याप्त है।

गोपनीय बातों को लिखा नहीं जा सकता। लेखनीय बातों को कहा नहीं जा सकता। समझने वालों को इशारा ही पर्याप्त है।

सन् १६७९ ईस्वी में अर्थात् शक संवत् १६०१ के पौष मास में शिवाजी सज्जनगढ़ पर पधारे। वे वहां डेढ़ माह तक रहे। देश काल, परिस्थिति को लेकर दोनों में घंटों तक चर्चा चलती थी। अनेक आध्यात्मिक प्रश्न भी पूछे-समझाए गए। सद्गुरु की कृपा से शिवाजी महाराज को निर्विकल्प समाधि का भी अनुभव प्राप्त हुआ। माघ शुक्ल पूर्णिमा के दिन शिवाजी ने गुरुदेव की चरणधूलि मस्तक पर लगाई और उनसे विदा ली। यह उनकी आखिरी भेंट थी। शक संवत् १६०२ की चैत्र शुक्ल पूर्णिमा को अर्थात् सन् १६८० में शिवाजी महाराज परलोक सिधारे।

उस समाचार को सुनकर रामदास ने बहुत दुःख प्रकट किया। वे बार-बार कहने लगे - श्री की इच्छा। रामजी की इच्छा। ईश्वरेच्छा बलीयसी।

उस दिन से वे एकान्तवास में रहने लगे। न किसी से कुछ कहते थे, न बोलते थे। भोजन भी उन्होंने छोड़ दिया। वे केवल दुग्धाहार तथा फलाहार करने लगे।



ध्यानधारणा तथा रामनाम का जाप निरंतर करने लगे।

बात सब दूर फैल गई। दूर-पास के शिष्य दर्शन के लिए आने लगे।

रामदास उन्हें कहते, "यह तो मृत्युलोक है, एक दिन सबको जाना है। अपने कार्यक्षेत्र में डटे रहो। रामजी की विजयपताका सर्वत्र फहराओ।"

**'छेदभेद ब्रह्मांड को रामकथा गरजो।**
**रामराज्य की धर्मराज्य की सृष्टि नव सरजो।'**

शिवछत्रपति के परलोकगमन के बाद उनके बड़े पुत्र संभाजी सिंहासन पर बैठे। वे बहुत क्रोधी थे। शकी थे और कवि कलश का उनके ऊपर बहुत अधिक प्रभाव था। शिवाजी के जुटाए अनेक नवरत्नों की उन्होंने कोई कदर नहीं रखी। अनेक को उन्होंने जान से मारा। वे सब समाचार प्राप्त कर रामदास बहुत दुःखी हुए। उन्होंने संभाजी को पत्र लिखा। वह सार्वकालिक तथा सार्वदेशिक महत्व रखता था। वह पत्र इस प्रकार था - (भावार्थ)

**सदा सजग, सतर्क रहो। बेखबर कदापि न रहो।**
**विचार-चिन्तन करते रहो। बैठकर एकान्त में।**
**क्रोध, उग्रता, संशय त्यागो। शांति, सौम्यता का सुख भोगो।।**
**मत डूबो तुम निजी स्वार्थ में। अन्यों की रख चिन्ता मन में।।**
**क्षमावृत्ति से लोग जो जिए। गुणवानों को निकट राखिए।।**
**नौकर-चाकर राजी राखो। कार्य करो तत्पर हो देखो।।**
**आपस में ही लड़-झगड़ोगे। शत्रु को तुम अवसर दोगे।।**
**एक-एक कर जोड़ो सबको। शत्रुमात्र को पीटो ठोंको।।**
**पराक्रमों से यदि तुम्हारे, यवनहीन धरणी होगी।**
**ध्यान रखो तब कीर्ति, तुम्हारी दिशा-दिशा में फैलेगी।।**
**जितना पाया ठीक संभालो। शक्ति, बुद्धि से नया कमा लो।।**
**वैभवशाली सुखी राष्ट्र हो। देश हमारा महाराष्ट्र हो।।**
**रूप शिवाजी का नित ध्यावो। यत्नशीलता उनकी लावो।**
**दिव्य भव्य था पौरुष उनका। चिन्तन-मनन करो तुम उनका।।**
**कैसा मोहक बतियाते थे। कुशल चाल कैसे चलते थे।।**
**कैसे थे वे मित्र जोड़ते। हृदय-हृदय में ध्येय रोपते।।**
**उनसे भी कुछ बढ़-चढ़कर जग में कर दिखलावो।**
**तभी बाप से पुत्र सवाई जनता से कहलाओ।**

संभाजी ने इस पत्र को मस्तक पर धारण किया और तदनुसार अपना आचरण भी बदला। शक संवत् १६०३ के पौष मास में संभाजी रामदास के दर्शन पाने सज्जनगढ़ पर उपस्थित हुए। रामदास ने उन्हें आशीर्वाद दिए। अब रामदासजी सबसे विदाई की भाषा बोलने लगे। आगे की व्यवस्था समझाने लगे। उसे सुनकर सब शिष्य आंसू बहाने लगे।

एक दिन उन्होंने अपने शिष्यों को जुटाकर कहा, ''यह देह तो नश्वर है। आत्मा को देखो। इतने दिनों से मेरे वचन सुनकर भी क्या इस जड़देह पर ही तुम्हारी आसक्ति है।''

**मेरी वाणी मेरी काया। आभासिक है केवल माया।।**
**दृश्यमान हूं हर वस्तु में। आत्मरूप में जड़चेतन में।।**
**आत्माराम पढ़ो तुम मन से। दासबोध भी सही लगने से।।**
**केवल पुस्तक रूप न मानो। उन्हें स्वरूपहिं मेरा जानो।।**
**मनोयोग से पठन करोगे। मेरा दर्शन नित पावोगे।।**

उस उपदेश को सुनकर शिष्यगण कुछ शांत हुए। फिर भी रामदास के चिरवियोग की कल्पना तक उन सबके लिए असहनीय थी।

सज्जनगढ़ के मंदिर में प्रस्थापित करने के लिए तंजावर के एक भक्त कलाकार को रामजी की मूर्ति भेजने के लिए रामदास ने बहुत दिनों से कह रखा था। रामदास उन्हीं की प्रतीक्षा कर रहे थे। माघ कृष्ण पंचमी को मूर्तियां आ गईं। रामजी की मूर्ति के सन्मुख बैठकर रामदास ध्यानमग्न होने लगे।


मूर्तिस्थापना का बहुत बड़ा उत्सव मनाया गया। हजारों शिष्य तथा दर्शनार्थी सज्जनगढ़ पहुंचे। भजन-कीर्तन से दसों दिशाएं गूंज उठीं। माघ कृष्ण अष्टमी तक रामदास सबको दर्शन देते रहे। माघ कृष्ण नवमी के दिन वे मंदिर में ध्यान लगाकर बैठ गए। दोपहर में ठीक बारह बजे उन्होंने श्रीराम श्रीराम श्रीराम का दीर्घोच्चारण किया और अपने प्राण श्रीरामजी के चरणों में समर्पित कर दिए।

माघ कृष्ण नवमी शक संवत् १६०३ को अर्थात् २२ जनवरी, १६८२ के दिन रामदासजी रामरूप हो गए। हजारों भक्तों ने एक स्वर में कहा - जय जय रघुवीर समर्थ।



।। जय जय रघुवीर समर्थ ।।

# श्रीसमर्थ बोधामृत




इस जगत से विदा लेने के पूर्व श्री समर्थ ने उनके द्वारा रचित 'दासबोध' तथा 'आत्माराम' को अपना स्वयं का स्वरूप बताया और शिष्यों से कहा कि इन ग्रंथों के माध्यम से उन्हें आजीवन मार्गदर्शन प्राप्त होता रहेगा। इन ग्रंथों के अलावा भी श्री समर्थ अपने पीछे साहित्य का विशाल भंडार छोड़ गए हैं। इसमें से 'मनाचे श्लोक' अर्थात् 'मनोबोध' तथा 'करुणाष्टकं' अर्थात् 'करुणा काव्य' विशेष रूप से सुप्रसिद्ध हैं। अपनी इन रचनाओं में श्री समर्थ ने छोटे-बड़े, संसारी, परमार्थी, राजकारणी, व्यावहारिक ऐसे सभी लोगों के लिए मार्गदर्शन प्रदान किया है। किशोर आयु के नवयुवकों के प्रति श्री समर्थ के मन में विशेष लगाव था। इस आयु के नवयुवकों द्वारा ही राष्ट्र का भविष्य तय होता है, यह उनका निश्चित मत था। इसी कारण उनकी रचनाओं में स्थान-स्थान पर नवयुवकों के लिए, आप-हम समान विद्यार्थियों के लिए उपदेश किया हुआ दिखाई देता है। श्री समर्थ के इन उपदेशों को अपनाकर हम पूरे जीवनभर उन्नति के मार्ग पर आगे बढ़ सकते हैं। आने वाले पृष्ठों में श्री समर्थ के इन उपदेशों के कुछ अंश प्रस्तुत किए गए हैं।

# १. नरदेह का महत्व - दुर्लभ अवसर

हमारे यहां पुराणों में एक कथा आती है। इस कथा के अनुसार किसी स्थान पर एक नगर बसा हुआ था। शत्रुओं के आक्रमण से रक्षा करने के लिए उसके चारों ओर एक मजबूत दीवार बनाई गई थी। पूरी दीवार में केवल एक ही दरवाजा था तथा उस नगर में प्रवेश करने के लिए अथवा नगर से बाहर जाने के लिए केवल उसी एकमात्र दरवाजे का उपयोग किया जाता था। एक दिन उस नगर में निवास करने वाले एक अंधे व्यक्ति को नगर से बाहर जाना था। वह लोगों से दरवाजे तक पहुंचा देने की प्रार्थना कर रहा था, पर इतनी दूर जाकर उसे दरवाजे तक ले जाने के लिए समय किसके पास था? तभी एक बालक ने उससे कहा कि मैं तुमको नगर की दीवार तक पहुंचा सकता हूं। वहां से दीवार को टटोलते हुए चलकर तुम दरवाजे तक पहुंच जाओगे। वह अंधा इसके लिए राजी हो गया। बालक ने उसे दीवार तक पहुंचा दिया। इसके पश्चात् वह अंधा एक हाथ में लाठी और दूसरे हाथ से दीवार को टटोलते हुए दरवाजे की दिशा में आगे बढ़ने लगा। बीच में उसकी गर्दन या पीठ में खुजली छूटती। ऐसा होने पर वह जिस हाथ से दीवार को छूता हुआ चल रहा था, उसी हाथ से अपना सिर या पीठ खुजलाने लगता। बार-बार वह ठीक दरवाजे के सामने आता और गर्दन या पीठ खुजलाने के चक्कर में आगे बढ़ जाता। परिणाम यह हुआ कि फिर से दरवाजे तक पहुंचने के लिए उसे पूरे नगर की प्रदक्षिणा करनी पड़ती। बेचारा सतत चल रहा था, परन्तु कहीं पहुंच नहीं रहा था।

बच्चों, यह अंधा व्यक्ति यानी और कोई नहीं तो आप-हम हैं। यह नगर यानी यह विशाल जगत है। यह दरवाजा यानी मानवजन्म है और दरवाजे से बाहर निकलने का अर्थ है इसमें से मुक्त हो जाना। मनुष्य जन्म ही ऐसा जन्म है, जिसमें हम अपने प्रयत्नों से अपनी उन्नति कर सकते हैं और अंत में मुक्ति को प्राप्त हो सकते हैं। नरदेह अर्थात् मनुष्य देह प्राप्त होना यह अतिशय दुर्लभ अवसर है। अनेक योनियों से गुजरकर हमें यह प्राप्त होती है, यह बार-बार नहीं मिलती। गर्दन अथवा पीठ खुजलाना यानी विभिन्न प्रकार के व्यसन और भोग इनमें उलझकर भाग्य से प्राप्त हुए इस अवसर से चूक जाना, अपना जीवन व्यर्थ गंवा देना है। इसी कारण श्री समर्थ ने अपने उपदेशों में नरदेह का सार्थक किस प्रकार कर लेना है, यह बात विशेष जोर देकर बताई है।



श्री समर्थ कहते हैं,

**धन्य-धन्य हा नरदेहो। येथील अपूर्वता पाहो।**
**जो-जो कीजे परमार्थलाहो। तो-तो पावे सिद्धीतें।।**

यह नरदेह अर्थात् हमें भाग्य से मिला हुआ यह मानव शरीर धन्य है, अपूर्व है। इसकी अपूर्वता ऐसी है कि इसके माध्यम से हम अपनी उन्नति के लिए, परमार्थ की प्राप्ति के लिए जो भी प्रयत्न करें, वे सफल सिद्ध होते हैं। इस नरदेह के माध्यम से ही मनुष्य ज्ञान प्राप्त करता है, विद्वान बनता है, अनेक प्रकार की सिद्धि प्राप्त करता है, भक्ति की प्राप्ति करता है। इतना ही नहीं, तो सलोकता, समीपता, स्वरूपता तथा सायुज्यता ये चार प्रकार की मुक्ति भी इसी मानव शरीर के माध्यम से प्राप्त होती है। ऐसे इस मानव शरीर का जितना भी वर्णन करें, प्रशंसा करें, वह कम ही है।

समर्थ आगे कहते हैं -

**या नरदेहाचेनि संमंधें। बहुत पावले उत्तम पदें।**
**अहंता सांडून स्वानंदें। सुखी जाले।।**

ऐसे इस नरदेह के माध्यम से अनेक लोग अपने अहंकार का त्यागकर आत्मानंद में डूब गए और उत्तम पद को प्राप्त हुए। श्री समर्थ आगे समझाते हैं कि पशुदेह के माध्यम से सद्गति की प्राप्ति नहीं हो सकती, इस प्रकार सभी ग्रंथ बताते हैं। केवल मानव शरीर के माध्यम से ही स्वयं की उन्नति कर हम अपना इहलोक और परलोक दोनों सुधार सकते हैं। हमारा शरीर साधारणतः हमारे स्वाधीन होता है, उस पर किसी अन्य का अधिकार नहीं होता, परन्तु इसे परोपकार में लगाकर हम अपनी कीर्ति अपने पीछे छोड़ जाएं। देह परमार्थ में लगाई तो ही उसका सार्थक हुआ। इस प्रकार कहा जा सकता है कि अन्यथा तो हमारा जन्म लेना ही व्यर्थ होकर अंत में हम मृत्यु का ग्रास बनकर रह जाते हैं। अनेक जन्मों के पुण्यकर्मों के फलस्वरूप हमें यह मानव शरीर प्राप्त होता है। उस पर भी हमारा भाग्य अच्छा हो तभी सन्मार्ग का लाभ होता है। इस कारण इस मानव शरीर के माध्यम से अधिकाधिक सत्कर्म कर अपना जीवन सार्थक कर लेना चाहिए। यदि हम ऐसा नहीं करेंगे, तो केवल इस धरती पर बोझ बनकर रह जाएंगे। श्री समर्थ कहते हैं,

**नरदेहाचें उचित। कांहीं करावे आत्महित।**
**यथानुशक्त्या चित्तवित्त। सर्वोत्तमीं लावावें।।**
**हे कांहीच न धरी जो मनीं। तो मृतप्राय वर्ते जनीं।**
**जन्मा येऊन तेणें जननी। वायांच कष्टविली।।**

इस मानव शरीर के माध्यम से ही हमें अपना आत्महित साध लेना है। इस कारण अपना मन और धन सर्वोत्तम की सेवा में अर्थात् परोपकार तथा परमार्थ की प्राप्ति में लगा देना है। जो ऐसा नहीं करता, वह जिंदा होते हुए भी मरे समान ही है। उसने व्यर्थ ही जन्म लेकर अपनी जननी को कष्ट दिए। अक्सर यह कहा जाता है कि यह आत्महित, परोपकार, परमार्थ ये सारी बुढ़ापे में करने की बातें हैं। युवावस्था अर्थात जवानी तो 'खाओ, पीओ, मजा करो' के लिए ही होती है। परंतु श्री समर्थ हमें सावधान करते हैं,

**वृद्धपणीं नाना रोग। भोगणें लागे कर्मभोग।**
**आतां भगवंताचा योग। कोणे वेळी।।**

वृद्धावस्था आने पर विभिन्न प्रकार के रोग पीछे लग जाते हैं, जीवन में किए कर्मों का फल भोगना पड़ता है। फिर ऐसी अवस्था में हम ईश्वर प्राप्ति के लिए साधना कैसे कर पाएंगे? पूरा जीवन हम इस शरीर को अधिकाधिक सुख प्रदान करने के लिए कष्ट करने में ही व्यतीत कर देते हैं। इसी के साथ-साथ केवल अपने घर-परिवार की चिन्ता करने में ही हमारा जीवन समाप्त हो जाता है। युवावस्था में तो अपने स्वयं के अतिरिक्त हमें किसी अन्य बात का ध्यान ही नहीं रहता, परन्तु सत्य यही है कि हमारी जवानी, हमारा सारा वैभव, हमारा घर-परिवार यह सारा कुछ अनित्य है, माया है। एक दिन अचानक यह जग छोड़कर चले जाने का क्षण आता है और जिसे हमने पूरा जीवन 'मेरा मेरा' कहकर सीने से चिपकाकर रखा, वह सारा यहीं छूट जाता है। इसी कारण श्री समर्थ कहते हैं,

**देहे ब्रह्मांडाचे फळ। देहे दुल्लभीच केवळ।**
**परी या देह्यास। उमजवावें।।**
**असो कांहीं येक करणें। कैसे घडे देह्याविणें।**
**देहे सार्थकीं लाविणे। म्हणिजें बरें।।**

हमारी देह यानी ब्रह्मांडवृक्ष का फल है। यह अतिशय दुर्लभ है, परन्तु यह केवल 'खाओ, पीओ, मजा करो' के लिए नहीं है। यह बात भलीभांति ध्यान में रखकर इसका साधन के रूप में उपयोग कर लेना चाहिए। हम अच्छे-बुरे जो भी कार्य करते हैं, वे देह के माध्यम से ही तो करते हैं। इस कारण अपनी देह द्वारा अधिकाधिक सत्कर्म करने में ही हमारे जीवन की सार्थकता है।

प्रतिदिन कहे जाने वाले प्रातःस्मरण का एक श्लोक सुप्रसिद्ध ही है -

**कराग्रे वसते लक्ष्मी करमध्ये सरस्वती।**
**करमूले तु गोविंद प्रभाते करदर्शनम् ।।**



इसका अर्थ यह है कि जीवन में कितना धन प्राप्त करना, यह मेरे हाथ में है। कितना ज्ञान संपादित करना यह मेरे हाथ में है। इतना ही नहीं तो परमेश्वर की प्राप्ति भी मेरे ही हाथ में है। ईश्वर ने मनुष्य को अनंत शक्ति प्रदान की है। दुर्भाग्य से मनुष्य उनका उपयोग उचित रीति से नहीं करता। मौज-मस्ती में ही उसका पूरा जीवन निकल जाता है, फिर वृद्धावस्था में अनेक प्रकार के रोग घेर लेते हैं। मन एकाग्र हो नहीं पाता। स्मरणशक्ति कम हो जाती है। शरीर दुर्बल होता जाता है। ऐसी स्थिति में मन में कितनी भी इच्छा हो, उसके अनुसार कर्म हो नहीं पाते। इस कारण बचपन से ही शरीर, मन और बुद्धि को अनुशासन में रखना होता है। हमारा जीवन मुक्त बहने वाली नदी के समान है। उस पर संयम का बांध बांधने से ही ज्ञान की विद्युत का प्रकाश हमारे जीवन को आलोकित कर सकता है और इस सब के लिए साधन है, हमारा अपना शरीर। इस शरीर का महत्व युवावस्था में ही ध्यान में आ जाए, तो इसे विभिन्न विषयों का अध्ययन, ग्रंथलेखन, परोपकार, साधना इत्यादि में लगाकर जीवन को सार्थक बनाना संभव हो पाता है। गायनकला, नृत्यकला इत्यादि द्वारा अनेक को आनंद प्रदान किया जा सकता है। तात्पर्य यह है कि ईश्वर द्वारा निर्मित इस सृष्टि में सबसे श्रेष्ठ फल यानी हमें सद्‌भाग्य से प्राप्त हुआ यह मानव शरीर है।

## २. आवश्यकता है आत्मविश्वास, धैर्य और प्रयत्न की

करीब ७५-८० वर्ष पूर्व एक सत्य घटना है। फलटन नगर के निकट श्मशान में हरिबाबा नाम के एक औलिया साधु रहा करते थे। सर्दी के दिन थे। सबेरे के समय कंडे जलाकर हरिबाबा आग सेंक रहे थे। एक युवक उनसे मिलने आया। वह युवक अतिशय निराश अवस्था में था। उसके घर में खाने के लाले पड़े हुए थे। सहायता के लिए किसी का आधार नहीं था। इस दुरावस्था से किस प्रकार मार्ग खोजें, यह उसे सूझ नहीं रहा था। हरिबाबा की कीर्ति सुनकर वह इस संबंध में उनकी सलाह लेने आया था। हरिबाबा ने उसकी बात सुनी और सामने जलते हुए कंडों की थोड़ी-सी राख उठाकर उस युवक की दिशा में फेंकते हुए बोले - ''इसे बेचो, इसे बेचो।'' युवक को इसका कुछ अर्थ समझ में नहीं आया। दो-तीन बार उसने बाबा के सामने अपनी समस्या रखी, परन्तु हर बार बाबा ने उसकी दिशा में राख फेंककर उसे बेचने के लिए कहा। वह युवक पुणे आया। वहां उसने कई लोगों से बाबा की इस कृति का अर्थ

पूछा। तब एक व्यक्ति ने उसे समझाया कि तुम टूथ पावडर बनाकर बेचो, यह बाबा तुमसे कहना चाहते हैं। इसके अनुसार उस युवक ने दंतमंजन बनाने का व्यवसाय प्रारंभ किया। अल्पावधि में ही उसे अपरिमित यश प्राप्त हुआ। वह महाराष्ट्र का प्रसिद्ध उद्योगपति बन गया। उसके द्वारा बनाया गया दंतमंजन ही आज 'बिटको टूथ पावडर' के नाम से सुप्रसिद्ध है।

बच्चों, श्री समर्थ के पास एक बार ऐसा ही एक गरीब युवक अपनी समस्या लेकर आया। वह श्री समर्थ से पूछता है,

**खाया नाहीं जेवया नाहीं। लेया नाहीं नेसाया नाहीं।**
**अंथराया नाहीं पांघराया नाहीं। कोंपट नाहीं अभागी।।**
**सोयरे नाहीं धायरे नाहीं। इष्ट नाहीं मित्र नाहीं।**
**पाहतां कोठें वोळखी नाहीं। आश्रयेंविण परदेसी।।**
**तेणें कैसे करावें। कायें जीवेंसी धरावें।**
**वाचावें का मरावें। कोण्या प्रकारें।।**

जिसके पास न खाने को है, न पीने को, न पहनने को है, न बिछाने को। सिर छिपाने के लिए एक झोपड़ी भी नहीं, ऐसा जो अभागा है, जिसका न कोई अपना है, न कोई रिश्तेदार। जिसका कोई इष्ट नहीं, मित्र नहीं, जो नितांत असहाय अपरिचित परदेस में बिना किसी आश्रय के है, वह क्या करे, कैसे करे। ऐसी अवस्था में वह अपने प्राणों की रक्षा किस प्रकार करे?

श्री समर्थ उत्तर देते हैं -

**धीरधरा धीरधरा तकवा। हडबडूं गडबडूं नका।**
**काळ देखोनि वर्तावें। सांडावे भय पोटिचें।।**
**धरावा धीर तो मोठा। विचारें पाहतां बरें।**
**अधीर माणसें खोटीं। काम कांहीं कळेचिना।।**
**खादाड आळसी, मंदु। सूचना ते कळेचिना।**
**प्रसंगी चळचळा कांपे। तो प्राणी आत्मघातकी।।**
**कोणाचा भर्वसा न धरावा। आपुला आपण विचार करावा।**
**तकवा उदंड धरावा। कोणी एकविषयी।।**

समर्थ समझाते हैं, धीरज रखो, धीरज रखो। उत्साह बनाए रखो। कठिन परिस्थिति में भी हड़बड़ा जाना ठीक नहीं है। समय को पहचान कर कार्य करो और



मन का भय दूर हटा दो। विचार करें तो धैर्य बनाए रखने से ही कार्य में सफलता मिलती है, धीरज खो देने वाले व्यक्ति से कोई कार्य हो नहीं पाता। खूब खाने वाला, आलसी, दी गई सूचना को समझ न पाने वाला व्यक्ति, किसी काम का नहीं होता। कठिन प्रसंग में जिसके पैर लटपटाने लगते हैं, वह अपना ही घात कर लेता है। हमें किसी के भरोसे नहीं रहना चाहिए, स्वयं अपने मन में विचार करना चाहिए और हाथ में लिए कार्य में सतत उत्साह बनाए रखना चाहिए। इसके आगे श्री समर्थ एक महत्वपूर्ण बात समझाते हुए कहते हैं -

**जो दुसऱ्यावरी विश्वासला। त्याचा कार्यभाग बुडाला।**
**जो आपणचि कष्टत गेला। तोचि भला।।**

जो दूसरे के भरोसे बैठा रहता है, उसका कार्य कभी पूरा नहीं हो सकता। जो स्वयं कष्ट करने के लिए सिद्ध है, वही भाग्यवान है। कठिन परिस्थिति आने पर अनेक लोग ज्योतिषी के पास अपना भविष्य पूछने जाते हैं। श्री समर्थ को यह स्वीकार नहीं। यह तो मन की दुर्बलता है। श्री समर्थ तो प्रयत्न को ही परमेश्वर मानते हैं। उनका कहना है -

**रेखा तितुकी पुसोन जाते। प्रत्यक्ष प्रत्यया येते।**
**डोळेझांकणी करावी ते। कायेनिमित्य।।**

हम प्रयत्न करें तो हाथ की रेखाएं (अपना भाग्य) भी बदल सकते हैं। यह प्रत्यक्ष अनुभव की बात है, फिर इस विषय में आंख मूंदकर क्यों बैठे रहना है?

समर्थ केवल सुनी-सुनाई बातों की अपेक्षा प्रत्यक्ष अनुभव पर अधिक बल देते हैं। वे कहते हैं -

**बहुतांचे बोली लागलें। तें प्राणी अनुमानी बुडाले।**
**मुख्य निश्चये चुकलें। प्रत्ययाचा।**
**उदंडाचें उदंड ऐकावें। परीं ते प्रत्ययें पाहावें।**
**खरे-खोटे निवडावें। अंतर्यामी।।**

जो लोग केवल दूसरों की बातें ही सुनते जाते हैं, वे बेचारे केवल संशय में पड़कर कोई निर्णय ले नहीं पाते। स्वयं का अनुभव न होने के कारण कोई निश्चय कर नहीं पाते। हम सबकी बातें सुनते रहें। किसी का मन न दुखाएं, परन्तु अपने मन में सारासार विचार कर सही क्या है और गलत क्या है, इसका निर्णय करें और उसके अनुसार कार्य करें। भगवान ने हमें बुद्धि का वरदान दिया है, वह किसलिए?

**घालून अकलेचा पवाड। व्हावे ब्रह्मांडाहून जाड।**
**तेथे कैचे आणिलें द्वाड। करंटपण।।**

अपनी बुद्धि का उपयोग कर हम ब्रह्मांड से भी बड़े हो सकते हैं, अर्थात् विश्व में कुछ भी प्राप्त कर सकते हैं। ऐसी स्थिति में (मेरे पास कुछ नहीं है) इस प्रकार के अभागेपन का भाव तुम्हारे पास कहां से आया? श्री समर्थ एक और व्यावहारिक उपदेश देते हुए कहते हैं,

**बहुत बोलणें एकावें। तेथें मौन्यचि धरावें।**
**अल्पचिह्न समजावें। जगदांतर।**
**जो दुसन्याचें अंतर जाणे। देश काळ प्रसंग जाणे।**
**तया पुरुषा काय उणें। भूमंडळीं।।**
**आधी कष्ट मग फळ। कष्टचि नाहीं ते निर्फळ।**
**साक्षेपेंविण केवळ। वृथापुष्ट।।**

जहां बहुत बातें हो रही हों, वहां हम मौन होकर सबकी बातें सुनते जाएं। दूसरों की थोड़ी-सी बातें सुनकर ही उनके मन में क्या है, यह हमारी समझ में आ जाना चाहिए। जो दूसरों के मन की बात समझ पाता है, देश, काल, प्रसंग को पहचानकर उसके अनुसार कार्य करता है, वह इस भूमंडल पर क्या नहीं प्राप्त कर सकता? परन्तु इसके लिए हमें पहले कष्ट उठाने होंगे। कष्ट किए बिना फल की प्राप्ति होती ही नहीं। इतना ही नहीं तो बिना कष्ट किए यदि कुछ प्राप्त होता हो, तो वह व्यर्थ है। साक्षेप अर्थात् उद्योग, प्रयत्न के बिना रहना यानी व्यर्थ में अपने शरीर को पुष्ट करने जैसा है।

श्री समर्थ ने साक्षेप अर्थात् अखंड उद्योग, प्रयत्न करने पर अतिशय बल दिया है। वे कहते हैं -

**येक सुखी येक दुःखी। प्रत्यक्ष वर्ततें लोकीं।**
**कष्टी होउनिया सेखी। प्रारब्धावरी घालिती।।**
**अचूक यत्न करवेना। म्हणोन केलें तो सजेना।**
**आपला अवगुण जाणवेना। कांहीं केल्या।।**
**बहुरत्न वसुंधरा। जाणजाणों विचार करा।**
**समजल्यां प्रत्ययो अंतरा। माजी येतो।।**
**कीर्ति करून नाहीं मेले। उगेच आले आणि गेले।**
**शाहाणें होउन भुलले। काय सांगावें।।**
**यत्नाचा लोक भाग्याचा। यत्नेंविण दरिद्रता।**



**उमजला लोक तो धाला। उमजेना तो हपापला।।**
**भाग्यासी काय उणें रे। यत्नावाचूनि राहिलें।**
**यत्न तो करावा कैसा। हेंचि आधी कळेचिना।।**
**मुख्य यत्न विचाराचा। त्यावरी बोलणें बरें।**
**चालणें सत्य नेमाचें। नीतिन्याय चुकों नये।।**
**बुद्धिने सर्वही होतें। बुद्धिदाता नारायणु।**
**आधी तो आपुला कीजे। लक्षुमी चरणीं बसे।।**

इस संसार में एक सुखी, तो एक दुखी दिखाई देता है। ऐसा क्यों है, इसका विचार किए बिना अधिकतर लोग इसके लिए प्रारब्ध अर्थात् भाग्य को दोष देते हैं, परन्तु श्री समर्थ कहते हैं कि इसके लिए भाग्य को दोष देना ठीक नहीं है। हम उचित रीति से अचूक प्रयत्न नहीं कर पाते, इसी कारण हमें कार्य में सफलता नहीं मिलती। यह वसुंधरा रत्नों की खान है। यहां क्या प्राप्त नहीं हो सकता? सारासार विचार करने से स्वयं ही इसका अनुभव हो जाता है। जो अपने पीछे अपनी कीर्ति छोड़कर नहीं गए, उनका जन्म लेना व्यर्थ गया। उनके पास सब कुछ था, परन्तु क्या कहें, भ्रम में पड़कर उन्होंने उसका कुछ भी उपयोग नहीं किया। प्रयत्न करने से ही मनुष्य भाग्यवान बनता है, बिना प्रयत्न के दरिद्र ही रह जाता है। यह बात जिसकी समझ में आ गई, वह सब कुछ पा लेता है। जो यह बात नहीं समझता, उसकी कोई इच्छा पूर्ण नहीं होती। हमारे भाग्य में किस बात की कमी है? परन्तु केवल प्रयत्न न करने के कारण ही हम उससे वंचित रह जाते हैं और प्रयत्न करना भी चाहें तो वह कैसे करें, इसका ज्ञान हमारे पास होता नहीं। प्रयत्न करने में प्रमुख बात है विचार, बुद्धि। उसका पूरा उपयोग करने के पश्चात् ही मुख से बात करनी चाहिए। इसी के साथ हमारा आचरण सत्य हो, नीति-न्याय से हम कभी दूर न हों। सारा कुछ बुद्धि से ही प्राप्त होता है और बुद्धिदाता तो नारायण हैं। लक्ष्मीजी उन्हीं के चरणों में निवास करती हैं। इस कारण प्रथम ईश्वर को ही अपने वश में कर लेना चाहिए, परन्तु इसके लिए भी सतत प्रयत्न करते रहना होगा। प्रयत्न ही परमेश्वर है।

**केल्याने होत आहे रे। आधी केलेंचि पाहिजे।**
**यत्न तो देव जाणावा। अंतरीं धरितां बरें।।**
**अचूक यत्न तो देवा। चुकणें दैत्य जाणिजें।**
**न्याय तो देव जाणावा। अन्याय राक्षसी क्रिया।।**

कोई भी कार्य करने से ही तो पूरा होता है। पहले (प्रयत्न) करना ही होगा।

प्रयत्न ही परमेश्वर है। यह बात हमारे मन में जितनी दृढ़तापूर्वक बैठ जाए, उतना अच्छा। अचूक प्रयत्न ही देव है और प्रयत्न करने से चूक जाना ही दैत्य है। इसी के साथ न्यायपूर्ण आचरण यह देवों का लक्षण है और अन्यायपूर्ण कर्म यह राक्षसी प्रवृत्ति है। कैसा अनोखा उपदेश है!

स्वामी विवेकानंद ने कहा - पुराना धर्म बताता है कि जिसका भगवान पर विश्वास नहीं वह नास्तिक है, परन्तु मेरा नया धर्म बताता है कि जिसका स्वयं पर विश्वास नहीं, वह नास्तिक है। तुम्हारा भले ही ३३ कोटि देवों पर विश्वास हो, परन्तु यदि तुम्हारा स्वयं पर विश्वास न हो, तो तुम नास्तिक ही हो। श्री समर्थ और स्वामी विवेकानंद दोनों प्रयत्न को ही परमेश्वर मानते हैं। लोग प्रयत्न नहीं करते अथवा गलत दिशा में प्रयत्न करते हैं और अपयशी होने पर अपनी नसीब को दोष देते हैं। यह दुर्बलता न श्री समर्थ को मान्य है, न स्वामी विवेकानंद को। आत्मविश्वास की सहायता से मनुष्य अपना ध्येय निश्चित प्राप्त कर सकता है। श्री समर्थ और स्वामी विवेकानंद के रूप में इसका प्रत्यक्ष उदाहरण हमारे सामने है। इसी कारण कहा गया है -

**खड़ा हिमालय बता रहा है, डरो न आंधी-पानी में।**
**डटे रहो अपने ही पथ पर, कठिनाई तूफानों में।।**
**डिगो न अपने पथ से तो फिर, सब कुछ पा सकते हो प्यारे।**
**तुम भी ऊंचे बन सकते हो, छू सकते हो नभ के तारे ।।१।।**
**अटल रहा जो अपने पथ पर, लाख मुसीबत आने में।**
**मिली सफलता जग में उसको, जीने में मर जाने में ।।२।।**
**जितनी भी बाधाएं आईं, उन सबसे ही लड़ा हिमालय।**
**इसलिए तो दुनियाभर में, हुआ सभी से बड़ा हिमालय ।।३।।**

## ३. मेरे जीवन का शिल्पकार मैं ही हूं

एक सुप्रसिद्ध चित्रकार था। एक बार वह ईसा मसीह का बाल्यावस्था का चित्र बनाना चाहता था। इसके लिए उसे किसी मॉडल की जरूरत थी। वह अनेक विद्यालयों में घूमा। सैकड़ों बच्चों को उसने देखा। उनमें से १३-१४ वर्ष के एक भोले-भाले बालक का उसने मॉडल के रूप में चुनाव किया और चित्र बनाया। उसका चित्र बड़ा प्रसद्धि हुआ। एक बड़ी कंपनी ने अपनी कंपनी के विज्ञापन के लिए कैलेंडर बनाने के लिए वह



चित्र चुना और चित्रकार को एक बड़ी राशि देकर वह चित्र उससे खरीद लिया। आगे करीब २०-२२ वर्ष पश्चात् वह कंपनी दुबारा कैलेंडर बनाना चाहती थी और इस बार कैलेंडर पर शैतान का चित्र देना था। उस चित्रकार ने दुबारा चित्र बनाने का निश्चय किया। अब शैतान का मॉडल कहां मिल सकता था? वह बड़े-बड़े कारागृहों में घूमकर वहां सजा काट रहे बड़े-बड़े गुनाहगारों को देखने लगा। अंत में एक कैदी का अतिशय क्रूर चेहरा देखकर उसने उसको अपना मॉडल बनाया और शैतान का चित्र बनाया। चित्र पूरा होने पर उसने उस कैदी को मॉडल बनने के एवज में कुछ राशि भी भेंट की। तब वह कैदी बोला - ''बीस बाईस वर्ष पहले आपने मुझे मॉडल बनाकर यीशु का चित्र बनाया था, तब मुझे बक्शीस में कुछ नहीं दिया था।''

बच्चों, यह कहानी यहीं समाप्त हो जाती है। हमारे अपने ही भीतर भगवान भी हैं और शैतान भी। हमारे जीवन में इनमें से कौन प्रकट होगा यह इस बात पर निर्भर करता है कि हम किन गुणों की उपासना करते हैं। प्रत्येक मनुष्य में स्वाभाविक रूप से तीन गुण विद्यमान होते हैं, सत्वगुण, रजोगुण तथा तमोगुण। इन तीनों में रजोगुण मध्य में है। रजोगुण हमें क्रियाशील बनाता है, परन्तु उसमें तमोगुण मिला हुआ हो, तो वह हमारी अवनति का कारण बन जाता है और उसमें सत्वगुण मिल जाए तो हमारी उन्नति का। इसी कारण तीन गुणों का वर्णन करते समय श्री समर्थ ने सर्वप्रथम रजोगुण का ही वर्णन किया है। श्री समर्थ कहते हैं,

**माझे घर माझा संसार। देव कैचा आणिला थोर।**
**ऐसा करी जो निर्धार। तो रजोगुण।।**
**बरें खावें बरें जेवावें। बरें ल्यावें बरे नेसावें।**
**दुसऱ्यांचें अभिळाषावें। तो रजोगुण।।**
**कैंचा धर्म कैचें दान। कैंचा जप कैंचें ध्यान।**
**विचारीना पापपुण्य। तो रजोगुण।।**
**मी तरुण मी सुंदर। मी बलाढ्य मी चतुर।**
**मी सकळामध्ये थोर। म्हणे तो रजोगुण।।**
**दुसऱ्यांचे सर्व जावें। माझेंचि बरे असावें।**
**ऐसे आठवें स्वभावें। तो रजोगुण।।**
**जें जें दृष्टि पडिलें। तें तें मनें मागितलें।**
**लभ्य नस्तां दुःख झालें। तो रजोगुण।।**
**टवाळी ढवाळी निंदा। सांगणें घडें विवादा।**
**हास्य विनोद करी सर्वदा। तो रजोगुण।।**

रजोगुण जिसमें प्रबल है, उस सांसारिक व्यक्ति का आचरण कैसा होता है? यह घर मेरा, यह संसार मेरा, यहां भगवान का क्या काम? माँ-बाप, पत्नी, बच्चे केवल इनकी ही चिन्ता करते रहना, यह रजोगुण। अच्छा खाएं, अच्छा पहनें, कहां का धर्म, कहां का जप और कहां का दान? इस प्रकार जो पाप-पुण्य का विचार नहीं करता, वह रजोगुण। इस संसार में मैं ही सबसे सुंदर हूं, मैं ही शक्तिशाली हूं, मैं ही सबसे चतुर हूं, इस प्रकार जो सोचता है, वह रजोगुण। अपना गांव, अपना घर, बंगला, देश इनके लिए रजोगुणी मनुष्य के मन में अतिशय अभिमान होता है, परन्तु मेरा यह सारा कुछ बना रहे, दूसरे का भले ही खो जाए, ऐसी उसकी सोच होती है। रजोगुणी व्यक्ति के सामने जो जो आए, वह सतत उसकी अभिलाषा करता जाता है। उसमें से यदि कुछ प्राप्त न हो सका, तो मन ही मन दुखी हो जाता है। रजोगुण हमें क्रियाशील बनाए रखता है, यह सत्य, परन्तु हमारी क्रियाशीलता को उचित दिशा में न मोड़ा गया तो उसका उपयोग किन बातों में होगा? श्री समर्थ कहते हैं, दूसरों की हंसी उड़ाना, निंदा करना, व्यर्थ के वाद-विवाद में उलझे रहना, हंसी-मजाक में समय गंवा देना, ये सारे रजोगुण के लक्षण हैं।

ऐसे इस क्रियाशील रजोगुण में तमोगुण मिल जाए तब तो हमारा पतन निश्चित है। अब तमोगुण के क्या लक्षण हैं?

श्री समर्थ बताते हैं -

**शेरीरीं क्रोध भरतां। नोळखे माता-पिता।**
**बंधु बहिण कांता। ताडी तो तमोगुण।।**
**भरलें क्रोधाचें काविरे। पिशाच्यापारी वावरे।**
**नाना उपायें नावरे। तो तमोगुण।।**

तमोगुण का प्रथम लक्षण है, अनियंत्रित क्रोध। एक बार क्रोध से भर जाने पर तमोगुणी मनुष्य के लिए माँ, बाप, भाई, बहन, पत्नी, बच्चे किसी की कीमत नहीं होती। क्रोध में भरकर दूसरे का प्राण लूं या स्वयं का प्राण दूं, ऐसा उसे लगता है। क्रोध में भरकर वह पिशाचवत् व्यवहार करता है। किसी भी प्रकार से काबू में नहीं आ पाता। श्री समर्थ आगे वर्णन करते हैं -

**डोळा युध्यचि पाहावें। रण पडिलें तेथे जावें।**
**ऐसे घेतलें जीवें। तो तमोगुण।।**
**अखंड भ्रांती पडे। केला निश्चय विघडे।**
**अत्यंत निद्रा आवडे। तो तमोगुण।**
**किडा मुंगी आणि स्वापद। याचा करूं आवडे वध।**



**अत्यंत जो कृपामंद। तो तमोगुण।।**
**कलह व्हावा ऐसे वाटे। झोंबी घ्यारी ऐसे उठे।**
**अंतरी द्वेष प्रकटे। तो तमोगुण।।**
**युध्य देखावें ऐकावें। स्वयें युध्यधि करावें।**
**मारावे की मरावे। तो तमोगुण।।**
**सत्कर्मे ते नावडती। नाना दोष ते आवडती।**
**पापभय नाहीं चित्ती। तो तमोगुण।।**
**भांडण लाउन द्यावे। स्वये कौतुके पाहावे।**
**कुबुद्धि घेतली जीवे। तो तमोगुण।।**
**ज्येष्ठ बंधु बाप माये। त्यांची वचने न साहे।**
**शीघ्रकोपी निघोन जाये। तो तमोगुण।।**

तमोगुणी मनुष्य को लड़ाई-झगड़े में बड़ा रस मिलता है। जहां पर दंगा-फसाद हो रहा हो, वहीं जाने की उसके मन में इच्छा होती है। तमोगुणी मनुष्य का मन सदैव भ्रमित होता है। उसके मन का निश्चय कभी भी अधिक समय तक टिका नहीं रहता, उसे निद्रा अतिशय प्रिय होती है। कीड़े-मकोड़े, चींटी, अन्य प्राणी इनकी व्यर्थ ही हत्या करना उसे प्रिय होता, किसी के प्रति उसके मन में दया नहीं होती। तमोगुणी मनुष्य को संघर्ष अतिशय प्रिय होता है, उसका मन द्वेष से भरा होता है। वह सदैव मरने-मारने की ही बातें करता रहता है। तमोगुणी मनुष्य की सत्कर्मों में कोई रुचि नहीं होती। उसे दोष ही अच्छे लगते हैं। उसके मन में पाप-पुण्य का कोई विचार नहीं होता। दूसरों के बीच झगड़ा लगाकर स्वयं उसका आनंद लेना ऐसी कुबुद्धि रखने वाला मनुष्य तमोगुणी कहलाता है। जो अतिशय शीघ्रकोपी होता है, माता-पिता, बड़ा भाई इनके हितकारक वचन जिसे सहन नहीं होते और छोटी सी बात पर जो घर छोड़कर निकल जाता है, वह तमोगुणी कहलाता है। ऐसे तमोगुण से बचना चाहिए, यह कहने की क्या आवश्यकता है?

और हमारी उन्नति में सहायक सत्वगुण के क्या लक्षण हैं? श्री समर्थ वर्णन करते हैं -

**ईश्वरी प्रेमा अधिक। प्रपंच संपादणें लौकिक।**
**सदा सन्निध्य विवेक। तो सत्वगुण।।**
**परमार्थाची आवाडी। उठे भावार्थाची गोडी।**
**परोपकारी तांतडी। तो सत्वगुण।।**
**लावी वनें उपवनें। पुष्पवाटिका जीवने।**

**निववीं तापसींचीं मने। तो सत्वगुण।।**
**देवाकारणें खाद्य। नाना प्रकारी नैवेद्य।**
**अपूर्व फळें अर्पी सद्य। तो सत्वगुण।।**
**ऐसी भक्तीची आवडी। नीच दास्यत्वाची गोडी।**
**स्वयें देवद्वारें झाड़ी। तो सत्वगुण।।**
**देवालागी उपोषण। वर्जी तांबोल भोजन।**
**नित्य नेम जप ध्यान। तो सत्वुगण।।**
**शब्द कठीण न बोले। अतिनेमेंसी चाले।**
**योगी जेणें तोषविले। तो सत्वगुण।।**
**शांति क्षमा आणि दया। निश्चय उपजे जया।**
**सत्वगुण जाणा तया। अंतरी आला।।**
**आले अतीत अभ्यागत। जाऊं नेदी जो भुकिस्त।**
**येथानशक्ती दान देत। तो सत्वगुण।।**
**जेणें जिंकली रसना। तृप्त जयाची वासना।**
**जयास नाहीं कामना। तो सत्वगुण।**
**सकळांसी नम्र बोले। मर्यादा धरून चाले।**
**सर्व जन तोषविलें। तो सत्वगुण।।**
**सकळ जनासीं आर्जव। नाहीं विरोधास ठाव।**
**परोपकारी वेची जीव। तो सत्वगुण।।**
**नीच उत्तर सहाणें। प्रत्योत्तर न देणें।**
**आला क्रोध सावरणें। तो सत्वुगण।।**
**कोणी येकास मारी। तयास जाऊन वारी।**
**जीव बंधनमुक्त करी। तो सत्वगुण।।**
**संत देखोनि धावे। परम सुख हेलावे।**
**नमस्कारी सर्वभावें। तो सत्वगुण।।**

सत्वगुण का प्रमुख लक्षण यह है कि बाह्यतः सर्वसाधारण लोगों के ही समान व्यवहार करते हुए अपने घर-परिवार की चिंता करते हुए भी जिसके मन में ईश्वर के प्रति प्रगाढ़ प्रेम होता है, जिसके अंतःकरण में विवेक सदैव जाग्रत रहता है, वह व्यक्ति सत्वगुणी होता है। सत्वगुणी मनुष्य की परमार्थ में अतिशय रुचि होती है। वह सदैव परोपकार करने में लगा होता है। वृक्ष लगाना, बगीचे निर्माण करना, उनको पानी देना और उसके द्वारा तपस्वीजनों को संतोष प्रदान करना, यह सत्वगुण



का लक्षण है। ईश्वर को अर्पित करने के लिए विभिन्न प्रकार के खाद्य पदार्थ बनाना, मन में भक्तिभाव रहना, ईश्वर की सेवा करते समय मंदिर में झाड़ू लगाने समान छोटे कार्य करने में भी संकोच न करना, यह सत्वगुण का लक्षण है। सत्वगुणी मनुष्य ईश्वर के लिए उपवास करता है, भोजन, तांबूल इत्यादि छोड़ देता है तथा नित्य नियमपूर्वक जाप, ध्यान करता है। किसी के प्रति कटुवचन न बोलना, नियमपूर्वक आचरण रखना, योगीजनों को संतोष प्रदान करना, यह सत्वगुण का लक्षण है। जिसके आचरण में शांति, क्षमा, दया दिखाई देती है, निश्चय दिखाई देता है, उसके अंतःकरण में सत्वगुण निवास कर रहा है, ऐसे जानना चाहिए। घर पर अचानक अतिथि आ जाएं तो उसे भूखा नहीं जाने देता, जो यथाशक्ति दान देता रहता है, वह सत्वगुणी है। जिसने अपनी रसना पर काबू पा लिया है, जिसकी वासनाएं शांत हो चुकी हैं, जिसके मन में कोई कामना नहीं, वह सत्वगुणी है। जो सभी के प्रति विनम्र वचन बोलता है, अपनी मर्यादा में रहता है, सभी को संतोष प्रदान करता है, वह सत्वगुणी है। जिसका अंतःकरण सरल होता है, जिसके मन में किसी के प्रति विरोध नहीं होता, जो परोपकार करने में अपने प्राण भी अर्पण करने के लिए तैयार रहता है, वह सत्वगुणी है। दूसरों के कटुवचन सहन करना, प्रत्युत्तर न देना, अपना क्रोध नियंत्रण में रखना, ये सत्वगुण के लक्षण हैं। कोई किसी को मार रहा हो तो उसे जाकर बचाना, बंधन में पड़े जीवों को मुक्त करना, ये सत्वगुण के लक्षण हैं। संतों का दर्शन होते ही जिसका मन आनंद से भर जाता है और सर्वभाव से जो उनको नमन करता है, वह सत्वगुणी कहलाता है।

रजोगुण, तमोगुण और सत्वगुण का इस प्रकार वर्णन करने के पश्चात् श्री समर्थ कहते हैं -

**हें आवघें आपणांपासी। येथें बोल नाहीं जनासी।**
**सिकवावें आपुल्या मनासी। क्षणाक्षणा।।**

ये सारे गुण हमारे ही भीतर निवास करते हैं। यहां दूसरों को किसी प्रकार का दोष नहीं दे सकते। सतत आत्मपरीक्षण कर हमें स्वयं ही अपने मन को शिक्षा देते जाना है। हमारा आचरण अच्छा हो तो दूसरों को उपदेश देने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। अन्य लोग हमारा आचरण देखकर वैसा ही आचरण करने लगेंगे। श्री समर्थ कहते हैं -

**अरें! पुढिल्यांचे तुज काय। तूं तो समाधानी होय।**
**तुझे समाधान जालियां उपाय। जनासी करणे न लगे।।**

अरे! तुम अन्यों की चिन्ता क्यों करते हो? अपनी उन्नति कर तुम स्वयं

समाधान की प्राप्ति कर लो। तुम्हारा अपना समाधान हो जाए तो अन्यों के लिए कुछ करने की आवश्यकता नहीं रहेगी।

श्री समर्थ द्वारा किया गया रजोगुण, तमोगुण तथा सत्वगुण का यह वर्णन इस प्रकार आत्मपरीक्षण करने के लिए है। इनमें से कौन से गुणों का विकास करना और कौन से गुणों का त्याग करना, यह हमारे अपने हाथ में है। इसी कारण कहा गया है कि मेरे जीवन का शिल्पकार मैं ही हूं।

# ४. दिनचर्या में व्यायाम, खेल, अध्ययन, विश्राम इनका संतुलन होना चाहिए

श्री समर्थ का शिष्य उद्धव एक दिन माहुली के निकट कृष्णा नदी के तट पर संध्या वंदन करते हुए बैठा था। वहां के मुगल थानेदार ने उसे देखा और पकड़कर कारागृह में डाल दिया। दो-तीन दिन निकल गए। भूखा-प्यासा उद्धव कैद में श्री समर्थ की प्रार्थना करने लगा। इधर श्री समर्थ को उद्धव की इस दुर्दशा का समाचार मिला। उन्होंने एक बड़ा डंडा हाथ में लिया, दस-बीस हट्टे-कट्टे शिष्य अपने साथ लिए और माहुली पहुंचे। श्री समर्थ का वह रूप देखकर ही थानेदार के होश उड़ गए। उसने श्री समर्थ से क्षमा मांगी और उद्धव को तुरन्त छोड़ दिया। श्री समर्थ ने फिर उद्धव को समझाते हुए कहा, ''तुम भगवद्भक्त हो। भरपूर जप-तप करते हो, ग्रंथों का अध्ययन भी करते हो, परन्तु समय अच्छा नहीं है। इस कारण प्रतिदिन व्यायाम किया करो। कोई हमारी छेड़खानी नहीं करेगा, इतनी शक्ति तो हमारे में होनी ही चाहिए।''

श्री समर्थ के बड़े भाई का नाम था गंगाधर पंत। उनके दो पुत्र थे। रामजी और शामजी। ये दोनों जब दस-बारह वर्ष के थे, तब श्री समर्थ द्वारा अपने इन दो भतीजों को लिखा हुआ एक पत्र उपलब्ध है। उसमें श्रीसमर्थ ने कहा है कि जीवन में सभी बातों का सुंदर संतुलन होना चाहिए। कई बार जिनका शरीर स्वस्थ होता है, उनकी बुद्धि स्वस्थ नहीं होती और जिनकी बुद्धि स्वस्थ होती है, उनका शरीर दुर्बल होता है। श्री समर्थ को शक्ति और युक्ति दोनों का सुंदर समन्वय अपेक्षित है। कोई विद्यार्थी खूब पढ़ाई करे, परन्तु उसका शरीर दुर्बल हो तो उसे अनेक रोग घेर लेंगे और वह दुखी हो जाएगा। इस कारण प्रतिदिन जिनमें शारीरिक व्यायाम हो, ऐसे खेल खेलना चाहिए, भरपूर पढ़ाई करनी चाहिए, ईश्वरोपासना करनी चाहिए। अपने भतीजों को



लिखे पत्र में श्री समर्थ सर्वप्रथम कहते हैं -

**बरे सत्य बोला यथातथ्य चाला। बहु मानिती लोक तेणे तुम्हाला।।**
**धरा बुद्धि पोटी विवेके मुले हो। बरा गुण तो अंतरामाजी राहो।।१।।**

सदा सत्य बोलो और प्रसंग को पहचानकर, समझकर आचरण करो। इसी से अन्य लोग तुम्हारा आदर करेंगे। अपनी बुद्धि और विवेक का सदैव उपयोग करो। यह गुण तुम्हारे भीतर सदैव बना रहे। श्री समर्थ आगे लिखते हैं,

**सदा दात घासोनिं तोंडा धुवावे। कलाहीन ते शूद्रमुखी नसावे।**
**सदा सर्वदा येत्न सोडू नए रे। बहूसाळ हा खेळ कामा न ये रे ।।२।।**

प्रतिदिन मुखमार्जन कर मुंह धोना चाहिए। हमारा मुख सदा साफ-सुथरा, प्रसन्न होना चाहिए। वह कभी गंदा, मुरझाया हुआ न हो। हम प्रयत्न करना कभी न छोड़ें। इसी प्रकार अपना पूरा समय खेलकूद में ही बिता देना उचित नहीं है।

**दिसामाजी काही तरी ते लिहावे। प्रसंगी अखंडीत वाचीत जावे।**
**गुणश्रेष्ठ उपास्य त्यांचे करावे। बरे बोलणे सत्य जीवी धरावे ।।३।।**

प्रतिदिन कुछ न कुछ लिखना चाहिए, समय मिलने पर अच्छा साहित्य पढ़ते रहना चाहिए। सदैव श्रेष्ठ गुणों को अपनाने का प्रयास करना चाहिए। हम सदा सत्य बोलें, परन्तु हमारी वाणी मधुर हो।

**बहु खेळ खोटा सदालस्य खोटा। समस्तांशी भांडेल तोचि करंटा।**
**बहुता जनालागी जीवी भजावे। भल्त्यासंगती न्याय तेथे भजावे ।।४।।**

बहुत अधिक खेलकूद ठीक नहीं। उसी प्रकार आलसी होकर पड़े रहना भी ठीक नहीं। जो सभी से झगड़ता रहता है, वह अभागा होता है। हम अनेकों को अपना बना लें और जो न्यायी है, ऐसे भले लोगों की संगति में रहें।

**हिशेबी सदा न्याय सांडू नये रे। कदाचित् अन्याय होता धका रे।**
**जनी सांडता न्याय रे दुःख होते। महासुख ते ही अकस्मात जाते ।।५।।**

हिसाब-किताब करते समय हम कभी अन्याय न करें। व्यवहार करते समय न्याय को हानि पहुंचे तो दुःख प्राप्त होता है, महासुख भी अचानक खो जाता है।

**प्रचीतीवीणे बोलणे वेर्थ वाया। विवेकेवीणे सर्व ही दंभ जाला।**
**बहु सज्जला नेटका साज केला। विचाराविणे सर्वही वेर्थ गेला ।।६।।**

प्रत्यक्ष अनुभव लिए बिना कोरी बातें करना व्यर्थ है। उसी प्रकार विवेक के बिना किया सारा कार्य दंभ होता है। कोई बहुत सजधजकर शृंगार करे, परन्तु उसके पास विवेक-विचार न हो तो उसका सारा सजना-धजना व्यर्थ है।

**वरी चांगला अंतरी गोड नाहीं। तया मानवाचे जिणे वेर्थ पाही।**

**वरी चांगला अंतरी गोड आहे। तयालागी कोणीतरी शोधिताहे ।।७।।**

जो बाहर से भला दिखाई देता है, परन्तु जिसके भीतर मिठास नहीं है, ऐसे मनुष्य का जीवन व्यर्थ ही है। जो भीतर-बाहर दोनों ओर से मीठा है, लोग उसी को खोजते हैं, अर्थात् वही दूसरों को प्रिय होता है।

**सदा अंतरी गोड से सांडवेना। कदा अंतरी ओखटे देखवेना।**

**म्हणूनी बरा गुण आधी धरावा। महाघोर संसार हा निरसावा ।।८।।**

हमारे अंतःकरण की मधुरता को हम कभी न छोड़ें। उसी प्रकार अपने अंतःकरण में हम कभी झूठ को आश्रय न दें। यह गुण आत्मसात करें और इस भयकारी संसार के पार हो जाएं।

**भला रे भला बोलती ते करावे। बहुता जनांचे मुखे येश घ्यावे।**

**परी शेवटी सर्व सोडोनी द्यावे। मरावे परी कीर्तिरूपे उरावे ।।९।।**

भले लोग जो हमारे हित की बातें कहते हैं, उसके अनुसार आचरण कर हम अनेक के बीच यश को प्राप्त करें। ऐसे कार्य करें, जिससे समाज में हमारे यश की चर्चा हो, परन्तु अंत में सारा कुछ छोड़ दें। हम भले ही संसार में न रहें, परन्तु हमारी मृत्यु के पश्चात् हमारी कीर्ति बनी रहे।

**बरा ओखटा सर्व संसार जाला। अकस्मात येईल रे कालघाला।**

**म्हणोनि भले संगती सत्य चाला। जनी दास तो बोधिताहे मुलाला ।।१०।।**

अच्छा-बुरा, सच्चा-झूठा ऐसा यह संसार है। अचानक किस क्षण में इसे छोड़कर चले जाना होगा, यह कोई नहीं जानता। इसी कारण सदैव भले लोगों की संगति में सत्य का हाथ थामकर चलो। बच्चों के लिए श्री समर्थ का यही उपदेश है।

## आदर्श दिनचर्या -

अपने सुप्रसिद्ध ग्रंथ दासबोध में श्री समर्थ ने हम सबके लिए आदर्श दिनचर्या बताई है। हमारे विद्यालय, कार्यालय इत्यादि के समयानुसार उसमें कुछ परिवर्तन किया जा सकता है, परन्तु उसकी मूल बातें आज भी उतनी ही उपयोगी हैं, जितनी श्री समर्थ के काल में थीं।

श्री समर्थ कहते हैं,

प्रातःकाल जल्दी उठकर कुछ श्लोक, सुभाषित इत्यादि याद करना चाहिए। पश्चात् यथाशक्ति सर्वशक्तिमान परमात्मा का स्मरण करना चाहिए।



पश्चात् मुखमार्जन, प्रातः स्नान, संध्या तथा यथासांग ईश्वर का पूजन करना चाहिए।

पीछे पढ़े हुए पाठ को एक बार दोहराकर आगे के पाठ का अध्ययन करना चाहिए। व्यर्थ की इधर-उधर की बातें करने में समय नहीं गंवाना चाहिए।

कुछ जलपान कर फिर अपने कामधंधे में लग जाना चाहिए। अपनी मधुर वाणी से सबको प्रसन्न रखना चाहिए। जिसका जो व्यापार हो उसने उसमें सावधान रहना चाहिए। सावधान न रहने पर छोटा बच्चा भी हमें बेवकूफ बना सकता है।

यदि हमारा मन इधर-उधर भटकता रहे तो हमें आवश्यक बातों का विस्मरण हो जाता है। हमसे व्यवहार में भूल हो जाती है, हाथों से वस्तुएं नीचे गिरकर नुकसान हो जाता है, फिर पश्चाताप करना पड़ता है। दुश्चित अर्थात् मन एकाग्र न रहने का यह परिणाम होता है। यह सभी का अनुभव है।

इस कारण हम सावधान रहकर एकाग्र चित्त से अपने कार्य करें। इस प्रकार कार्य समाप्त करने के पश्चात् ही भोजन करने से मन को समाधान की प्राप्ति होती है।

भोजन करने के पश्चात् कुछ वाचन करें, कुछ चर्चा करें, फिर एकांत में बैठकर विभिन्न सद्ग्रंथों का अध्ययन करें।

इस प्रकार की दिनचर्या हो तभी मनुष्य बुद्धिमान, समझदार बनता है अन्यथा मूर्ख ही रह जाता है। फिर अन्य लोग सुखों का उपभोग करते हैं और यह केवल दीनभाव से देखता रह जाता है।

हम यदि भाग्यवान होना चाहते हैं, तो क्या करें? श्री समर्थ कहते हैं,

**ऐक सदेवपणाचे लक्षण। रिकामा जाऊं नेदी येऊ क्षण।**

**प्रपंचवेवसायाचें ज्ञान। बरे पाहे।।**

भाग्यवान व्यक्ति का लक्षण यह है कि वह एक भी क्षण व्यर्थ नहीं गंवाता और अपने कार्य में पूरी सावधानी के साथ निमग्न रहता है।

## नियमित व्यायाम आवश्यक है -

श्री समर्थ को व्यायाम करना अतिशय प्रिय था। अपने बचपन में वे अपनी आयु के साथियों को एकत्रित कर खूब व्यायाम किया करते थे। आगे चलकर अपने

शिष्यों से भी नियमित व्यायाम करने के लिए कहते थे। अपनी एक रचना में नियमित व्यायाम करने पर जोर देते हुए वे कहते हैं,

**धकाधकीचा मामला। कैसा घडे अशक्ताला।**
**नाना बुद्धी शक्ताला। म्हणोनी सिकवाक्या।।**
**शक्तीने पावती सुखें। शक्ति नसता विटंबना।**
**शक्तीने नेटका प्राणी। वैभव भोगितां दिसें।।**
**कोण पुसे अशक्ताला। रोगीसे बराडी दिसे।**
**शक्ती तो सर्वहि सुखें। शक्ती आनंद भोगवी।**
**सार संसार शक्तीनें। शक्तीनें शक्ति भोगिजे।**
**शक्त तो सर्वही भोगी। शक्तीवीण दरिद्रता।**
**शक्तीने मिळती राज्यें। युक्तीने यत्न होतसे।**
**शक्ति युक्ति जये ठाईं। तेथे श्रीमंत धावती।**
**उदंड खस्तिचीं कामें। मर्द मारुनि जातसे।**
**नामर्द काय ते लंडी। सदा दुश्चीत लालची।**
**असों हे बोलणें जालें। युक्तीवीण कामा नये।**
**युक्तीला पाहिजे शक्ती। तस्मात् शक्ती प्रमाण हे।**

हमारे जीवन में हमें सतत संघर्ष करना पड़ता है। ऐसे में बलहीन, शक्तिहीन व्यक्ति यहां कैसे सफल हो सकता है? इस कारण बुद्धि का उचित उपयोग वही कर सकता है, जो स्वस्थ है, बलवान है। समर्थ कहते हैं, शक्ति द्वारा ही सुखों की प्राप्ति होती है। पास में शक्ति न हो, तो दुर्दशा होना निश्चित है। शक्तियुक्त प्राणी ही यहां वैभव का उपभोग करता हुआ दिखाई देता है। दुर्बल, रोगी को कौन पूछता है? जिसके पास शक्ति है, उसके पास सारे सुख और आनंद हैं और शक्ति का उपभोग भी पास में शक्ति हो, तभी हो पाता है। पास में शक्ति हो तो सारे भोग हैं, शक्ति न हो तो दरिद्रता ही हाथ लगती है।

इसके पश्चात् हमारे जीवन में शक्ति और युक्ति का मिलाप होना चाहिए। यह बात समझाते हुए श्री समर्थ कहते हैं कि युक्ति से प्रयत्न किया जाता है और शक्ति से राज्य प्राप्ति होती है, अर्थात् कार्य में सफलता प्राप्त होती है। मर्द, साहसी व्यक्ति अनेक कठिन प्रसंगों से पार हो जाता है, नामर्द, दुश्चित, डरपोक, लालची मनुष्य क्या पा सकेगा? यह सारा शक्ति के विषय में कहा गया, परन्तु बिना युक्ति के केवल शक्ति काम नहीं आती और युक्ति के साथ शक्ति न हो तो हम किसी कार्य में सफल नहीं हो सकते। हम स्वतंत्र, निर्भय होकर जीना चाहते हैं, तो हमारे जीवन में शक्ति,



भक्ति, नीति और स्फूर्ति का उचित मिलाप होना चाहिए। इसीलिए एक सुंदर गीत में कहा गया है -

**स्वतंत्रता को सार्थक करने**
**शक्ति का आधार चाहिए, शक्ति का आधार ।।ध्रु।।**
**स्वर्ग गंग तो अरे भगीरथ**
**यत्नों से भूतल पर आती।**
**किन्तु शीश पर धारण करने**
**शिवशंकर की शक्ति चाहिए ।।१।।**
**अमृत को भी लज्जित करने**
**समर्थ होती प्राकृत वाणी।**
**उन्मेषित करने सौरभ को**
**तुलसी की रे भक्ति चाहिए ।।२।।**
**हिमगिरि पर जो आज विचरते**
**नागभूमि में आज लौटते।**
**अस्तिन के वे सांप मर्दने**
**कृष्णराय की नीति चाहिए ।।३।।**
**शीश कटे पर देह लड़ी थी**
**कोंडाणा पर गाज गिरी थी।**
**कण-कण में चेतनता भरने**
**छत्रपति की स्फूर्ति चाहिए ।।४।।**
**स्वतंत्रता को सार्थक करने शक्ति का आधार चाहिए, शक्ति का आधार।**

## ५. आलस्य : श्री समर्थ का शत्रु

एक आम के पेड़ के नीचे दो आलसी आदमी लेटे पड़े हुए थे। उसी समय एक पका हुआ आम पेड़ से नीचे गिरा, परन्तु कुछ दूर गिरने के कारण उसे उठाने के लिए अपने स्थान से हिलना जरूरी था। ये दोनों तो पक्के आलसी। अब आम उठाने के लिए उठे कौन? तभी एक राहगीर वहां से जाता दिखाई दिया। तब उनमें से एक आलसी बोला - ''अरे भाई, मुझे वह आम उठाकर देते हो क्या? मुझे यहां से उठने में बड़ा आलस आ रहा है।'' तभी दूसरा आलसी बोला - ''बिल्कुल मत देना। यह बड़ा

आलसी है। कब से मैं इसे मेरे मुंह पर बैठी मक्खियां उड़ाने के लिए कह रहा हूं, परन्तु यह हाथ भी हिलाने को राजी नहीं।''

आलसी मनुष्य का जीवन ऐसा ही होता है। श्रीसमर्थ कहते हैं - ''आलसी आदमी के पास सोते रहना यही एक इतना बड़ा काम होता है कि अन्य कुछ काम करने के लिए उसके पास समय ही नहीं होता।'' आलस्य सम्पूर्ण मनुष्य समाज का शत्रु है। इस कारण विद्यार्थी जीवन में ही बच्चों को कष्ट करने की आदत बना लेनी चाहिए। अपना अध्ययन कक्ष साफ-सुथरा रखना, अपने कपड़े स्वयं धोना, कॉपी-पुस्तकों पर कवर चढ़ाना, अपना बिस्तर तह करके रखना, ये सारी आदतें विद्यार्थी जीवन में ही आत्मसात कर लेनी चाहिए। जो कष्ट करते हैं, उन पर ही माँ सरस्वती प्रसन्न होती है। इस संसार में कष्ट उठाए बिना कुछ नहीं मिलता और मिल भी जाए तो टिक नहीं पाता। श्री समर्थ कहते हैं,

**आळसाचें फळ रोकड़ें। जांभया देउन निद्रा पडे।**
**सुख म्हणौन आवडे। आळसी लोकां।।**

आलस्य का फल स्पष्ट है - जंभाई आकर निद्रा आना और यह निद्रासुख आलसी मनुष्य को अतिशय प्रिय होता है।

**साक्षेप करितां कष्टती। परंतु पुढे सुरवाडती।**
**खाती जेविती सुखी होती। येत्नेंकरूंनी।।**

सतत प्रयत्न करने में कष्ट होते हैं, यह सत्य, परन्तु कष्ट करने वाले ही आगे चलकर सुखी होते हैं।

**आळस उदास नागवणा। आळस प्रेत्नबुडवणा।**
**आळसें करंटपणाच्या खुणा। प्रकट होती।।**

आलस्य हमें उदास करने वाला, नुकसान पहुंचाने वाला है। आलस्य के कारण ही हमारे प्रयत्न सफल नहीं हो पाते। आलस्य में ही हमारे अभागेपन के लक्षण प्रकट हो जाते हैं।

**म्हणोन आळस नसावा। तरीच पाविजे वैभवा।**
**अरत्रीं परत्रीं जीवा। समाधान।।**

इस कारण सदा आलस्य से दूर रहना चाहिए, तभी वैभव की प्राप्ति हो सकती है और इहलोक-परलोक में समाधान मिल सकता है।

**लहानथोर काम कांहीं। केल्यावेगळें होत नाहीं।**
**कंरट्या सावध पाहीं। सदैव होसी।।**



कार्य छोटा-बड़ा कैसा भी हो, किए बिना तो पूरा हो नहीं सकता। हे अभागे, इस बात को भलीभांति समझ लो, तो तुम भाग्यवान हो जाओगे।

**अंतरी नाहीं सावधानता। येत्न ठाकेना पुरता।**
**सुखसंतोषाची वार्ता। तेथें कैंची।।**

अंतःकरण में सावधानी नहीं है, पर्याप्त प्रयत्न नहीं है, वहां सुख-संतोष की प्राप्ति किस प्रकार हो सकती है?

**म्हणोन आळस सोडावा। येत्न साक्षेपें जोडावा।**
**दुश्चितपणाचा मोडावा। थारा बळें।।**

इस कारण आलस्य का त्याग कर प्रयत्नपूर्वक उद्योग में लगे रहना चाहिए और कार्य करते समय दुश्चितता (मन का इधर-उधर भटकना) को पूर्णतः नष्ट कर देना चाहिए।

**आलस्य अवघाच दवडावा। येत्न उदंडचि करावा।**
**शब्दमत्सरे न करावा। कोणीयेकाचा।।**

हम आलस्य का पूरा त्याग कर दें और सतत प्रयत्न में लग जाएं। व्यर्थ ही किसी का मत्सर करने वाले शब्द न बोलें।

**पापाकरिता दरिद्र प्राप्त। दरिद्रें होये पापसंचित।**
**एसेंचि होत जात। क्षणाक्षणा।।**

पाप के कारण दरिद्रता प्राप्त होती है और दरिद्रता के कारण और अधिक पाप संचित होता जाता है। क्षण-क्षण ऐसा ही होते-होते पूरा जीवन व्यर्थ ही चला जाता है।

भाग्यहीन, आलसी मनुष्य का वर्णन करते हुए श्री समर्थ कहते हैं,

**करंट्यास आळस आवडे। यत्न कदापी नावडे।**
**त्याची वासना वावडे। अधर्मी सदा।।**
**लेहों नेणे वाचू नेणे। सवदासुत घेऊं नेणे।**
**हिसेब कितेब राखों नेणे। धारणा नाहीं।।**
**हारवी सांडी पाडी फोड़ी। बिसरे चुके नाना खोडीं।**
**भल्याचे संगतीची आवडीं। कदापी नाहीं।।**
**चार गडी मेळविले। कुकर्मी मित्र केले।**
**खटनट येकवटिले। चोरटे पापी।।**
**आळसें शरीर पाळिलें। परंतु पोटेंविण गेले।**
**सुडके मिळेनासें जलें। पांघराया।।**
**कोणीयेकास विश्वास नाहीं। कोणीयेकासीं सख्य नाहीं।**

**विद्या वैभव कांहिंच नाहीं। उगाचि ताठा।।**
**झिजल्यावांचुनी कीर्ति कैंची। मान्यता नव्हें कीं फुकाची।**
**जिकडे तिकडे होते ची ची। अवलक्षणें।।**
**कष्टेंविण फल नाहीं। कष्टेविण राज्य नाहीं।**
**केल्याविण होत नाहीं। साध्य जनीं।।**
**आळसें काम नासतें। हें तो प्रत्ययास येतें।**
**कष्टाकडे चुकावितें। हीन जन।।**

अभागे मनुष्य को आलस्य प्रिय होता है। प्रयत्न करना उसे किंचित भी नहीं भाता। उसकी वासना सदैव अधर्माचरण में ही होती है। न वह लिखना जानता है, न पढ़ना। लेन-देन का व्यवहार भी नहीं कर पाता। हिसाब-किताब रखना नहीं जानता। किसी भी कार्य को पूरा होने तक करते रहने का धैर्य उसके पास नहीं होता। वह बार-बार अपने पास की वस्तु खोता रहता है, गिराता है, तोड़ता है। लिखते समय बार-बार भूल जाता है, फिर लिखा हुआ काटता है, मिटाता है। उसे भले लोगों की संगत कभी भी अच्छी नहीं लगती। अपने आसपास वाहियात, कुकर्मी, गाना बजाना करने वाले, चोर, पापी लोग इकट्ठा कर उनसे मौज-मस्ती के लिए मित्रता कर लेता है। आलस्य में शरीर के खूब लाड़ करता है, परन्तु आगे चलकर उसके पास न पेट भरने को कुछ बचता है, न ओढ़ने को कपड़ा। उसका किसी पर विश्वास नहीं होता, किसी से सख्य नहीं होता। विद्या वैभव कुछ नहीं होता, केवल व्यर्थ का अभिमान होता है। बिना कष्ट उठाए न सम्मान मिलता है, न कीर्ति। इसी कारण सब दूर उसकी बदनामी होती जाती है। इस संसार में कष्ट उठाए बिना कुछ नहीं मिलता, कुछ साध्य नहीं होता। आलस्य के कारण हमारा काम बिगड़ जाता है, इसका अनुभव सभी को है। इस कारण केवल हीन, अभागे लोग ही कष्ट करने से दूर भागते हैं।

इसी कारण श्री समर्थ हमें समझाते हैं,

**आधीं कष्टांचे दुःख सोसिती। ते पुढे सुखाचें फळ भोगिती।**
**आधीं आळसे सुखावती। त्यासी पुढे दुःख।।**
**जेहीं उद्दंड कष्ट केले। ते भाग्य भोगून ठेले।**
**येर ते बोलताचि राहिले। करंटे जन।।**

जो पहले कष्ट करने के दुःख सहन करते हैं, वे ही आगे चलकर सुख का फल चखते हैं। जो पहले आलस्य में पड़े रहकर स्वयं को सुखी मानते हैं, उनके भाग्य में आगे चलकर दुःख लिखा ही हुआ है। जिन्होंने प्रचुर कष्ट उठाए, वे ही भाग्यशाली सिद्ध हुए। अन्य अभागे तो केवल बातें करने में अपना समय व्यर्थ नष्ट करते रहे।



# ६. बहिरंग नहीं, अंतरंग सुधारें

एक बार एक गधे को कहीं से शेर की खाल मिल गई। उसे ओढ़कर वह सब दूर घूमने लगा। खेतों में काम करने वाले लोग उसे दूर से देखते ही शेर आया ऐसा समझकर वहां से भाग जाते और फिर वह गधा उस खेत में उगी फसल भरपेट चर जाता। एक बार यह गधा रोज की भांति एक खेत में घुस गया। वहां पेड़ के नीचे एक गधा पहले से ही खड़ा था। इस गधे को देखते ही शेर आया ऐसा सोचकर वह जोर-जोर से चिल्लाने लगा। अपने भाई को देखते ही इस शेर की खाल ओढ़े गधे का मूल स्वभाव जाग गया और वह भी जोर-जोर से रेंकने लगा। खेत में काम करने वाले लोग तुरन्त जान गए कि यह शेर नहीं, परन्तु शेर की खाल ओढ़े गधा है। उन्होंने उसकी खूब मरम्मत की और शेर की खाल छीन ली।

बच्चों, आजकल इसी प्रकार से चारों ओर सुंदर दिखने की होड़ लगी हुई दिखाई देती है। खूब सारा मेकअप पोतकर सुंदर दिखाई देने वाले अभिनेता-अभिनेत्रियों को ही अपना आदर्श मान लेने के कारण युवा वर्ग में यह प्रवृत्ति बहुत अधिक महत्व है। शरीर की सुंदरता हमें जन्म से प्राप्त होती है। उसे प्राप्त करने में हमारा कर्तव्य कुछ भी नहीं होता, परन्तु प्रयत्नों के बल पर हम अपने में उत्तम गुणों का विकास अवश्य कर सकते हैं। अब्राहम लिंकन, लालबहादुर शास्त्री, विनोद कांबली, जॉर्ज बर्नार्ड शॉ, हमारे पूर्व राष्ट्रपति प्रो. अब्दुल कलाम इनमें से किसी की भी गणना सुंदर लोगों में नहीं की जा सकती, परन्तु अपने गुणों के कारण ये सारे लोग जगप्रसिद्ध हो गए। इस कारण हम अपने बहिरंग अर्थात् बाह्यरूप को सजाने-संवारने में जितना समय लगाते हैं, उससे कहीं अधिक ध्यान हमें अपने अंतःकरण के विकास की ओर देना चाहिए। यही बात समझाते हुए श्री समर्थ कहते हैं,

**रूप लावण्य अभ्यासितां न ये। सहजगुणास न चले उपाये।**
**कांहीं तरी धरावी सोये। अगांतुक गुणाची।।**
**काळें माणुस गोरें होयेना। वनाळास येत्न चालेना।**
**मुक्यास वाचा फुटेना। हा सहजगुण।।**
**आंधळें डोळस होयेना। बधिर तें ऐकेना।**
**पांगुळ पाये घेईना। हा सहजगुण।**
**अवगुण सोडितां जाती। उत्तम गुण अभ्यासितां येती।**
**कुविद्या सांडून सिकती। शाहाणे विद्या।।**

हम किस प्रकार का रूप-लावण्य लेकर जन्म लेते हैं, यह हमारे हाथ में नहीं है। यह सहजगुण अर्थात् जन्म से ही मिला हुआ गुण है। इच्छा होते हुए भी हम उसे बदल नहीं सकते। (श्री समर्थ के काल में प्लॅस्टिक सर्जरी नहीं थी) परन्तु हमें प्रयत्न से प्राप्त होने वाले कुछ गुण आत्मसात करने का प्रयास अवश्य करना चाहिए। काला मनुष्य गोरा नहीं हो सकता, किसी के चेहरे पर कोई दाग हो, व्रण हो तो वह मिटाया नहीं जा सकता, कारण यह सहजगुण है। गूंगा व्यक्ति बोल नहीं सकता, अंधा देख नहीं सकता, बधिर सुन नहीं सकता और लंगड़ा चल नहीं सकता। ये सारे सहजगुण हैं, परन्तु हमारे पास के अवगुणों का अर्थात् दुर्गुणों का त्याग कर हम सद्गुणों का विकास अवश्य कर सकते हैं। जो सयाने समझदार लोग हैं, वे इसी कारण कुविद्या का त्याग कर विद्या ग्रहण करने का सतत् प्रयास करते रहते हैं।

श्री समर्थ आगे कहते हैं,

**मूर्खपण सांडितां जातें। शाहाणपण सिकतां येतें।**
**कारबार करितां उमजतें। सकळ काहीं।।**
**मान्यता आवडे जीवीं। तरीं का उपेक्षा करावी।**
**चातुर्येंविण उंच पदवी। कदापि नाहीं।।**
**देहे नेटकें शृंघारिलें। परी चातुर्येंविण नासलें।**
**गुणेंविण साजिरें केले। बाष्कळ जैसे।।**
**अंतर्कळा श्रृंघारावी। नानापरी उमजवावी।**
**संपदा मेळवून भोगावी। सावकास।।**
**चातुर्ये शृंघारे अंतर। वस्त्रें शृंघारे शरीर।**
**दोहिमधें कोण थोर। बरें पाहा।।**
**बाह्याकार शृंघारिलें। तेणें लोकांच्या हातासि काय आलें।**
**चातुर्ये बहुतांसी रक्षिलें। नाना प्रकारें।।**
**वेशभूषण तें दूषण। कीर्तिभूषण तें भूषण।**
**चाळणेंविण येक क्षण। जाऊंच नेदी।।**

मूर्खता का त्याग कर सयानापन अर्थात् बुद्धिमता का विकास किया जा सकता है। कोई कार्य करने लगें तो धीरे-धीरे सारा कुछ समझ में आने लगता है। समाज में हम यदि सम्मान पाना चाहते हैं, तो उत्तम गुणों की उपेक्षा क्यों करनी है? चातुर्थ, बुद्धिमता के बिना हम उच्च पद की प्राप्ति कभी नहीं कर सकते। हम भले ही शरीर का शृंगार करें, परन्तु पास में चातुर्य न हो, सद्गुण न हो तो वह सारा शृंगार व्यर्थ ही है। हम अपने अंतःकरण का विकास करें, विभिन्न विद्याएं आत्मसात करें



और उनके बल पर संपदा अर्जित कर फिर आराम से उसका उपयोग करें। वस्त्रों से शरीर का शृंगार होता है, चातुर्य से अंतर का। इनमें से श्रेष्ठ क्या है, इसका विचार आप स्वयं करें। हम केवल बाह्य शृंगार करें तो उसका अन्यों को क्या उपयोग है? परन्तु हमारे पास बुद्धिमता हो, तो हम अनेकों के काम आ सकते हैं, विपत्ति में उनकी रक्षा कर सकते हैं। वेशभूषण यह दूषण अर्थात् दोष है, कीर्तिभूषण ही वास्तव में भूषण है, इसका सतत चिन्तन हमें करते रहना चाहिए।

## ७. अवगुण छोड़ने से ही छूटते हैं

किसी देश में वहां के राजा के तीन सेवकों ने मिलकर बहुत बड़ा भ्रष्टाचार किया। इसका पता चलते ही राजा ने उन तीनों को कैद कर लिया। उनमें से एक को उसने पांच वर्ष कैद की सजा सुनाई। दूसरे को अपने राज्य की सीमा छोड़कर चले जाने की आज्ञा दी। तीसरे व्यक्ति को उसने अपने महल में मिलने के लिए बुलाया। वह व्यक्ति राजा से मिलने आया। राजा ने उसे कोई सजा नहीं सुनाई। केवल इतना कहा कि तुमसे ऐसा कृत्य अपेक्षित नहीं था। तुम्हें क्या सजा देनी है, तुम स्वयं आत्म-परीक्षण करो और अपने में सुधार कर लो। इतना कहकर राजा ने उसे छोड़ दिया। जिसे पांच वर्ष कैद की सजा सुनाई गई थी, उसने कारागृह में ही मित्र जोड़ लिये। पांच वर्ष अभी बीत जाएंगे, इस कल्पना में वह वहां रम गया। दूसरा व्यक्ति वह राज्य छोड़कर दूसरे प्रदेश में बस गया और वहां उसने अपना पुराना धंधा फिर से प्रारंभ कर दिया, परन्तु राजा ने जिसे छोड़ दिया था, वह व्यक्ति अंतर्मुख हो गया। अपने कृत्य का पश्चाताप करते हुए उसने अपने पद से त्यागपत्र दे दिया। उसने आत्म-परीक्षण किया और अपने आचरण में आमूलाग्र परिवर्तन कर लिया।

यह कहानी हमें एक बड़ी सीख दे जाती है। जिसे स्वयं का आचरण सुधारना है, वह व्यक्ति सतत आत्म-परीक्षण करता रहता है और अपने दोषों का त्याग करता जाता है। इसके विरुद्ध अनेक लोग गलती करने के पश्चात् उसका समर्थन करते रहते हैं। ऐसा व्यक्ति कभी भी अपने आचरण में सुधार कर नहीं सकता। आचरण सुधारने के लिए सर्वप्रथम आवश्यक होता है, अपने भीतर के दोषों को पहचानना। बहुत कम लोग ऐसा कर पाते हैं। श्री समर्थ के मत से हमारे पास दृढ़ निश्चय हो, तो हम अपने भीतर के दोष पहचानकर प्रयत्नपूर्वक उनका त्याग कर सकते हैं, परन्तु यह कार्य हमें स्वयं ही करना होगा। दूसरा कोई हमारे लिए यह कर नहीं सकता और

यह एक-दो दिन की बात नहीं है। स्वामी विवेकानंद ने कहा है - ''मनुष्य आजीवन विद्यार्थी होता है।'' इस कारण यह आत्म-परीक्षण पूरे जीवनभर होते रहना चाहिए। महर्षि वाल्मीकि इसका सुप्रसिद्ध उदाहरण हैं। अपने पूर्व जीवन में उन्होंने अनेक गुनाह किए थे। लोगों को लूटा था, हत्याएं भी की थीं, परन्तु देवर्षि नारद समान सत्पुरुष उनके जीवन में आए। उनको अपनी गलतियां ध्यान में आईं और नामस्मरण, तपस्या की सहायता से उन्होंने ऋषित्व प्राप्त कर लिया।

अवगुणों का त्याग करने के लिए तीन बातें आवश्यक हैं - १. स्वयं के दोष प्रामाणिकता के साथ स्वीकार करते आना। २. अपने हाथ से हुई गलतियों के लिए सच्चा पश्चाताप होना। ३. दुबारा वैसी भूल अपने से न हो इसके लिए मन का दृढ़ निश्चय होना। इस प्रकार का आत्म-परीक्षण करने की आदत हमें विद्यार्थी-दशा से ही डाल लेनी चाहिए। अपने भीतर के अवगुणों का त्याग करने में हम दूसरों पर नहीं, अपितु स्वयं पर ही उपकार करते हैं। दासबोध में 'मूर्खलक्षण' बताने के निमित्त से श्री समर्थ ने हमारे भीतर छिपे हुए ऐसे दोषों की एक लंबी सूची ही हमें दे दी है। ये दोष दूसरों में नहीं परन्तु अपने भीतर खोजने हैं। यह सूची देने के निमित्त से श्री समर्थ ने हमें व्यवहारचातुर्य सिखाया है। समाज में विचरण करते समय सभ्यता और शिष्टाचार का पालन कैसे करें और अपने आचरण से दूसरों को आकर्षित कैसे करें, इसका अतिशय सुंदर मार्गदर्शन श्री समर्थ ने किया है।

श्रीसमर्थ कहते हैं -

**सकळ अवगुणामधें अवगुण। आपले अवगुण वाटती गुण।**
**मोठें पाप करंटपण। चुकेना कीं।।**

समस्त अवगुणों में सबसे बड़ा अवगुण है, अपने अवगुणों को ही गुण समझ लेना। यह बड़ा पाप है। ऐसा व्यक्ति अभागा ही रह जाता है।

इसके पश्चात् 'मूर्खलक्षण' और 'पठितमूर्ख' के लक्षण बताते हुए श्री समर्थ कहते हैं -

जिनके उदर से जन्म लिया, उन्हीं का जो विरोध करता है और अपनी स्त्री को ही अपना सर्वस्व मान लेता है, वह मूर्ख है। अपने सारे परिवारजनों को छोड़कर जो केवल अपनी पत्नी के अधीन होकर जीवन जीता है, केवल उसे ही अपने मन की बातें बताता है, वह मूर्ख है।

जो स्वयं अपने मुंह से अपनी स्तुति करता है, अपने ही देश में विपत्ति में फंस जाता है और केवल अपने पुरखों का गुणगान करता रहता है, वह मूर्ख है।



जो अकारण ही हंसता रहता है, विवेक की बातें सुनकर जो उन्हें नहीं अपनाता, जो अनेक लोगों का बैरी होता है, वह मूर्ख है।

जहां सब लोग जाग रहे हों, उनके बीच जो सो जाता है, पराए स्थान पर जो बहुत खाना खाता है, वह मूर्ख है।

अपने मान-अपमान की जो अपने ही मुंह से चर्चा करता है, जिसका मन सप्त व्यसनों में (जुआ, घर के बाहर देर रात तक भटकना, चोरी, चुगली, परस्त्री, पशु-पक्षियों की लड़ाई और गणिका का गायन) रमता है, वह मूर्ख है।

घर में जो सारी बातें समझता है, परन्तु सभा में कुछ कहने में शरमाता है, मुंह से शब्द भी बोल नहीं पाता, वह मूर्ख है।

अपने से श्रेष्ठ व्यक्ति के साथ जो निकटता का अर्थात् बराबरी का व्यवहार करता है, किसी से कुछ सीखने में जिसकी अत्यंत अरुचि होती है, वह मूर्ख है।

बीमार होने पर भी जो दवाई नहीं लेता, परहेज की चिन्ता नहीं करता और बीमार होने जैसा प्रसंग आया ही है, तो उसे शांतचित्त से स्वीकार करना चाहिए, इस प्रकार का भाव नहीं रखता, वह मूर्ख है।

जहां अपने को कोई सम्मान न मिले, वहीं जो बार-बार जाता रहता है, अपने सम्मान की जो रक्षा नहीं कर पाता, वह मूर्ख है।

अपने घर के लोगों पर जो खूब क्रोध करता है, परन्तु बाहर अतिशय दीन बनकर रहता है, ऐसा मूढ़ व्यक्ति मूर्ख है।

जो स्वयं किसी पर उपकार करना नहीं जानता, परन्तु अपने पर किए उपकार के बदले अपकार करता है, जो करता कम और बोलता बहुत है, वह मूर्ख है।

गरम मिजाजवाला, पेटू, आलसी, गंदा, कुटिल, जिसके पास धैर्य नहीं, ऐसा मनुष्य मूर्ख है।

जिसके दांत, आंखें, नाक, हाथ, वस्त्र और पैर सदैव मलिन होते हैं, वह मूर्ख है।

अपने आप्तजनों के लिए सुख का शब्द भी नहीं निकालता, परन्तु नीच लोगों के सामने सिर झुकाकर रहता है, वह मूर्ख है।

'जैसी करनी वैसी भरनी', इस नियम का जिसे ज्ञान नहीं, वह मूर्ख है।

परपीड़ा से जिसे सुख मिलता है और दूसरों का संतोष देखकर जिसे दुःख होता है, जो खो गया उसका जो सतत दुःख करता रहता है, वह मूर्ख है।

जीवन में कोई दुःख का प्रसंग आने पर जो भगवान को गाली देता है और मित्र में कुछ कमी हो, तो उस पर परदा डालने के स्थान पर सबके सम्मुख प्रकट कर देता है, वह मूर्ख है।

जो छोटे-मोटे अपराध के लिए भी क्षमा नहीं करता, सदा दूसरों के साथ तलवार की धार समान आचरण करता है, जो विश्वासघात करता है, वह मूर्ख है।

जो अनीतिपूर्वक धन एकत्रित करता है, धर्म, नीति, न्याय का त्याग कर देता है और अपने संगी-साथियों को अपने से दूर कर देता है, वह मूर्ख है।

दो व्यक्ति आपस में कुछ बात कर रहे हों, तो वहां जाकर बैठने वाला, दोनों हाथों से सिर खुजलाने वाला मूर्ख है।

पानी में कुल्ला करने वाला, पैर से पैर खुजलाने वाला, हीन लोगों के घर में चाकरी करने वाला मूर्ख है।

कहीं झगड़ा हो रहा हो, तो जो देखते हुए खड़ा रह जाता है, झगड़ा मिटाने के स्थान पर उसमें रस लेता है, सच बात जानते हुए झूठ सहन करता है, वह मूर्ख है।

अपना काम हो नहीं जाता, तब तक जो बड़ा विनम्र बना रहता है, परन्तु दूसरों के काम नहीं आता, वह मूर्ख है।

इस प्रकार मूर्ख मनुष्य के अनेक लक्षण बताने के पश्चात् श्री समर्थ ने 'पठित मूर्ख' अर्थात् पढ़े-लिखे मूर्ख के लक्षण बताए हैं। पठितमूर्ख यानि ऐसा मनुष्य जो पढ़ा-लिखा होता है, जो अच्छे-बुरे का अंतर समझता है और फिर भी गलत आचरण करता है। श्री समर्थ कहते हैं,

जो अनुशासनरहित मुक्त जीवन का प्रतिपादन करता है, सगुण भक्ति का विरोध करता है, स्वधर्म और साधना की निंदा करता है, वह पठितमूर्ख है।

स्वयं को बड़ा ज्ञानी समझकर अन्यों का अनादर करता है, समस्त प्राणियों में दोष ही देखता है, वह पठितमूर्ख है।

दूसरों में जो दोष दिखाई देते हैं, वे ही स्वयं मेरे में भी हैं, यह बात जो समझ नहीं पाता, वह पठितमूर्ख है।

जो किसी के सामने एक बात करता है और पश्चात में दूसरी, जो कहता कुछ है और करता कुछ और है, अर्थात् जिसकी कथनी और करनी में सदा अंतर होता है, वह पठितमूर्ख है।

जो ढोंगी होता है, जो करना नहीं चाहिए वही करता है और अपने हाथों कुछ



भूल हो जाने पर भी हठपूर्वक उसी का समर्थन करता जाता है, वह पठितमूर्ख है।

अंत में श्री समर्थ कहते हैं -

**रात्रंदिवस करी श्रवण। न संडी आपले अवगुण।**

**स्वहित आपले आपण। नेणे तो येक पढ़तमूर्ख।।**

जो रात-दिन धर्म की चर्चा, कथा, पुराण इत्यादि का श्रवण करता रहता है, फिर भी अपने अवगुणों का त्याग नहीं करता, अपना स्वयं का हित किसमें है, यह बात जो समझ नहीं पाता अथवा समझते हुए भी जो अपने आचरण में सुधार नहीं कर पाता, वह पठितमूर्ख कहलाता है।

इसके पश्चात् श्री समर्थ ने दुर्गुणों की कुछ जोड़ियां बताई हैं। मनुष्य में एकाध दुर्गुण होने पर भी उसका बहुत नुकसान होता है, परन्तु दुर्गुणों की कुछ जोड़ियां ऐसी होती हैं कि जिनके कारण मूल का दुर्गुण और भी अधिक भयानक हो जाता है, उसका स्वरूप अधिक भीषण और परिणाम अधिक दुखदायक हो जाता है। श्री समर्थ कुछ उदाहरण देते हैं -

कुरूप और कुलक्षण, अशक्त और दुर्जन, दरिद्र और अतिशय कृपण। आलसी और पेटू, दुर्बल और लथियल, गरम मिजाजवाला, पागल और वाचाल, झूठा और मुंह में आए वह बोलने वाला। न जाने, न किसी की सुने, न कुछ आये, न किसी से सीखे, न करे, न अभ्यास दृष्टि से देखे। अज्ञानी और अविश्वासी, दूसरों को सताने वाला और अवगुणी, अभक्त और भक्तों को देख भी न पाने वाला। पापी और निंदक, स्वयं कष्ट में होते हुए भी दूसरों का घात करने वाला, दुखी और अतिशय हिंसक। हीन और ढोंगी, रोगी और कुकर्मी, कंजूस और अधर्म की वासना रखने वाला। रूप-गुणों से हीन और अभिमानी, अप्रामाणिक और भेद बढ़ाने वाला, अमर्याद और दूसरों को व्यर्थ का विवेक बताने वाला। डरपोक और उन्मत्त, निरुद्योगी और घमंडी, डरपोक और पराक्रम की बातें करने वाला।

कनिष्ठ और मगरूर, विषयासक्त और कृपण, द्वेष करने वाला और अतिशय भ्रष्ट। अभिमानी और निर्लज्ज, सदैव तंगी में रहते हुए भी दुष्ट, दांभिक और अतिशय अन्तर्गल। गंदा और विकारों से भरा हुआ, झूठा और किसी पर भी उपकार न करने वाला, अवलक्षणी और प्राणीमात्र का धिक्कार करने वाला। अल्पमति और वाद-विवाद करने वाला, दीन और दूसरों के दोष देखने वाला, चिड़चिड़ा और अपने कठोर शब्दों से दूसरों का दिल दुखाने वाला।

ऊपर दुर्गुणों की ये जो जोड़ियां बताई गई हैं, उन पर थोड़ा-सा विचार करने पर भी श्री समर्थ के वचनों की सत्यता ध्यान में आ जाएगी। कोई मनुष्य रूपवान न हो, परन्तु गुणवान हो तो लोग उसके रूप की ओर ध्यान नहीं देते, परन्तु कुरूप व्यक्ति, कुलक्षणी भी हो तो फिर करैला और नीम चढ़ा या कंगाली में आटा गीला जैसा हो जाता है। आलसी और बहुत खाने वाला यह भी ऐसी ही जोड़ी है। कष्ट करने वाले का आहार भरपूर हो, तो कोई कुछ नहीं कहेगा, परन्तु आलसी मनुष्य पेटू हो तो लोग उसका धिक्कार अवश्य करेंगे। पागल मनुष्य चुप रहे तो उसका पागलपन ढंका रहता है, परन्तु वह बातूनी हो तो उसके पागलपन का ही प्रदर्शन हो जाएगा। इसी प्रकार अन्य जोड़ियों का विचार किया जा सकता है। गीता में भगवान ने दैवी संपत्ति के छब्बीस गुण बताए हैं, परन्तु आसुरी संपत्ति के केवल छह दुर्गुण बताए हैं। कारण केवल एक ही दुर्गुण हमारे सारे गुणों पर पानी फेरने के लिए पर्याप्त होता है। उस पर अनेक दुर्गुणों के अधीन मनुष्य अपने स्वयं के जीवन का तो नुकसान कर ही लेता है, दूसरों का जीना भी दूभर कर देता है।

## ८. उत्तम गुण आत्मसात किए जा सकते हैं

श्री समर्थ के काल में वामन पंडित नामक एक विद्वान ब्राह्मण थे। संस्कृत भाषा पर उनका प्रभुत्व था, परन्तु उन्हें अपने ज्ञान का अतिशय गर्व था। वह हर एक से वाद-विवाद करते रहते थे। श्री समर्थ ने उनको कई बार समझाया, परन्तु वाद-विवाद करने की उनकी आदत गई नहीं। अपने शास्त्रों में ऐसी कल्पना है कि व्यर्थ ही वाद-विवाद करने वाला ज्ञानी मनुष्य अगले जन्म में ब्रह्मराक्षस हो जाता है। एक बार वामन पंडित अकेले यात्रा कर रहे थे, तो रात हो गई और उन्होंने एक पेड़ के नीचे रातभर के लिए अपना डेरा जमया। रात में उन्होंने देखा कि उस पेड़ की एक डाल पर एक ब्रह्मराक्षस बैठा हुआ है। थोड़ी देर बाद एक दूसरा ब्रह्मराक्षस आकर उसी पेड़ की दूसरी डाल पर बैठने लगा। तब पहला ब्रह्मराक्षस उससे बोला - ''उस डाल पर मत बैठो। वह डाल मैंने वामन पंडित के लिए रखी हुई है।'' अगले जन्म में मैं ब्रह्मराक्षस हो जाऊंगा, इस कल्पना से वामन पंडित घबराए। सूर्योदय होते ही वे सीधे चाफल आए। उन्होंने श्री समर्थ से क्षमा मांगी और मृत्यु के पश्चात् अपने को सद्‌गति मिले इसके लिए उनसे प्रार्थना की। इस दिन के पश्चात् उन्होंने कभी भी किसी से वाद-विवाद नहीं किया।



यहां श्री समर्थ ने अनेक उत्तम गुण बताए हैं। सतत् प्रयत्न की सहायता से उनको आत्मसात किया जा सकता है, अपनाया जा सकता है। गोबर का खाद में रूपान्तरण हो जाए तो उसका खेती या बागवानी में उपयोग किया जा सकता है। इसी प्रकार मनुष्य पूर्ण रूप से बुरा कभी नहीं होता। यहां श्री समर्थ ने उत्तम गुण बताते समय कौन-से गुण अपनाने चाहिए और कौन से दोषों का त्याग कर देना चाहिए, इसकी सूची ही दी है। इसके अनुसार आचरण करने पर मनुष्य व्यावहारिक और पारमार्थिक इन दोनों ही क्षेत्रों में यशस्वी सिद्ध होता है। श्री समर्थ ने यह सूची आत्म-परीक्षण के लिए दी है। इसे केवल पढ़कर कंठस्थ कर लेने से कोई लाभ नहीं होगा। विद्यार्थी अवस्था में ही हम ये श्रेष्ठ गुण प्रयत्नपूर्वक अपना लें, तो हमारा जीवन धन्य हो जाएगा। मृत्यु के पश्चात् हमारी कीर्ति बनी रहे, इसी में श्री समर्थ के अनुसार जीवन की धन्यता है अन्यथा सामान्य लोग तो पशु-पक्षियों के समान संसार में जन्म लेते हैं और चले जाते हैं।

चंदन जब तक अपने को गला न दे, तब तक उसकी सुगंध चारों ओर फैल नहीं सकती। उसी प्रकार सतत उत्तम आचरण करने से ही समाज में हमारी श्रेष्ठ प्रतिमा स्थापित हो पाती है। इसमें कुछ समय लगता है, परन्तु एक बार ऐसी प्रतिमा स्थापित हो जाने पर ऐसे गुणवान मनुष्य को लोग खोजते हुए आते हैं। जीवन में उसे किसी बात की कमी नहीं रहती। स्वामी विवेकानंद अमेरिका से भारत लौटे, तब अनेक शहरों में उनका विशाल स्वागत हुआ। अनेक शहरों में रथ में बैठाकर उनकी शोभायात्रा निकाली गई। उस समय अनेक स्थानों पर वहां के राजाओं ने उनके रथ के घोड़े छोड़कर स्वयं उनका रथ खींचा। विद्वान और गुणी व्यक्ति पर समाज मनःपूर्वक प्रेम करता है।

यहां श्री समर्थ विद्यार्थियों के मन को ऐसा आकार देना चाहते हैं कि व्यावहारिक जगत में उनके हाथ से कोई भूल न हो। कई बार हमें अपनी छोटी-सी भूल के बहुत गंभीर परिणाम भोगने पड़ते हैं। इससे मनस्ताप तो होता ही है, साथ ही साथ हमारा आत्मविश्वास भी खो जाता है। आत्मविश्वास खो जाने पर हाथ से और अधिक गलतियां होती जाती हैं। इसलिए हमारा आत्मविश्वास कभी खोना नहीं चाहिए। इसी कारण श्री समर्थ कहते हैं -

राह पूछे बिना जाना नहीं चाहिए। फल पहचाने बिना खाना नहीं चाहिए। कहीं पड़ी हुई वस्तु अचानक उठाना नहीं चाहिए।। अतिवाद करना नहीं चाहिए। पेट में कपट रखना नहीं चाहिए। पूछताछ किए बिना कुलहीन स्त्री से विवाह करना नहीं चाहिए।। विचार किए बिना बोलना नहीं चाहिए। चारों ओर से विचार किए बिना काम

करना नहीं चाहिए। मर्यादा का उल्लंघन करना नहीं चाहिए।।

वक्ता का मानभंग हो, इस प्रकार के प्रश्न उससे पूछना नहीं चाहिए। सभा का ऐक्य तोड़ना नहीं चाहिए। अर्थात् सभा में किसी एक विषय की चर्चा हो रही हो, तो विषयांतर करना नहीं चाहिए। विद्याभ्यास कभी छोड़ना नहीं चाहिए।।

अतिक्रोध करना नहीं चाहिए। आप्तजनों को दुःख पहुंचाना नहीं चाहिए। कोई हमें सीख दे तो बुरा मानना नहीं चाहिए।।

छोटी-छोटी बात पर रूठना नहीं चाहिए। झूठे पुरुषार्थ की बढ़ाई करनी नहीं चाहिए। कुछ किए बिना अपना पराक्रम कहना नहीं चाहिए।

कहा हुआ शब्द भूलना नहीं चाहिए। प्रसंग आने पर अपने सामर्थ्य का उपयोग करने से चूकना नहीं चाहिए। स्वयं कुछ किए बिना सामने वाले का उपहास करना नहीं चाहिए।।

आलस्य में सुख मानना नहीं चाहिए। कोई हमारे पास किसी की चुगली करता है, तो उस पर ध्यान देना नहीं चाहिए। ठीक से खोजबीन किए बिना कोई कार्य करना नहीं चाहिए।

शरीर को सदैव सुख में रहने की आदत डालनी नहीं चाहिए। प्रयत्न करना छोड़ना नहीं चाहिए। निरंतर कष्ट करने में त्रास मानना नहीं चाहिए।।

सभा में कुछ बोलने में संकोच करना नहीं चाहिए, परन्तु व्यर्थ की बक-बक करनी नहीं चाहिए। किसी से व्यर्थ ही शर्त लगानी नहीं चाहिए।।

यथासंभव किसी का उपकार लेना ही नहीं चाहिए। कभी प्रसंगवश लेना ही पड़ा, तो चुकाए बिना रहना नहीं चाहिए। दूसरे को पीड़ा पहुंचाना नहीं चाहिए। किसी का विश्वासघात करना नहीं चाहिए।

शुचिर्भूतता अर्थात् स्वच्छता के बिना रहना नहीं चाहिए, मलिन वस्त्र पहनना नहीं चाहिए। कोई कहीं जा रहा है, तो उसे कहां जा रहे हो इस प्रकार से पूछना नहीं चाहिए।।

व्यापकता अर्थात् प्रापांचित कार्य में कुशलता और परमार्थ में भी दक्षता का त्याग कभी करना नहीं चाहिए। पराधीन होकर रहना नहीं चाहिए। अपना बोझ किसी दूसरे पर डालना नहीं चाहिए।।

बहुत अधिक भोजन करना नहीं चाहिए। बहुत अधिक निद्रा करनी नहीं चाहिए। दुष्ट मनुष्य के यहां अधिक दिन तक रहना नहीं चाहिए।।

किसी अपने ही व्यक्ति की गवाही अथवा साक्ष देनी नहीं चाहिए। अपने मुंह से अपनी कीर्ति कहनी नहीं चाहिए। स्वयं कुछ घटना या कहानी बताकर स्वयं ही हंसना नहीं चाहिए।।



धूम्रपान करना नहीं चाहिए। उत्तेजक पदार्थों का सेवन करना नहीं चाहिए। वाचाल, चुगलखोर व्यक्ति से मित्रता कदापि करनी नहीं चाहिए।।

सतत उद्योग किए बिना (व्यर्थ खाली हाथ) रहना नहीं चाहिए। कोई हमें व्यर्थ ही अपशब्द कहे, तो सहन करना नहीं चाहिए।

माता-पिता के घर भी मुफ्त का भोजन करना नहीं चाहिए अर्थात् केवल निठल्ले बैठकर किसी के यहां अन्न सेवन करना नहीं चाहिए।।

हमारे मुंह में गाली या अपशब्द रहना नहीं चाहिए। दूसरे की हंसी उड़ाना नहीं चाहिए। भले कुलवान मनुष्य में कुछ दोष हो, तो उस पर ध्यान देना नहीं चाहिए।

कोई वस्तु पड़ी दिखाई दे तो उसकी चोरी करनी नहीं चाहिए। बहुत अधिक कंजूसी करनी नहीं चाहिए। अपने आप्तजनों से सदैव कलह करना नहीं चाहिए।।

थोड़ा-सा धन प्राप्त होने पर ही गर्व से फूलकर उन्मत्त नहीं हो जाना चाहिए। हरिभक्ति करने में लज्जा करनी नहीं चाहिए। श्रेष्ठ, पवित्रजनों के बीच मर्यादा छोड़नी नहीं चाहिए।।

मूर्ख व्यक्ति के साथ यथासंभव संबंध बनाना नहीं चाहिए। अंधेरे में हाथ डालना नहीं चाहिए। दुश्चितता में अपनी वस्तु इधर-उधर रखकर भूलना नहीं चाहिए।।

सभा देखकर घबराना नहीं चाहिए अर्थात् शरमाना नहीं चाहिए। कोई हमारा धिक्कार करे तो भी अपना धैर्य खोना नहीं चाहिए।।

सत्यमार्ग छोड़ना नहीं चाहिए। असत्य मार्ग पर जाना नहीं चाहिए। असत्य का अभिमान कभी रखना नहीं चाहिए।।

अपकीर्ति का त्याग कर सद्कीर्ति की वृद्धि करनी चाहिए। दृढ़तापूर्वक विवेक के साथ सत्य मार्ग को अपनाना चाहिए।।

भोगों में मन रखना नहीं चाहिए। शारीरिक दुःख आने पर मन में त्रास करना नहीं चाहिए। जीवन के प्रति बहुत आसक्ति रखनी नहीं चाहिए (और मृत्यु का भय भी रखना नहीं चाहिए)।।

विरक्ति का त्याग करना नहीं चाहिए। धैर्य कभी छोड़ना नहीं चाहिए। विवेक के बल से अपना ज्ञान मलिन होने देना नहीं चाहिए।।

व्यर्थ की चिन्ता करनी नहीं चाहिए। कष्ट करने में खेद मानना नहीं चाहिए। कैसा भी कठिन प्रसंग हो, अपना धीरज खोना नहीं चाहिए।।

कोई अपमान करे तो खेद मानना नहीं चाहिए। कोई चुभने वाले अपशब्द कहे तो दुखी होना नहीं चाहिए। कोई कैसा भी धिक्कार करे तो भी मन ही मन कुढ़ते रहना नहीं चाहिए।

नित्य नियम छोड़ना नहीं चाहिए। अभ्यास में खंड पड़ने देना नहीं चाहिए। किसी भी स्थिति में पराधीन होकर रहना नहीं चाहिए।।

अपने को अन्यों से बड़ा मानकर रहना नहीं चाहिए। अपने महत्व को पकड़े बैठना नहीं चाहिए। किसी भी स्थान पर सम्मान की अपेक्षा करना नहीं चाहिए।।

उचित अवसर के बिना बोलना नहीं चाहिए। योग्यता बिना असंबद्ध गाना नहीं चाहिए। विचार छोड़कर अविचार के पथ पर जाना नहीं चाहिए।।

परोपकार छोड़ना नहीं चाहिए। किसी को पीड़ा देनी नहीं चाहिए। किसी के मन में भ्रम उत्पन्न करना नहीं चाहिए।।

मैं सब जानता हूं ऐसा गर्व का भाव रखकर पूछना नहीं चाहिए।

अपने अहंभाव का प्रदर्शन करना नहीं चाहिए। मैं बताऊंगा इस प्रकार किसी से कहना नहीं चाहिए अर्थात् किसी को आश्वासन देना नहीं चाहिए और यदि दें तो वचन भंग करना नहीं चाहिए।।

अपने ज्ञान का गर्व करना नहीं चाहिए। सहसा किसी से छलकपट करना नहीं चाहिए। किसी के साथ व्यर्थ का वाद-विवाद करना नहीं चाहिए।।

बहुत बातें करनी नहीं चाहिए। एकदम चुप भी रहना नहीं चाहिए। बहुत भोजन करना नहीं चाहिए। व्यर्थ भूखे रहना भी ठीक नहीं।।

बहुत अधिक सोना नहीं चाहिए। अधिक जागरण करना नहीं चाहिए। व्यर्थ के बहुत अधिक नियमों के बंधन में फंसना नहीं चाहिए।।

लोगों के बीच बहुत अधिक रहना नहीं चाहिए। वैसे ही बहुत अधिक अरण्यवास करना नहीं चाहिए। शरीर को बहुत लाड़ करना नहीं चाहिए। वैसे ही आत्महत्या करना भी अनुचित है।।

उत्तम गुणों का हम अंगीकार करें। वे अन्यों को बताएं, परन्तु स्वयं आचरण किए बिना दूसरों को केवल उपदेश देना व्यर्थ ही है।।

उत्तम गुणों को जिसने धारण किया है, ज्ञान वैराग्य से जो शोभित है, उसी को इस भूमंडल में श्रेष्ठ पुरुष जानना चाहिए।।

जो उत्तम गुणों से युक्त है, वही महा भला पुरुष है। ऐसे मनुष्य को अनेक लोग खोजते रहते हैं।।

उत्तम गुणों से श्रृंगारित पुरुष अनेक लोगों के बीच वैसे ही शोभित होता है, जैसे प्रतापवान मार्तंड नभ में प्रकट होता है।।

उत्कट, उत्कृष्ट, उदात्त, भव्य को ही आत्मसात कर जो कुछ तेजोहीन, बलविहीन है, उसका त्याग कर देना है और अपनी निस्पृहता द्वारा भूमंडल में सुविख्यात हो



जाना है।।

चंदन को जब तक घिसा नहीं जाता और उसकी सुगंध चारों ओर फैल नहीं जाती, तब तक चंदन और अन्य विभिन्न वृक्ष एक समान ही प्रतीत होते हैं।।

उसी प्रकार उत्तम गुण जब तक प्रकट नहीं होते, तब तक सामान्यजनों को श्रेष्ठ व्यक्ति की श्रेष्ठता का पता नहीं चलता, परन्तु किसी के उत्तम गुण प्रकट होने पर सभी के मन को शांति मिलती है।।

जनसामान्य के मन को शांति का लाभ हुआ, उनमें आपस में सख्यत्व निर्माण हुआ कि फिर जान लेना चाहिए कि जनसामान्य अब ऐसे श्रेष्ठ व्यक्ति के पीछे-पीछे जाएंगे।।

जनसामान्य इस प्रकार जिसके अनुगामी हैं, ऐसे व्यक्ति को फिर किस बात की कमी रह सकती है?

## दूध में शकर - सोने में सुगंध

श्री समर्थ यहां सद्‌गुणों की ऐसी जोड़ियां बताते हैं कि ये दोनों सद्‌गुण एक साथ हों तो दूध में शकर या सोने में सुगंध। परन्तु ये दोनों सद्‌गुण एक साथ न हों तो अकेला सद्‌गुण व्यर्थ ही चला जाता है। समाज को उसका विशेष उपयोग नहीं होता। इनमें से कुछ जोड़ियां हैं -

परम सुंदर और चतुर, परम बलवान और धैर्यवान, परम सम्पन्न और अतिशय उदार।। परम ज्ञाता और भक्त, महापंडित और विरक्त, महातपस्वी और अतिशय शांत। वक्ता और निर्लोभी, सर्वज्ञ और श्रवणतत्पर, श्रेष्ठ और सभी के प्रति विनम्र। राजा और धार्मिक, शूर और विवेकी, युवा और अतिशय अनुशासित। कार्यकर्ता और निराभिमानी, गायक और वैष्णव, धनवान और भगवद्‌भजन के प्रति अत्यादर रखने वाला। तत्वज्ञ और उदासीन, बहुश्रुत और सज्जन, मंत्री और गुणगान नीतिवान। मित्रभाव रखने वाला और परहितकारी, वाग्माधुर्य से अन्यों का शोक दूर करने वाला, सामर्थ्यवान होते हुए अपने पुरुषार्थ से सम्पूर्ण जग को अपना मित्र बना लेने वाला। सबके मन के संशय दूर कर दे ऐसा श्रेष्ठ वक्ता, जानकार होते हुए भी श्रेष्ठ श्रोता और कथा निरूपण करते समय शब्दों का भावार्थ स्पष्ट कर बताने वाला। सुखरूप और संतोषरूप, आनंदरूप और हास्यरूप, विश्व के साथ ऐक्यरूप और सम्पूर्ण जगत को आत्मवत मानने वाला।

कैसी अनोखी जोड़ियां श्री समर्थ ने बताई हैं! व्यक्ति अथवा समाज की उन्नति के लिए अकेला सद्‌गुण पर्याप्त नहीं है। सद्‌गुणों का समुदाय होना चाहिए और

सद्‌गुणी मनुष्यों का संगठन। तभी वह समाज और वह राष्ट्र उन्नत अवस्था को प्राप्त कर सकेगा।

## ९. अनेक मित्र जोड़ें, सबको अपने साथ लेकर चलें

भगवान श्रीकृष्ण ने एक बार एक बड़े यज्ञ का आयोजन किया। उन्होंने दुर्योधन से कहा - ''इस यज्ञ में किसी सज्जन व्यक्ति का सत्कार किया जाना है। इसलिये तुम कोई सज्जन मनुष्य खोजकर ले आओ।'' इसके पश्चात् भगवान ने युधिष्ठिर से कहा - ''इस यज्ञ में नरबलि दी जानी है। इसलिए तुम किसी दुष्ट व्यक्ति को खोजकर ले आओ।'' काफी खोज करने के पश्चात् दुर्योधन को कोई सज्जन व्यक्ति मिला नहीं और युधिष्ठिर को कोई दुर्जन मिला नहीं।

बच्चों, यह जग कैसा है? अच्छा है या बुरा? इस प्रश्न का उत्तर हम इस जग को किस दृष्टि से देखते हैं, इस पर निर्भर करेगा। हम संसार में केवल बुराई देखते हुए सबसे केवल संघर्ष ही करते रहेंगे, तो उसमें कुछ भी हाथ लगने वाला नहीं है। जो सारे जग से प्रेमपूर्ण व्यवहार करता है, उसके साथ सारा जग प्रेम का व्यवहार करता है। मनुष्य को हम 'सामाजिक प्राणी' कहते हैं, परन्तु समाज में हमारा स्थान हमारे आचरण पर ही निर्भर करता है। समाज में अनेक मित्र जोड़कर सबको अपने साथ लेकर जो चलता है, उसके पीछे अनेक की सदिच्छा होती है। ऐसे मनुष्य को कभी किसी बात की कमी नहीं पड़ती। इसके विरुद्ध जो अनेक को शत्रु बना लेते हैं, उसे श्री समर्थ मूर्ख कहते हैं। अपने साथ अनेकों को लेकर चलना हो तो हमारे पास तीन गुण होने ही चाहिए - १. सहनशक्ति २. वाणी की मधुरता ३. अपने बोलने के समान स्वयं का आचरण। इसी बात को समझाते हुए श्री समर्थ कहते हैं -

**आपण यथेष्ट जेवणे। उरले ते अन्न वाटणें।**
**परन्तु वाया दवडणें। हा धर्म नव्हे।।**
**तैसे ज्ञानें तृप्त व्हावें। तेंचि ज्ञान जनास सांगावें।**
**तरतेन बुडों नेदावें। बुडतयासीं।।**

हम स्वयं पेटभर भोजन करें और शेष बचा अन्न दूसरों में बांट दें। बचा अन्न व्यर्थ ही चला जाए, यह धर्म नहीं है। इसी प्रकार हम स्वयं भरपूर ज्ञान प्राप्त कर तृप्त हों, समाधान को प्राप्त हों। पश्चात् वह ज्ञान अन्य को बताएं। जो स्वयं उत्तम तैराक हैं, वह डूबने वाले को डूबने से बचा लें, यह योग्य ही है।



श्री समर्थ आगे कहते हैं -

**बहुतांचे अन्याये क्षमावे। बहुतांचे कार्यभाग करावे।**
**आपल्यापरीस व्हावे। पारखे जन।।**
**नेमके चिं बोलावें। तत्काळचि प्रतिवचन द्यावें।**
**कदापि रागास न यावें। क्षमारूपें।।**
**उद्दंड धिक्कारून बोलती। तरी चळों नेदावी शांति।**
**दुर्जनास मिळोन जाती। धन्य ते साधु।।**
**स्वयें आपण कष्टावें। बहुतांचे सोसित जावें।**
**झिजोन किर्तीस उरवावें। नाना प्रकारें।।**
**परांतरास न लावावा ढाका। कदापि पडों नेदावा चुका।**
**क्षमाशीळ त्याच्या तुका। हानी नाहीं।।**

अन्यों के अन्याय की क्षमा करनी चाहिए। अनेकों को उनके कार्य में मदद करनी चाहिए। पराए लोगों को अपना बना लेना चाहिए। आवश्यक हो उतना ही बोलना चाहिए। कोई प्रश्न करे तो तुरन्त उसका उत्तर देना चाहिए। हमारे पास क्षमा हो और उसके बल पर हम कभी क्रोध के अधीन न हो जाएं। कोई कितने भी अपशब्द कहे, धिक्कार करे, तो भी उत्तम पुरुष को अपनी शांति भंग नहीं होने देनी चाहिए। दुर्जन के साथ भी जो समरस हो पाते हैं, वे साधु वास्तव में धन्य हैं। हम स्वयं कष्ट करें। अनेकों के लिए अनेकों का सहन करते जाएं। लोगों के लिए अनेक प्रकार से स्वयं को गलाकर अपनी कीर्ति पीछे छोड़ दें। दूसरों के अंतःकरण को ठेस न पहुंचाएं। हमारे हाथों कभी अनुचित आचरण न हो। जो वास्तव में क्षमाशील होता है, उसकी श्रेष्ठता में कभी कमी नहीं आती। समाज के नेता को क्रोधी अथवा गुस्सैल नहीं होना चाहिए। कोई उस पर चाहे जितनी टीका-टिप्पणी करे, उसकी आलोचना करें, वह विचलित न हो। उसकी वाणी में मधुरता होनी चाहिए। श्री समर्थ कहते हैं,

**दुसऱ्याच्या दुःखें दुःखवावे। परसंतोषें सुखी व्हावें।**
**प्राणीमात्रास मेळऊन घ्यावें। बऱ्याशब्दें।।**

दूसरों का दुःख देखकर दुःख होना, दूसरे के सुख में सुख का अनुभव करना, यह उत्तम पुरुष का लक्षण है। मीठे वचन बोलकर दूसरों को अपना बना लेना चाहिए। मधुर वाणी का महत्व बताते हुए श्री समर्थ ने कहा है -

**जगामध्ये जगमित्र। जिव्हेपासी आहे सूत्र।**

जग में हमें जगमित्र होकर रहना हो तो उसका सूत्र हमारी जिव्हा के पास है। श्री समर्थ के अनुसार हमारी वाणी का अतिशय महत्व है। अपनी वाणी से हमें सबके

अंतःकरण जीत लेते आना चाहिए। जिसके कारण दूसरों के अंतःकरण को दुःख पहुंचता है, उसे श्री समर्थ ने अपवित्र वैखरी कहा है और यह अपवित्र वैखरी एक दिन हमारे अपने ही विनाश का कारण बन जाती है, ऐसा इशारा भी दिया है। श्रेष्ठ पुरुष का पुरुषार्थ अनेक को सुखी करने में है।

दूसरों को दुःख पहुंचाना यह राक्षसों का काम है। हमारे साथ कोई प्रेमपूर्ण व्यवहार करता है, तो हमें अच्छा लगता है। फिर हम सभी के साथ प्रेमपूर्ण व्यवहार क्यों न करें, ऐसा सरल प्रश्न श्री समर्थ पूछते हैं। परन्तु केवल शब्दों से काम नहीं चलेगा। कोई बहुत अच्छा भाषण देने वाला हो तो कुछ समय के लिए समाज उससे भले ही प्रभावित हो जाए, परन्तु इससे समाज में कुछ विशेष परिवर्तन नहीं होगा। इस कारण 'जैसा बोलना वैसा ही स्वयं का आचरण' यह तीसरा गुण हमारे पास होना चाहिए। हमारी कथनी और करनी में विरोधाभास न हो। श्री समर्थ कहते हैं -

**बोलिण्यासारिखे चालणे। स्वयें करून बोलणें।**
**तयाची वचनें प्रमाणें। मानितीं जनीं।।**

जो पुरुष जैसा बोलता है, वैसा ही आचरण करता है। अर्थात् जिसकी कथनी और करनी में कोई अंतर नहीं होता, जो किसी बात को प्रथम जीवन में उतारता है और उसके पश्चात् अन्यों को उपदेश देता है, उसी के वचनों को समाज प्रमाण मानता है। श्री समर्थ हमारे लिए एक और महत्वपूर्ण आवश्यक गुण बताते हुए कहते हैं कि हमें यदि समाज में रहकर कार्य करना है तो सबको अपने साथ लेकर चलना होगा। सभी के साथ हमारे संबंध प्रेमपूर्ण होने चाहिए। 'जो बहुतांचा वैरी। तो एक मूर्ख।' अर्थात्, जो अनेक का शत्रु है, वह मूर्ख है। इस प्रकार मूर्खलक्षण बताते समय श्री समर्थ ने कहा है। समाज में हम अनेक के साथ झगड़ा करने लगे, तो हमारे साथ कौन चलेगा? हम अकेले पड़ जाएंगे। ऐसा न हो इस कारण श्री समर्थ कहते हैं -

**जें जें जनास मानेना। तें तें जनहि मानीना।**
**आपण येकला जन नाना। सृष्टिमध्ये।।**
**म्हणोन सांगाती असावे। मानत मानत शिकवावे**
**हळुहळु सेवटा न्यावे। विवेकानें।।**
**परंतु हे विवेकाची कामें। विवेकी करील नेमें।**
**इतर ते बापुडे भ्रमें। भांडोच लागले।।**
**बहुतांसी भांडता येकला। शैन्यावाचूंन पुरवला।**
**या कारणें बहुतांला। राजी राखावे।।**

जो बात जनसामान्य के मन को स्वीकार नहीं होती, उसे लोग कभी भी प्रमाण नहीं मानते। मेरा ही कहना ठीक है - इस प्रकार का दुराग्रह रखने से हम अकेले पड़ जाएंगे। इस कारण सबको अपने साथ लेकर चलें। उन्हें धीरे-धीरे क्रमशः सिखाते हुए विवेक के साथ अंतिम पीढ़ी तक ले जाएं। यह विवेक का कार्य है। जो विवेकी है, वह इसे कर पाता है। अन्य बेचारे तो आपस में झगड़ते ही रहते हैं। बिना सेना के सेनापति जिस प्रकार अकेला युद्ध नहीं कर सकता, उसी प्रकार जो व्यक्ति अनेक के साथ झगड़ता रहता है, वह अकेला कोई कार्य कर नहीं सकता। इसलिए हमें सबके साथ मधुर संबंध बनाकर, सबको साथ लेकर, सबको मित्र बनाकर चलना चाहिए।

**मित्र अच्छे होने चाहिए -**

श्री समर्थ ने मित्र जोड़ने की बात कही। विद्यार्थी जीवन में तो हमारे लिए मित्र का स्थान सबसे महत्वपूर्ण होता है। सच्चे हृदय से हमारे प्रति प्रेमभाव रखने वाला गुणवान मित्र मिलना, यह बड़े भाग्य की बात होती है, हमारे जीवन की अमूल्य निधि होती है। श्री समर्थ ने हमें मैत्री का सच्चा रहस्य बताया है। जो मित्रता केवल स्वार्थ के लिए होती है, वह मित्रता सच्ची मित्रता नहीं होती। कारण स्वार्थ सिद्ध होते ही मित्रता भी समाप्त हो जाती है। श्री समर्थ कहते हैं -

**माझें माझें तुझें मांझे। ऐसी हे मैत्रिकीं जनीं।**
**माझें तुझें तुझे तुझें। ऐसे हे न घडे कदा।।**
**आशेची मैत्रिकी खोटी। दुराशा विटंबी पुढें।**
**परोपकारणी मैत्री। ते मैत्री न विटे कदा।।**
**अविश्वासें वस्ती केली। विश्वास हृदयी नसे।**
**विकल्पे चालते मैत्री। ते मैत्री आत्मघातकी।।**
**मित्र हो गोत्रूज बंधू। आपुलें पारिखें जनीं।**
**विकल्पेवीण जे सख्य। ते सख्य सुख दाखवी।।**

साधारणतः समाज में हमें 'जो मेरा है, वह मेरा और तुम्हारा है, वह भी मेरा' इसी प्रकार की मित्रता दिखाई देती है। 'जो मेरा है, वह तुम्हारा है और जो तुम्हारा है, वह भी तुम्हारा है' इस प्रकार की मित्रता का भाव कहीं दिखाई नहीं देता, परन्तु सच्ची मित्रता वही है, जिसमें मित्र से कुछ भी प्राप्त करने की आशा नहीं होती। कुछ प्राप्त करने की आशा से जो मित्रता की जाती है, वह आगे चलकर टूट जाना निश्चित है। केवल एक-दूसरे का भला करने की इच्छा से की जाने वाली मित्रता में कभी कमी नहीं आती। दो मित्रों के बीच एक-दूसरे के प्रति विश्वास न हो, अविश्वास निर्माण हो जाए, तो मन में शंका रखकर की जाने वाली इस प्रकार की मित्रता

आत्मघाती सिद्ध होती है। मित्र हमारे स्वकीय, बंधु समान होना चाहिए। शंका अर्थात् विकल्परहित ऐसी मित्रता ही सुख प्रदान करने वाली होती है।

इसके पश्चात् श्री समर्थ मित्र कैसा होना चाहिए और कैसा नहीं होना चाहिए, इसका वर्णन करते हैं।

**मित्र तो पाहिजे ज्ञानी। विवेकी जाणता भला।**
**श्लाघ्यता पाहिजे तेथे। इहलोक परत्रही।।**
**उगाचि वेळ घालाया। नासके मित्र पाहिले।**
**कुबुद्धि कुकर्मी दोषी। त्याचें फळ भोगावया।।**
**संगदोषे महादुःखे। संगदोषे दरिद्रता।**
**संगती ने महद्भाग्य। प्राणी प्रत्यक्ष पावती।।**
**संग तो श्रेष्ठ शोधावा। नीच संगत कामा नये।**
**न्यायवंत गुणग्राही। यत्नाचा संग तो बरा।।**

श्री समर्थ कहते हैं कि मित्र ज्ञानी हो, विवेकी हो, समझदार हो, भला हो और इहलोक-परलोक अर्थात प्रपंच और परमार्थ दोनों का ज्ञान रखने वाला हो। व्यर्थ ही समय बर्बाद करने के लिए कुबुद्धि, कुकर्मी, दोषी लोगों के साथ यदि हमने मित्रता की तो हमें भी उनके कर्मों का फल भोगना पड़ेगा। दोषपूर्ण संगति के कारण महादुःख, दरिद्रता की प्राप्ति होती है, तो सुसंगति से महद्भाग्य प्राप्त होता है। इस कारण सदैव श्रेष्ठ संगति खोजनी चाहिए। नीच व्यक्तियों का संग ठीक नहीं है। नामवंत, गुणग्राही, प्रयत्नशील ऐसे लोगों का संग करना ही कल्याणकारी होता है। श्री समर्थ आगे कहते हैं -

**संगतीसारिखे होती। नाना लोक भूमंडळी।**
**सुबुद्धी संगतीयोगें। कुबुद्धी संगतीगुणे।।**
**कर्मानुसार या लोकां। संगती सांपडे बरी।**
**इहलोक-परलोकी। सत्संग पाहिजे बरा।।**
**पुण्यवंता सत्संगति। पापिष्ठां असत्यसंगति।**
**गति आणि अवगति। संगतियोगे।।**
**उत्तमसंगती धरावी। आपली चिंता आपण करावी।**
**अंतरी बरी विवरावी। बुद्धि जाणत्याची।।**
**साक्षपी जाणत्याची संगती। तेणें साक्षपी शाहणे होती।**
**आळसी मूर्खाची संगती। आळसी मूर्ख।।**



हम अपने चारों ओर देखें तो दिखाई देगा कि जिसकी जैसी संगति है, वह वैसा ही हो जाता है। संगति के ही कारण सुबुद्धि प्राप्त होती है और संगति के ही कारण कुबुद्धि। हमारे कर्म जैसे हैं, वैसी ही संगति का लाभ हमें होता है। इहलोक-परलोक सुधारने के लिए उत्तम संगति आवश्यक है। पुण्यकर्म करने वाले को सत्संग का लाभ मिलता है, पापी को असत्संग का। हमारी उन्नति या अवनति होना यह हमारा संग कैसा है, इस पर निर्भर करता है। इसलिए हम अपनी चिंता स्वयं करें, अपनी बुद्धि, विवेक का उपयोग करें। प्रयत्नशील, समझदार व्यक्ति का संग मिले, तो वह हमें भी प्रयत्नशील, समझदार बना देता है, परन्तु आलसी, मूर्ख व्यक्ति का संग करने वाला स्वयं भी आलसी और मूर्ख हो जाता है। कुल मिलाकर कहें तो

**उत्तमसंगतीचें फळ सुख। अधमसंगतीचे फळ दुःख।**
**आनंद सांडूनियां शोक। कैसा घ्यावा।।**

उत्तमसंगति का फल सुख होता है और अधमसंगति का फल दुःख। तो आनंद को छोड़कर शोक अर्थात् दुःख को स्वीकार क्यों करना है।

मनुष्य का मन जल समान है। जल को स्वयं का रूप, रंग, स्वाद नहीं होता। ईख के खेत में जल मीठा बन जाता है और मिर्ची के खेत में तीखा। गुलाब की संगति में सुगंधित बन जाता है और गंदे नाले में दुर्गंधयुक्त। इस कारण विद्यार्थी जीवन से ही मित्र बनाते समय हमें अतिशय सावधान रहना चाहिए। ऐसा न करने पर बहुमूल्य जीवन किसी छोटी-सी भूल के कारण नष्ट हो जाएगा।

## १०. बोलना सुंदर-पढ़ना सुंदर-लिखना सुंदर

श्री समर्थ के उपदेशों की विशेषता यह है कि वह हमारे सामाजिक और व्यक्तिगत जीवन के सभी अंगों को स्पर्श करते हैं। कहीं वे गहन आध्यात्मिक विषयों की चर्चा करते हैं, तो कहीं छत्रपति शिवाजी समान राजपुरुष का राजनीति में मार्गदर्शन करते दिखाई देते हैं। इसी प्रकार हमारे व्यक्तिगत जीवन की छोटी-छोटी बातों में भी उनका उपदेश हमारे लिए कल्याणकारी सिद्ध होता है। श्री समर्थ के उपदेशों की यह सर्वस्पर्शिता देखकर मन आश्चर्यचकित हो जाता है।

यहां श्री समर्थ ने एकदम साधारण प्रतीत होने वाली, परन्तु विद्यार्थियों के लिए अतिशय महत्वपूर्ण ऐसी लेखन क्रिया की चर्चा की है।

लिखने-पढ़ने को हम कोई साधारण कार्य न समझें। हमारे जीवन के साथ इनका बहुत गहरा संबंध है। अमेरिका में पेन ब्रेकर नाम से एक प्रसिद्ध मनोवैज्ञानिक हो गए। एक बार करीब चार सौ बच्चों को उनके जिम्मे सौंपा गया। किशोर आयु के ये सारे बच्चे मन से अतिशय अशांत थे। पेन ब्रेकर ने पहले उन सब की वैद्यकीय जांच की और फिर उन पर एक साधारण प्रयोग किया। उन्होंने उन बच्चों को सुबह-शाम कुछ निश्चित समय तक लिखने का काम दिया। ब्रेकर उनको विभिन्न उपन्यास देते और बही में उनको लिखते जाने को कहते। छह महीने बाद वे बच्चे काफी शांत हो गए। उनकी फिर से वैद्यकीय जांच की गई। देखा गया कि उन सब में रोग प्रतिकारक शक्ति बढ़ गई है। केवल सुबह-शाम लिखने का यह प्रभाव था। इस कारण श्री समर्थ कहते हैं - **"दिसामाजी काहीतरी ते लिहावे। प्रसंगी अखंडीत वाचीत जावे।"** अर्थात् दिनभर में थोड़ा-बहुत अवश्य लिखना चाहिए और खाली समय मिलते ही कुछ न कुछ पढ़ते रहना चाहिए। श्री समर्थ ने उस काल में अपने शिष्यों के हाथों विशाल लेखन कार्य करवा लिया था। वेणास्वामी ने करीब २०० ग्रंथ लिखकर रखे थे। गिरिधर स्वामी ने करीब ४०० ग्रंथों को लिखकर रखा। केशवस्वामी ने १८ बार दासबोध लिखकर रखा था। स्वयं श्री समर्थ ने संस्कृत में लिखी गई वाल्मीकि रामायण की सम्पूर्ण संहिता पंद्रह वर्ष की आयु में अपने हाथों से लिखकर रखी थी। 'विद्याभ्यास कभी न छोड़ें' यह उनके विद्यार्थियों के लिए अनिवार्य नियम था। जिस काल में ग्रंथालय नहीं थे, उस काल में श्री समर्थ ने अनेक ग्रंथालयों का निर्माण किया। उनके द्वारा स्थापित मठ यानी विद्यापीठ थे, तो उनके शिष्य यानी चलते-फिरते विद्यालय थे।

हस्ताक्षर कैसा हो इस संबंध में अतिशय मौलिक सूचनाएं श्री समर्थ ने दी हैं। सुंदर, घुमावदार अक्षर लिखने की आदत हमें बचपन से ही लग जानी चाहिए। जीवन को शुद्ध, सुंदर बनाने का प्रारंभ शुद्ध, सुंदर लेखन के साथ ही होता है। आज टायपिंग अथवा झिरॉक्स का महत्व चाहे कितना बढ़ गया हो, परन्तु हस्तलेखन का महत्व कम नहीं हुआ है। हमारे द्वारा लिखे गए अक्षरों में हमारे व्यक्तिमत्व का स्पष्ट प्रतिबिंब देखा जा सकता है। इसी कारण कई बार नौकरी अथवा पाठ्यक्रम के लिए आवेदन पत्र स्वयं के हस्ताक्षर में लिखकर भेजने के लिए कहा जाता है। हमारा हस्ताक्षर देखकर पढ़ने वाले के मन में हमसे मिलने की इच्छा जाग्रत होनी चाहिए। श्री समर्थ कहते हैं -

**बालके बाळबोध अक्षर। घडसुनी करावे सुंदर।**
**जे देखतांचि चतुर। समाधान पावती।।**



बचपन से ही अभ्यास द्वारा हम अपने अक्षर ऐसे सुंदर बनाएं कि जिन्हें देखकर ही जानकार व्यक्ति का समाधान हो।

**वाटोळे सरळे मोकळे। वोतले मसीचे काळे।**
**कुळकुळीत वळी चालित्या ढाळे। मुक्तमाळा जैशा।।**

गहरी काली मसी अर्थात् स्याही लेकर घुमावदार, सीधी रेखा में और अंतर छोड़कर ऐसे लिखना चाहिए, जैसी कि मोती की मालाएं।

**अक्षरमात्र तितुके नीट। नेमस्त पैस काने नीट।**
**आडव्या मात्रा त्या ही नीट। आर्कूली वेलांड्या।।**

प्रत्येक अक्षर व्यवस्थित हो, बीच का अंतर एक समान हो और मात्रा, ईकार इत्यादि के चिह्न भी व्यवस्थित ढंग से बनाए गए हों।

**पहिले अक्षर जे काढिले। ग्रंथ संपेतो पाहात गेले।**
**येका टाकेंचि लिहिले। ऐसे वाटे।।**

लिखने का आरंभ करते समय जैसा अक्षर हो वैसा ही लिखना समाप्त होते तक बना रहे। आरंभ से अंत तक ग्रंथ पर दृष्टि डालें तो सम्पूर्ण ग्रंथ एक ही लेखनी से, एक ही बैठक में लिखा गया है, ऐसा प्रतीत होना चाहिए।

**अक्षराचे काळेपण। टांकाचे ठोसरपण।**
**तैसेंचि वळण वाकण। सारखेचि।।**

अक्षरों का कालापन, लेखनी की मोटाई, उसी प्रकार अक्षरों का घुमाव, गति, एक समान होनी चाहिए।

**वोळीस वोळी लागेना। आर्कूली मात्रा भेदीना।**
**खालीले वोळीस स्पर्शेना। अथवा लंबाक्षर।।**

ऊपर-नीचे की पंक्तियां एक-दूसरे को न छुएं, मात्राएं, ईकार इत्यादि के चिह्न एक-दूसरे में मिल ना जाएं और अक्षर बहुत लंबा न हो।

**पान शिषाने रेखाटावे। त्यावरी नेमकचि ल्याहावें।**
**दुरी जवळी न व्हावे। अंतर वोळीचे।।**

कागज पर पहले सीसे से समानान्तर रेखाएं खींचकर उन पर व्यवस्थित लिखना चाहिए। दो पंक्तियों के बीच का अंतर कम-ज्यादा नहीं होना चाहिए।

**कोठे शोधासी आडेना। चुकी पाहातां सांपडेना।**
**गरज केली हें घडेना। लेखकापासुनी।।**

क्वचित कुछ दोष दूर करना पड़ा तो कठिनाई नहीं होनी चाहिए। लिखना त्रुटिरहित हो और क्या लिखा है यह पढ़ने के लिए लिखने वाले की आवश्यकता न पड़े।

**जयाचे वय आहे नूतन। त्यानें ल्याहावें जपोन।**
**जनासी पडे मोहन। ऐसें करावें।।**

कम आयु के बच्चों को तो विशेष सावधानीपूर्वक ऐसा लिखना चाहिए कि अक्षर देखकर ही पढ़ने वाले का मन मोहित हो जाए।

**बहु बारिक तरुणपणीं। कामा नये म्हातारपणीं।**
**मध्यस्थ लिहिण्याची करणी। केली पाहिजे।।**

बचपन में यदि अक्षर बहुत छोटे, बारीक हों तो वृद्धावस्था में उनको पढ़ पाना कठिन हो जाता है। इस कारण अक्षर मध्यम आकार के होने चाहिए।

**भोंवतें स्थळ सोडून द्यावे। मधेंचि चमचमित ल्याहावें।**
**कागद झडतांहि झडावें। नलगेचि अक्षर।।**

कागज पर चारों ओर एक समान खाली स्थान छोड़कर बीच में स्पष्ट, चमकदार अक्षरों में लिखना चाहिए। चारों ओर इतना स्थान रखा हो कि कागज को किनारों से कुछ क्षति पहुंचने पर भी अक्षरों को कोई क्षति न पहुंचे।

**ऐसा ग्रंथ जपोनी ल्याहावा। प्राणिमात्रास उपजे हेवा।**
**ऐसा पुरुष तो पहावा। म्हणती लोक।।**

इस प्रकार सावधानीपूर्वक सम्पूर्ण ग्रंथ ऐसा लिखें कि उसे देखते ही देखने वाले के मन में वह ग्रंथ अपने संग्रह में रखने की और लिखने वाले से मिलने की इच्छा उत्पन्न हो।

उत्तम लेखन के विषय में समझाने के पश्चात् श्री समर्थ पढ़ने के संबंध में भी अनेक सूचनाएं देते हैं। पढ़ते समय सर्वाधिक महत्वपूर्ण बात होती है, स्पष्ट अर्थ समझकर पढ़ना। श्री समर्थ कहते हैं -

**सुंदर अक्षर ल्याहावें। पष्ट नेमस्त वाचावें।**
**विवर विवरों जाणावे। अर्थांतर।।**
**शब्दभेद अर्थभेद। मुद्राभेद प्रबंधभेद।**
**नाना शब्दाचे शब्दभेद। जाणोनी पाहावे।।**
**अभ्यासे प्रगट व्हावें। नाहीं तरी झाकोन असावें।**
**प्रगट होउन नासावें। हे बरे नव्हें।।**

सुंदर अक्षरों में लिखें और हमारा पढ़ना स्पष्ट व्यवस्थित हो। पढ़ते समय हमें उसका अर्थ भी समझ में आते जाना चाहिए। शब्दों के बीच का भेद, शब्दों के अर्थ का भेद, शब्दों द्वारा प्रकट किए जाने वाले भाव में भेद, गद्य तथा पद्य इनके बीच का भेद यह सारा ध्यान में रखकर पढ़ना चाहिए। पर्याप्त अध्ययन करने के पश्चात् ही हम



औरों के सामने स्वयं को प्रकट करें। सबके बीच स्वयं को प्रकट करना और पर्याप्त ज्ञान के अभाव में अपनी हंसी उड़ा लेना, यह ठीक नहीं है। श्री समर्थ आगे कहते हैं-

**अक्षरें गाळून वाची। कां तें घाली पदरिंची।**
**नीगा न करो पुस्तकाची। तो येक मूर्ख।।**
**आपण वाचीना कधीं। कोणास वाचावया नेदी।**
**बांधोन ठेवी बंदीं। तो येक मूर्ख।।**
**समूळ ग्रंथ पाहिल्याविण। उगाच ठेवी जो दूषण।**
**गुण सांगता अवगुण। पाहे तो एक पढतमूर्ख।।**

पढ़ते समय जो कुछ अक्षर या शब्द छोड़कर पढ़ता है अथवा अपने पास के अक्षर या शब्द बीच में घुसेड़कर पढ़ता है, वह मूर्ख है। इसी प्रकार जो अपनी पुस्तकों का ध्यान नहीं रखता, उनको संभालकर नहीं रखता, जो अपने संग्रह में रखे ग्रंथ न स्वयं पढ़ता है, न अन्यों को पढ़ने के लिए देता है, केवल बांधकर रखे रहता है, वह मूर्ख है, परन्तु इनसे भी बढ़कर तो वह है, जो सम्पूर्ण ग्रंथ को पढ़े बिना ही उस दूषण देता है और उसके गुण न देखते हुए उसमें अवगुण ही देखता है। ऐसे व्यक्ति को पढ़ा-लिखा मूर्ख अर्थात् पठितमूर्ख ही कहना चाहिए।

अब श्री समर्थ एकांत में बैठकर किसी ग्रंथ का अध्ययन करने पर जोर देते हुए कहते हैं -

**जो येकांतासी तत्पर। आधी करी पाठांतर।**
**अथवा शोधी अर्थांतर। ग्रंथगर्भीचे।।**
**आधीच सिकोन जो सिकवी। तोचि पावे श्रेष्ठ पदवी।**
**गुंतल्या लोकांस उगवी। विवेक बळें।।**
**अक्षर सुंदर वाचणें सुंदर। बोलणें सुंदर चालणें सुंदर।**
**भक्ति ज्ञान वैराग्य सुंदर। करुन दावी।।**
**अखंड येकांत सेवावा। ग्रंथमात्र धांडोळावा।**
**प्रचित येईल तो घ्यावा। अर्थ मनी।।**

जो एकांत में बैठकर ग्रंथ याद करता है अथवा उस ग्रंथ के अर्थ का, सार का चिन्तन करता है, उसे समझने का प्रयास करता है, इस प्रकार स्वयं ज्ञान प्राप्त कर अन्यों में भी बांटता है तथा अपने विवेक के बल से भ्रम में फंसे लोगों को मुक्त करता है, वही श्रेष्ठ पद को प्राप्त होता है। ऐसे व्यक्ति का लिखना सुंदर होता है, पढ़ना सुंदर होता है, बोलना सुंदर होता है, चलना सुंदर होता है। ऐसा व्यक्ति स्वयं के जीवन द्वारा भक्ति, ज्ञान, वैराग्य का सुंदर उदाहरण प्रस्तुत करता है। इस कारण

अखंड एकांत में रहकर श्रेष्ठ ग्रंथों का अध्ययन करना चाहिए, उनका अर्थ समझने का प्रयास करना चाहिए और वही अर्थ स्वीकार करना चाहिए जो हमारे जीवन के अनुभवों पर खरा उतरे। अंत में एक और महत्वपूर्ण बात समझाते हुए श्री समर्थ कहते हैं -

**विद्या उदंडचि सिकला। प्रसंगमान चुकतचि गेला।**
**तरी मग तये विद्येला। कोण पुसे।।**

अर्थात् हम जो भी कुछ विद्या अर्थात् ज्ञान अर्जित करें उसका हमारे प्रत्यक्ष जीवन में उपयोग होना चाहिए। जो विद्या जीवन के कठिन प्रसंगों से पार होने में हमारी सहायता नहीं करती, उस विद्या का क्या उपयोग है?

श्रेष्ठ ग्रंथों को अपने यहां गुरु का स्थान दिया गया है। इस कारण किसी ग्रंथ का अध्ययन करते समय उलटे-सीधे लेटकर उसे पढ़ना श्री समर्थ को कभी भी स्वीकार नहीं था। एक दिन श्री समर्थ का कोई शिष्य पलंग पर पेट के बल लेटकर दासबोध पढ़ रहा था। तभी वेणाबाई वहां से निकलीं। उन्होंने उस शिष्य को साष्टांग दंडवत प्रणाम किया। वह शिष्य कुछ लज्जित हो गया। वेणाबाई ने उससे कहा - "प्रणाम मैंने तुम्हें नहीं किया, दासबोध को किया। दासबोध हम सबका गुरु है ना?" ठीक उसी समय श्री समर्थ वहां आए और उस शिष्य को फटकार लगाते हुए बोले - "हम बिस्तर पर लोट लगाएं और सरस्वती हम पर प्रसन्न हों इतनी सरस्वती सस्ती नहीं हैं। जो उचित रीति से अध्ययन नहीं कर सकता, वह तुरन्त मठ छोड़कर चला जाए।"

श्री समर्थ की यह फटकार केवल उस शिष्य के लिए ही नहीं, अपितु आप, हम सबके लिए है।

# ११. शिक्षा को धर्म का अधिष्ठान चाहिए

हमारी हिन्दू जीवन पद्धति में धर्म, अर्थ, काम तथा मोक्ष ये जीवन के चार पुरुषार्थ बताए गए हैं। इनमें धर्म का स्थान सर्वप्रथम है अर्थात् अन्य तीन पुरुषार्थों के लिए धर्म का अधिष्ठान होना चाहिए, इस प्रकार बताया गया है। धर्म की व्याख्या अनेक प्रकार से की गई है, परन्तु धर्म की सर्वसाधारण परिभाषा करनी हो तो हम कह सकते हैं कि ईश्वर के प्रति प्रगाढ़ श्रद्धा रखते हुए और नीतिपूर्ण जीवन जीते हुए निष्काम भाव से अपने कर्तव्यों का पालन करना यह धर्म कहलाता है। धर्म की यह



परिभाषा स्वीकार करें तो हमारे सम्पूर्ण जीवन को ही धर्म का अधिष्ठान होना चाहिए, इस प्रकार कहने में कुछ भी अनुचित नहीं है। ऐसे धर्म पर आधारित जीवन जीते हुए हम अर्थ प्राप्ति करें, उसका उपयोग स्वयं की कामनाओं की पूर्ति के लिए तथा राष्ट्र की उन्नति के लिए करें और इसी मार्ग से चलकर जीवन के अंतिम लक्ष्य मोक्ष की प्राप्ति कर लें। इसी में मानव जीवन की सार्थकता है, इस प्रकार कहा गया है। परन्तु धर्म के वास्तविक स्वरूप का तथा हमारे कर्तव्यों का ज्ञान हमें कैसे होगा? इसके लिए एकमात्र उपाय है सत्संग अर्थात् संतों का संग। अब प्रश्न उत्पन्न होता है कि संत किसे कहेंगे? आजकल तो हमारे चारों ओर संतों की बाढ़-सी आई दिखाई देती है। इनमें से सच्चा संत कैसे पहचानें? सच्चा संत वही है, जो स्वयं आत्म-साक्षात्कार को प्राप्त हो चुका है, ईश्वर के साथ एकरूप हो चुका है, जिसकी स्वयं की कोई कामना शेष नहीं बची है, परन्तु इसके पश्चात् भी मन में जनसामान्य के प्रति अपार करुणा होने के कारण जो सतत जनकल्याण के कार्य में लगा होता है। श्री ज्ञानेश्वर महाराज, नामदेव महाराज, एकनाथ महाराज, तुकाराम महाराज, संत तुलसीदास, स्वयं श्री समर्थ, श्री गुरुनानक, श्रीरामकृष्ण परमहंस, स्वामी विवेकानंद, श्रीरमण महर्षि ये हमारी इस संत परम्परा के कुछ उज्ज्वल नक्षत्र हैं। हमें अपने जीवन में ऐसे संतों के साथ जुड़ने का, उनसे मार्गदर्शन प्राप्त करने का अवश्य प्रयत्न करना चाहिए। ऐसे ही संतों का वर्णन करते हुए श्री समर्थ कहते हैं -

संत आनंद का स्थान होते हैं। मूर्तिमंत सुख होते हैं। विभिन्न प्रकार के संतोष का मूल होते हैं।। संत यानी विश्राम का विश्राम। संत यानी तृप्ति की तृप्ति। संत यानी भक्ति की फलश्रुति ही है।। संत यानी धर्म का धर्मक्षेत्र। संत यानी स्वरूप का सत्पात्र। संत यानी पुण्य की पवित्र पुण्यभूमि।। संत यानी समाधि का मंदिर। संत यानी विवेक का भंडार। संत यानी सायुज्यमुक्ति का मायका ही है।। संत यानी सत्य का निश्चय। संत यानी सार्थक की जय। संत यानी सिद्धरूप प्राप्ति का समय ही मानना चाहिए।। मोक्ष प्रदान कर सकें उस संपत्ति से सम्पन्न ऐसे ये संत हैं। संतों ने अनेक दरिद्र जीवों को नृपति बना दिया।। सम्पूर्ण त्रिलोक में जिसकी प्राप्ति नहीं हो सकती, उसका दान संत करते हैं। ऐसे संतों की महिमा का वर्णन कर पाना क्या संभव है?

श्री समर्थ के अनुसार हमारे जीवन में प्रपंच अर्थात् लौकिक जीवन और परमार्थ का उचित मिलाप होना चाहिए। दोनों में से एक न हो तो जीवन अधूरा रह जाएगा। इसी को मस्तिष्क और हृदय का समन्वय कहा गया है। विद्यार्थी जीवन से ही इन दोनों का समान विकास होना चाहिए। केवल मस्तिष्क का विकास होने पर

कमजोर मन और रोगी अंतःकरण की पीढ़ी निर्माण होगी। भले ही वह अतिशय बुद्धिमान होगी, परन्तु सुखी नहीं हो सकेगी। इस कारण भौतिक शिक्षा के साथ ईश्वर भक्ति जुड़ी होनी चाहिए। हमारे पाठ्यक्रम में ध्यान, नामस्मरण, संगीत, कला, साहित्य, नृत्य इन भावपूर्ण बातों का समावेश होना ही चाहिए अन्यथा केवल एक अंतःकरण शून्य प्राणी होकर रह जाएगा। इसलिए श्री समर्थ कहते हैं -

**परमार्थ जन्माचे सार्थक। परमार्थ संसारी तारक।**
**परमार्थ दाखवी परलोक। धार्मिकासी।।**
**परमार्थ दाखवी थार। परमार्थ साधकासी आधार।**
**परमार्थ दाखवी पार। भवसागराचा।।**
**परमार्थी तो राज्यधारी। परमार्थ नाहीं तो भिखारी।**
**या परमार्थची सरी। कोणास द्यावी।**
**अनंत जन्मीचे पुण्य जोडे। तरीच परमार्थ घडे।**
**मुख्य परमात्मा आतुडे। अनुभवासी।।**
**जेणे परमार्थ वोळखिला। तेणे जन्म सार्थक केला।**
**येर तो पापी जन्मला। कुलक्षयाकारणे।।**
**भल्याने परमार्थी भरावे। शरीर सार्थक करावे।**
**पूर्वजांस उद्धरावे। हरिभक्ती करूनी।।**

परमार्थ में ही जन्म का सार्थक है। परमार्थ अर्थात् आत्मज्ञान ही हमें इस संसार से तार सकता है, हमारा परलोक सुधार सकता है। तपस्यारत साधकों के लिए परमार्थ ही आधार है। परमार्थ ही हमें भवसागर के पार ले जाता है। जो परमार्थी है, वही राज्यदारी है। जिसके पास परमार्थ नहीं, वह भिखारी है। ऐसे इस परमार्थ की तुलना किससे की जा सकती है? अनंत जन्मों के पुण्य के फलस्वरूप ही परमार्थ की प्राप्ति होती है। परमार्थ द्वारा हमें प्रत्यक्ष परमात्मा की प्राप्ति हो जाती है। जिसने परमार्थ को अंगीकार किया, उसी ने अपना जीवन सार्थक किया। इस कारण जिसे अपने जीवन को सार्थक करने की इच्छा है, उसे परमार्थ की राह पकड़नी चाहिए और हरिभक्ति करते हुए अपने पूर्वजों का उद्धार करना चाहिए।

श्री समर्थ की परमेश्वर पर प्रगाढ़ श्रद्धा थी। अपना सम्पूर्ण जीवन निष्काम कर्मयोगी का आचरण करते हुए जनसामान्य के कल्याण के लिए समर्पित कर देने वाले इस महापुरुष को क्षणभर के लिए भी परमात्मा का विस्मरण नहीं होता था। करने, कराने वाला एकमात्र परमेश्वर है, हम तो केवल उसके हाथ के साधन हैं, यह उनका दृढ़ विश्वास था। इसलिए वे कहते हैं -



**देवासी परम सख्य करावे। प्रेम प्रीतीने बांधावे।**
**आठवे भक्तीचे जाणावे। लक्षण ऐसे।।**
**देवास जयाची अत्यंत प्रीती। आपण वर्तावें तेणें रीतीं।**
**येणे करिता भगवंती। सख्य घडे नेमस्त।।**
**आपण तैसेंचि वर्तावें। आपणासि तेच आवडावें**
**मनासारिखे होता स्वभावें। सख्य घडे नेमस्त।।**

भगवान के साथ अतिशय मित्रता का नाता प्रस्थापित कर लें। उसे अतिशय प्रेम से, प्रीति से बांध लें। सख्य भक्ति का यह लक्षण है। भगवान को जो अतिशय प्रिय है, वही हम करें, वैसा ही हमारा आचरण हो। हम वैसा करें तो निश्चयपूर्वक भगवान और हमारे बीच सख्यभाव निर्माण हो जाता है।

श्री समर्थ ने यहां कहा कि भगवान को जो अतिशय प्रिय हो, वही हम करें, वैसा ही हमारा आचरण हो। भगवान को परम संतोष किसमें मिलता है? ज्ञानेश्वर महाराज कहते हैं -

**उस विश्वात्मक ईश्वर का हो स्वकर्मकुसुमों से पूजन।**
**तो उसके अपार संतोष का बन जाता है वह कारण।।**

अपने कर्तव्यकर्म का सर्वोत्तम रीति से पालन करना यही ईश्वर को प्रसन्न करने का सबसे अच्छा उपाय है। श्री समर्थ कहते हैं -

**देवाच्या सख्यत्वाकारणें। आपले सौख्य सोडून देणें।**
**अनन्यभावें जीवें प्राणें। शरीर तेंहि वेचावे।।**
**आपलें अवघें चि जावें। परी देवासी सख्य रहावें।**
**ऐसी प्रीती जिवें भावें। भगवंती लावावी।।**

भगवान से सख्य जुड़े इस कारण अपना देहसुख भूल जाना चाहिए। प्रसंग आने पर अपना शरीर भी भगवान के कार्य में समर्पित कर देने के लिए तैयार रहना चाहिए। भगवान से सख्य जोड़ने के लिए, सदैव उसके सान्निध्य में रहने के लिए अपने प्राणप्रिय आप्तजनों से दूर चले जाना पड़े तो वह वियोग भी सहन करना चाहिए। भगवान के लिए जगत में अपना जो कुछ है, वह सारा ही त्यागकर स्वयं का प्राण भी अर्पण करने के लिए तैयार रहना चाहिए।

**ऐसे परम सख्य धरितां। देवास लागे भक्ताची चिंता।।**
**ऐसा परम सख्य हो तो भगवान को ही भक्त की चिन्ता लग जाती है।**

भगवान की कृपा की वर्षा तो सच्चा साधक पर सदैव होती ही रहती है। श्री समर्थ कहते हैं -

**देव भक्तांचा कैवारी। देव पतितांसि तारी।**
**देव होये साहाकारी। अनाथांचा।।**
**देव अनाथांचा कैपक्षी। नाना संकटांपासूनी रक्षी।**
**धाविन्नला अंतरसाक्षी। गजेन्द्राकारणें।।**
**देव कृपेचा सागरू। देव करूणेचा जळधरू।**
**देवांस भक्तांचा विसरू पडणार नाहीं।।**

भगवान भक्तों के पक्षधर होते हैं। भगवान पतितों का उद्धार करते हैं। भगवान अनाथों के सहायक होते हैं। भगवान अनाथों का सभी संकटों से रक्षण करते हैं। भक्त के मन का भाव जानने वाले भगवान क्या विपत्ति में फंसे गज की रक्षा के लिए दौड़कर नहीं गए थे? भगवान कृपासिंधु, करुणासिंधु हैं, उनको अपने भक्तों का विस्मरण कभी नहीं होता।

कुल मिलाकर श्री समर्थ का कहना यह है कि किसी भी कार्य की सफलता के लिए दो बातों की आवश्यकता होती है। हमारे प्रयत्न और परमेश्वर की कृपा। इन दोनों का मिलाप हो जाए तो हमारे लिए कुछ भी असंभव नहीं है, इसलिए जीवन का एक अमूल्य सूत्र हमारे हाथ में देते हुए श्री समर्थ कहते हैं -

**सामर्थ्य है प्रयत्नों का। जो भी करेगा उसका।**
**परन्तु वहां परमात्मा का। अधिष्ठान चाहिए।।**

श्री समर्थ के इन वचनों का हमें जीवन में कभी विस्मरण न हो।

## १२. मनोबोध-अंतःकरण का श्रृंगार गृह

श्री समर्थ ने जनसामान्य का कल्याण करने हेतु जिस विशाल साहित्य सागर को निर्मित किया, उसमें मनाचे श्लोक अर्थात् मनोबोध सर्वाधिक लोकप्रिय रचना है। ज्ञानी पुरुषों को मनोबोध के ये श्लोक अतिशय महत्वपूर्ण लगते हैं। श्री ब्रह्मचैतन्य गोंदवलेकर महाराज कहा करते थे कि सामान्य मनुष्य को बड़े-बड़े ग्रंथ पढ़ने के फंदे में नहीं पड़ना चाहिए। वह मनोबोध के श्लोक याद कर ले और उनमें कहेनुसार आचरण करे तो उसे निश्चित रूप से भगवान का दर्शन हो जाएगा।

मनोबोध के श्लोकों की कुल संख्या है २०५ । इन श्लोकों में श्री समर्थ ने हमारे मन को उपदेश दिया है, उसे उन्नति का मार्ग दिखाया है। मन को ही यह उपदेश क्यों? इसके पीछे कारण यह है कि सर्वसाधारण मनुष्य के जीवन में उसके द्वारा की



जाने वाली अधिकतर गतिविधियां उसके मन द्वारा ही संचालित होती रहती हैं। यह मन प्रिय वस्तु की सदा चाह करता है और अप्रिय से सदा दूर भागना चाहता है, परन्तु अच्छे-बुरे में, हितकारक और अहितकारक में भेद नहीं कर पाता। जीवन में उन्नति करना हो तो इस मन पर बुद्धि का, विवेक का नियंत्रण होना आवश्यक होता है। इसी कारण केवल मन के अधीन होकर किया गया कर्म मनमानी कहलाता है और बुद्धि का आश्रय कर किया गया कार्य बुद्धिमानी। यह मन चंचल तो ऐसा है कि इसे बंदर की उपमा दी गई है, परन्तु इस मन की एक अच्छी बात यह है कि यदि इसे किसी अच्छे विषय में रुचि उत्पन्न हो जाए तो वह फिर उसी में रममाण भी हो जाता है और हमारी उन्नति का बहुत बड़ा साधन बन जाता है। इसी कारण कहा गया है कि मन ही हमारा मित्र है और मन ही हमारा शत्रु। मनोबोध के इन २०५ श्लोकों में श्री समर्थ ने इसी कारण मन को उपदेश करते हुए उसे उन्नति की दिशा में ले जाने का मार्गदर्शन किया है। इन २०५ श्लोकों में से विद्यार्थियों के लिए विशेष रूप से लाभदायक ऐसे चुनिंदा श्लोकों का मूल मराठी पाठ तथा श्री प्र.ग. सहस्त्रबुद्धे द्वारा किया गया हिन्दी भावानुवाद यहां प्रस्तुत है।

| **मूल मराठी** | **हिन्दी अनुवाद** |
|---|---|
| मना सज्जना भक्तिपंथेचि जावे। | सुनो चित्त हे भक्ति का पंथ धारो। |
| तरी श्रीहरी पाविजेतो स्वभावे। | हरि प्राप्ति साधो स्वयं को उबारो।। |
| जनी निंद्य ते सर्व सोडून द्यावे। | कहें जो सभी निंद्य, वो छोड़ देना। |
| जनी वंद्य ते सर्व भावे करावे ।।२।। | कहें जो सभी वंद्य, को जोड़ लेना ।। |
| | |
| प्रभाते मनी राम चिंतीत जावा। | उषःकाल में राम का ध्यान कीजे। |
| पुढे वैखरी राम आधी वदावा। | न बोलें वृथा, राम का नाम लीजे।। |
| सदाचार हा थोर सांडू नये तो। | सदाचार का ध्यान जो भी रखेगा। |
| जनी तोचि तो मानवी धन्य होतो।।३।। | वही मान्य होगा वही धन्य होगा ।। |
| | |
| मना वासना दुष्ट कामा नये रे। | कभी वासना दुष्ट ना स्थान पावे। |
| मना सर्वथा पापबुद्धी नको रे। | कभी चित्त में पापबुद्धि न आवे।। |
| मना धर्मता नीति सोडू नको हो। | सुनो चित्त रे नीति ना छोड़ देना। |
| मना अंतरी सार विचार राहो।।४।। | सदा सार निःसार की खोज लेना ।। |

मना पापसंकल्प सोडूनी द्यावा।
मना सत्यसंकल्प जीवी धरावा।
मना कल्पना ते नको वीषयांची।
विकारे घडे हो जनी सर्व ची ची ।।५।।

नको रे मना क्रोध हा खेदकारी।
नको रे मना काम नाना विकारी।।
नको रे मना सर्वदा अंगिकारू।
नको रे मना मत्सरू दंभ भारू ।।६।।

मना श्रेष्ठ धारिष्ट जीवी धरावे।
मना बोलणे नीच सोसीत जावे।।
स्वये सर्वदा नम्र वाचे वदावें।
मना सर्व लोकांसि रे नीववावे ।।७।।

देहे त्यागिता कीर्ति मागे उरावी।
मना सज्जना हेचि क्रिया धरावी।।
मना चंदनाचे परी त्वां झिजावे।
परी अंतरी सज्जना नीववावे ।।८।।

नको रे मना द्रव्य ते पूढिलाचे।
अती स्वार्थबुद्धी न रे पाप सांचे।
घडे भोगणे पाप ते कर्म खोटे।
न होतां मनासारिखे दुःख मोठे ।।९।।

सदा सर्वदा प्रीति रामे धरावी।
दुखाची स्वयें सांडि जीवी करावी।
देहे दुःख ते सुख मानीत जावे।
विवेके सदा सस्वरूपी भरावे ।।१०।।

तजो चित्त, संकल्प जो पापकारी।
धरो सत्यसंकल्प जो लाभकारी।।
न हो कल्पना भोग वासना की।
न हो विकृता धारणा पातकों की।।

न पालो कभी क्रोध जो खेदकारी।
न राखो कभी काम नाना विकारी।।
न हे चित्त तू दंभ को पास लाए।
कभी मत्सरग्रस्त होने न पाए ।।

सुनो चित्त हे धैर्य को नित्य धारे।
सहो निंद्य वाग्बाण कैसेहि मारे।।
स्वयं नम्रता से सदा बोलते जा।
सभी को मनःशान्ति तृप्ति दिए जा ।।

अरे जीव तू कृत्य ऐसे करे जा।
मरेगा तभी कीर्ति द्वारा रहे जा।।
घिसो या जलो चंदनी काष्ठ जैसे।
भरो सज्जनों के मनों को सुखों से ।।

किसी दूसरे का नहीं द्रव्य पाओ।
अति स्वार्थ में पाप ही पाप भाओ।।
असत्कर्म ही पाप का जन्मदाता।
न चाहा मिले तो बड़ा दुःख होता ।।

सदा सर्वदा राम में प्रीति राखो।
तदा दुःख को भागता दूर देखो।।
अरे दुःख को सौख्य ही छद्म मानो।
विचारो जरा स्वात्म का रूप जानो ।।



जनीं सर्वसुखी असा कोण आहे।
विचारे मना तूंचि शोधूनि पाहे।
मना त्वांचि रे पूर्वसंचीत केले।
तयासारिखे भोगणे प्राप्त जाले ।।११।।

मना मानसी दुःख आणू नको रे।
मना सर्वथा शोक चिंता नको रे।
विवेके देहेबुधि सोडून द्यावी।
विदेहीपणे मुक्ति भोगीत जावी ।।१२।।

मना सांग पां रावणा काय जाले।
अकस्मात ते राज्य सर्वे बुडाले।
म्हणोनि कुडी वासना सांडि वेगी।
बळे लागला काळ हा पाठिलागी ।।१३।।

मना पाहतां सत्य हे मृत्युभूमि।
जितां बोलती सर्वही जीव मी मी।
चिरंजीव हे सर्व ही मानिताती।
अकस्मात सांडूनिया सर्व जाती ।।१५।।

मनी मानसी वेर्थ चिंता वाहाते।
अकस्मात होणार होउनि जाते।
घडे भोगणे सर्वही कर्मयोगे।
मतीमंद ते खेद मानी वियोगे ।।१७।।

मना राघवेवीण आशा नको रे।
मना मानवाची नको कीर्ति तू रे।
जया वर्णिती वेद शास्त्रे पुराणें।
तया वर्णिता सर्व ही श्लाघ्यवाणे ।।१८।।

कहो सौख्यसंपन्न क्या पूर्ण कोई।
विचारो तथा देख तो विश्वभाई।।
तुम्हारे तुम्हें कर्म जन्मान्तरों के।
फलों को तुम्हें झेलना है उन्हीं के ।।

कभी दुःख की भावना को न लाओ।
उसी मार्ग से शोक चिंता भगाओ।।
विचारो जरा देह आसक्ति त्यागो।
विदेही बनो मुक्ति को नित्य भोगो।।

कथा को स्मरो चित्त! लंकापति की।
हुआ नाश साम्राज्य का, दुर्गति की।।
बुरी वासना छोड़ दो पाठ सीखो।
महाकाल की शक्ति को नित्य देखो।।

स्मरो लोक का नाम ही मृत्युभू है।
वृथा है पिपासा अहंता वृथा है।।
चिरंजीव हूं मैं भरा दर्प जीना।
अकस्मात सर्वस्व को छोड़ जाना ।।

मनो में करें मानव व्यर्थ चिंता।
लिखा जो विधाता वही सर्व होता।।
किया कर्म जैसे फलों को ही पाता।
न हो बुद्धि तो दुःख में चूर होता ।।

रहे आस का स्थान श्रीरामजी का।
स्तुति स्तोत्र त्यागो किसी आदमी का।।
जिसे वेद पौराणिकों ने बखाना।
उसी की स्तुति में भला गीत गाना ।।

मना सर्वथा सत्य सांडू नये रे।
मना सर्वथा मिथ्य मांडूं नको रे।।
मना सत्य ते सत्य वाचें वदावें।
मना मिथ्य ते मिथ्य सोडूनि द्यावें ।।१९।।

कभी सत्य का पक्ष ना छोड़ देना।
नहीं सर्वथा झूठ का साथ लेना।।
न बोलो कभी झूठ राखो सच्चाई।
सभी रीति की चित्त छोड़ो बुराई।।

मना सज्जना हीत माझे करावें।
रघुनायका दृढ चित्तीं धरावें।
महाराज तो स्वामी वायुसुताचा।
जना उद्धरी नाथ लोकत्रयाचा ।।२२।।

सुनो चित्त कल्याण साधो हमारा।
गहो राम के पाँव की भक्तिधारा।।
महाराज आराध्य श्रीमारुति के।
त्रिलोकेश उद्धारकर्ता सभी के।।

न बोले मना राघवेंवीण कांहीं।
जनीं वाउगें बोलता सुख नाहीं।
घडीनें घडी काळ आयुष्य नेतो।
देहांती तुला कोण सोडूं पहातो ।।२३।।

न बोलो कभी अन्य वार्ता कुवार्ता।
कहो नाम श्रीराम जो सौख्यदाता।।
क्षणों में चला काल आयुष्य खाता।
बिना राम के कौन है अन्य त्राता।।

मना वीट मानूं नको बोलण्याचा।
पुढे मागुता राम जोडेल कैंचा।
सुखाची घडी लोटतां सुख आहे।
पुढे सर्व जाईल कांही न राहे ।।२५।।

पुनः बोलता हूँ नहीं ऊब जाना।
अभी आज ही राम को शीघ्र पाना।।
सुखों को त्यजो तो तुम्हें सौख्य होगा।
सभी हैं विनाशी न कोई बचेगा।।

भवाच्या भयें काय भीतोसि लंडी।
धरी रे मना धीर धाकासि सांडी।
रघूनायका सारिखा स्वामी शीरीं।
नुपेक्षी कदा कोपल्या दंडधारी ।।२७।।

त्यजो भीरुता घोर कार्पण्य त्यागो।
धरो धीरता-वीरता चित्त जागो।।
धरा हाथ है शीर्ष पे रामजी का।
यदि क्रुद्ध हों तो भला ना किसी का।।

समर्थाचिया सेवका वक्र पाहे।
असा सर्व भूमंडळी कोण आहे।
जयाची लिळा वर्णिती लोक तीन्ही।
नुपेक्षी कदा राम दासाभिमानी ।।३०।।

समर्थ-प्रभु-दास को वक्र देखे।
हुआ विश्व में कौन ऐसा न दिखे।।
प्रभु की लीला लोक तीनों बखानी।
नुपेक्षे कभी रामदासाभिमानी।।



उपेक्षा कदा रामरूपीं असेना।
जिवा मानवां निश्चयों तो वसेना।
शिरीं भार वाहेन बोले पुराणीं।
नुपेक्षी कदा राम दासाभिमानी ।।३४।।

कभी वे नहीं भूलते हैं किसी को।
करें क्या न श्रद्धा रही है हमीं को।।
पुराण प्रतिज्ञा सदा है बखानी।
नुपेक्षे कभी रामदासाभिमानी।।

असे हो जया अंतरी भाव जैसा।
वसे हो तया अंतरी देव तैसा।
अनन्यास रक्षीतसे चापपाणी।
नुपेक्षी कदा राम दासाभिमानी ।।३५।।

तुम्हारे मनों में यथाभाव होगा।
तथा देव होगा तथा लाभ होगा।।
अनन्यों की रक्षा करे चापपाणी।
नुपेक्षे कभी रामदासाभिमानी।।

सदा सर्वदा देव सन्नीध आहे।
कृपाळूपणें अल्प धारिष्ट पाहे।
सुखानद आनंद कैवल्यदानी।
नुपेक्षी कदा राम दासाभिमानी ।।३६।।

सदा सर्वदा पास ठाड़े तुम्हारे।
जरा देखते धैर्य हैं ईश प्यारे।।
सुखानंद आनंद कैवल्यदानी।
नुपेक्षे कभी रामदासाभिमानी।।

मना पाविजे सर्व ही सुख जेथें।
अती आदरें ठेविजे लक्ष तेथें।
विवेकें कुडी कल्पना पालटीजे।
मना सज्जना राघवीं वस्ति कीजे ।।४०।।

सभी भांति के सौख्य का मूल जानो।
वही लक्ष्य मानो वहीं बुद्धि ठानो।।
विवेकी बनो ना फंसो कल्पना में।
अरे चित्त मेरे! बसो राम ही में।।

बहू हिंडतां सौख्य होणार नाहीं।
सिणावें परी नावुडे हीत कांहीं।
विचारे बरें अंतरां बोधवीजे।
मना सज्जना राघवीं वस्ति कीजे ।।४१।।

फिरोगे, घूमोगे नहीं सौख्य होगा।
वृथा कष्ट ही कष्ट संप्राप्त होगा।।
विचारों जरा बोध लो आत्मा में।
अरे चित्त! मेरे रमो राम ही में।।

मना सज्जना येक जीवीं धरावें।
जनीं आपुलें हीत तूंवां करावे।
रघुनायेकावीण बोलों नको हो।
सदा मानसीं तो निजध्यास राहो ।।४३।।

अरे चित्त! तू एक ही बात ठाने।
हितों को, महाश्रेय को ठीक जाने।।
प्रभु राम से भिन्न बातें न बोले।
उसी आस में ध्यान में चित्त डोले।।

मना रे जनीं मौन्यमुद्रा धरावी।
कथा आदरें राघवाची करावी।
नसे राम ते धाम सोडून द्यावें।
सुखालागी आरण्य सेवीत जावें ।।४४।।

जयाचेनि संगें समाधान भंगे।
अहंता अकस्मात येऊनि लागे।
तये संगतीची जनीं कोण गोडी।
जये संगतीनें मती राम सोडी ।।४५।।

सदा देवकाजी झिजे देह ज्याचा।
सदा रामनामें वदे सत्य वाचा।
स्वधर्मेचि चाले सदा उत्तमाचा।
जगीं धन्य तो दास सर्वोत्तमाचा ।।४८।।

सदा बोलिण्यासारिखे चालताहे।
अनेकीं सदा येक देवासि पाहे।।
सगूणीं भजे लेश नाहीं भ्रमाचा।
जगीं धन्य तो दास सर्वोत्तमाचा ।।४९।।

सदा आर्जवी प्रीय जो सर्व लोकीं।
सदा सर्वदा सत्यवादी विवेकी।।
न बोले कदा मिथ्य वाचा त्रिवाचा।
जगीं धन्य तो दास सर्वोत्तमाचा ।।५३।।

सदा सेवि आरण्य तारुण्यकाळीं।
मिळेना कदा कल्पनेचेनि मेळीं।
चळेना मनीं निश्चयो दृढ ज्याचा।
जगीं धन्य तो दास सर्वोत्तमाचा ।।५४।।

जनों में, वनों में सदा मौन पालो।
बड़े आदरों से कथा राम बोलो।।
जहाँ राम ना, धाम वो छोड़ देना।
सुखों के लिए योग्य है वन्य होना।।

जहाँ संगति से समाधान जाता।
कुकर्मी-विनाशी अहंकार आता।।
अनेक जनों को वही संग भाता।
जहां राम से टूटता सर्व नाता।।

सदा ईश के कार्य में देह घोले।
सदा जीभ से राम का नाम बोले।।
स्वधर्मस्थ हो वो चले तत्वज्ञानी।
वही धन्य है राम का दास ज्ञानी।।

यथा बोलता है तथा आचरे जो।
अनेकत्व में देखता एक है जो।।
भ्रमों का न लें मार्ग भक्ती सगुणी।
वही धन्य है राम का दास ज्ञानी।।

वदे नम्र भाषा करे नित्य नेकी।
सदा सत्यवादी रहे जो विवेकी।।
कभी झूठ बोले नहीं शुद्ध वाणी।
वही धन्य है राम का दास ज्ञानी।।

युवा काल में ही वनश्री लुभावे।
नहीं कल्पनाजाल झूठा फँसावे।।
दृढ़ी निश्चयी जो टलेना समानी।
वही धन्य है राम का दास ज्ञानी।।



दीनाचा दयाळु मनाचा मवाळु।
स्नेहाळु कुपाळु जनीं दासपाळु।
तया अंतरी क्रोध संताप कैचा।
जगीं धन तो दास सर्वोत्तमाचा ।।५६।।

अती मूढ त्या दृढ बुधी असेना।
अती काम त्या राम चित्ती वसेना।
अती लोभ त्या क्षोभ होईल जाणा।
अती वीषई सर्वदा दैन्यवाणा ।।६४।।

नको दैन्यवाणें जिणें भक्तिऊणें।
अती मूर्ख त्या सर्वदा दुःख दुणें।
धरी रे मना आदरें प्रति रामीं।
नको वासना हेमधामीं विरामीं ।।६५।।

नव्हे सार संसार हा घोर आहे।
मना सज्जना सत्य शोधूनि पाहें।
जनीं वीष खातां पुढे सुख कैचें।
करी रे मना ध्यान या राघवाचें ।।६६।।

घनश्याम हा राम लावण्यरूपी।
महा धीर गंभीर पूर्णप्रतापी।
करी संकटीं सेवकाचा कुढावा।
प्रभाते मनीं राम चिंतीत जावा ।।६७।।

बहुतांपरी संकटें साधनाची
व्रते दान उद्यापनें ते धनाची।
दीनाचा दयाळु मनीं आठवावा।
प्रभाते मनीं राम चिंतीत जावा ।।७४।।

दुखी-दीन पे जो सदा है कृपालू।
कुमार्गी जनों पे सदा है दयालू।।
नहीं चित्त में क्रोध सन्ताप हानी।
वही धन्य है राम का दास ज्ञानी।।

महामूर्ख को स्थैर्य ना प्राप्त होगा।
जहाँ काम हो राम कैसे रहेगा।।
जहाँ लोभ हो क्षोभ ही क्षोभ होगा।।
जिसे वासना हो अती दीन होगा।।

अरे भक्ति से शून्य जीना भी क्या है।
महामूर्ख को दुःख ही भावता है।।
स्मरो राम को चित्त प्रेमादिकों से।
न हो वासना तुच्छ हेमादिकों से।।

अहा घोर संसार निःसार मानो।
अरे चित्त! खोजो जरा सत्य जानो।।
विषैले फलों से महादुःख होगा।
करो राम का ध्यान, सर्वस्व देगा।।

घनश्याम श्रीराम सौंदर्यमूर्ति।
महाधीर हैं शूर विख्यात कीर्ति।।
पुकारो उन्हें संकटों को भगाओ।
उषःकाल में राम का रूप ध्याओ।।

करे साधना, योग या दान देता।
व्रतोद्यापनों में बड़ा खर्च होता।।
स्मरो राम का नाम सर्वार्थ पाओ।
उषःकाल में राम का रूप ध्याओ।।

जनीं भोजनीं नाम वाचें वदावें।
अती आदरें गद्य घोषें म्हणावें।
हरीचिंतने अन्न सेवीत जावें।
तरी श्रीहरी पाविजेतो स्वभावें।।८९।।

जगीं पाहतां देव हा अन्नदाता।
तया लागली तत्वता सार चिंता।
तयाचें मुखीं नाव घेतां फुकाचे।
मना सांग पां रे तुझे काय वेचे ।।९३।।

अती लीनता सर्वभावें स्वभावें।
जना सज्जनालागिं संतोषवावें।
देहे कारणी सर्व लावीत जावें।
सगूणी अती आदरेंसी भजावें ।।१०२।।

विवेके क्रिया आपुली पालटावी।
अती आदरें शुद्ध क्रिया धरावी।
जनीं बोलण्यासारिखे चाल बापा।
मना कल्पना सोडि संसारतापा ।।१०५।।

जनीं वाद वेवाद सोडूनि द्यावा।
जनीं सुखसंवाद सूखें करावा।
जगी तो च तो शोकसंतापहारी।
तुटे वाद संवाद तो हीतकारी ।।१०९।।

हिताकारणें बोलणें सत्य आहे।
हिताकारणें सर्व शोधूनि पाहें।
हिताकारणें बंड पाषांड वारी।
तुटे वाद संवाद तो हितकारी ।।१११।।

सुनो भोजनों में कहो नाम प्यारे।
प्रभावी प्रदीर्घ स्वरों में उचारें।।
गहो कौर तो श्री प्रभुनाम गाओ।
दयालु प्रभु की कृपा पूर्ण पाओ।।

सभी जानते देव है अन्नदाता।
यशःश्री सदानंद का है प्रदाता।।
उसी को स्मरो तो तुम्हें कष्ट क्या है।
कहो चित्त मेरे! तुम्हें रोष क्यों है।।

बनो नम्र शालीन वाणी कृति में।
तुम्हें देख संतोष हो सज्जनों में।।
भलाई करो जन्म का ध्येय जानो।
प्रभुमूर्ति को नित्य ही पूज्य मानो।।

क्रिया कर्म कैसा स्वयं को विचारो।
धरो शुद्ध बुद्धि स्वयं को सुधारो।।
यथा बोलते हो करो कार्य वैसा।
मिटेगा निराकल्पना ताप तैसा।।

वितण्डी विवादी न वृत्ति भली है।
परात्मा सुखावे सुवाचा भली है।।
वही विश्व में शोक संतापहारी।
त्यजो वाद संवाद है लाभकारी।।

जनों के हितों की सदा बात भावे।
जनों के हितों की सदा खोज लेवे।।
सभी का हितैषी, न पाखंडधारी।
त्यजो वाद, संवाद है लाभकारी।।



विचारूनि बोले विवंचूनि चाले।
तयाचेनि संतृप्त ते हि निवाले।
बरें शोधल्याविण बोलों नको हो।
जनीं चालणें शुद्ध नेमस्त राहों ।।१३२।।

धरी रे मना संगती सज्जनाची।
जेणें वृत्ती हे पालटे दुर्जनाची।
बळें भाव सद्बुद्धी सन्मार्ग लागे।
महा क्रूर तो काळ विक्राळ भंगे ।।१३५।।

नको रे मना वाद हा खेदकारी।
नको रे मना भेद नाना विकारी।
नको रे मना सीकऊं पुढिलासी।
अहंभाव जो राहिला तूजपासी ।।१६०।।

अहंतागुणे सर्व ही दुःख होते।
मुखें बोलिलें ज्ञान ते वेर्थ जातें।
सुखीं राहतां सर्व ही सुख आहे।
अहंता तुझी तूं चि शोधूनि पाहें ।।१६१।।

मना गूज रे गूज हें प्राप्त जालें।
परीं अंतरीं पाहिजे यत्न केले।
सदा श्रवणें पाविजें निश्चयासी।
धरीं सज्जनसंगती धन्य होसी ।।२०२।।

मना सर्व ही संग सोडूनि द्यावा।
अती आदरें सज्जनाचा धरावा।
जयाचेनि संगें महादुःख भंगे।
जनीं साधनेंवीण सन्मार्ग लागे ।।२०३।।

सदा सोचता है तभी बोलता है।
क्रिया जो करे पूर्व में तौलता है।।
सुने शब्द तो तप्त भी शांत होते।
क्रिया शुद्ध हो सर्व ही तृप्ति पाते।।

धरो चित्त रे! संगति सज्जनों की।
करे शुद्ध बुद्धि महादुर्जनों की।
बने भावना श्रेष्ठ सन्मार्ग पाए।।
डरे काल भी भीति से दूर जाए।।

न छेड़ो कदा वाद जो खेदकारी।
न हो चित्त में भेद नाना विकारी।।
स्वयं को गुरुयोग्य क्यों मानता है।
अहंकार जो भीतरी पालता है।।

अहंकार है दुःख ही दुःख देता।
निरी ज्ञान चर्चा नहीं लाभ होता।।
रहोगे सुखी तो महासौख्य पाओ।
अहंता कहां है जरा खोज लेओ।।

महाज्ञान भंडार प्राप्ति हुई है।
करो साधना यत्न पूर्ति तभी है।।
कथा को सुनोगे उसी में रमोगे।
करो संत सत्संग तो धन्य होंगे।।

त्यजो चित्त जो संग है हानिकारी।
करो नित्य सत्संग जो लाभकारी।।
उसी से महादुःख भी भाग जाता।
उसी से बिना कष्ट है सौख्य आता।।

मना संग हा सर्व संगास तोडी।
मना संग हा मोक्ष तत्काळ जोडी।
मना संग हा साधकां सीघ्र सोडी।
मना संग हा द्वैत निशेष मोडी ।।२०४।।

करो चित्त सत्संग जो बंध तोड़े।
वही श्रेष्ठ जो मोक्ष तत्काल जोड़े।।
अरे साधकों को सदा है सुहाता।
इसी से सदा द्वैत संपूर्ण जाता।।

मनाची शतें ऐकतां दोष जाती।
मतीमंद ते साधना योग्य होती।
चढे ज्ञान वैराग्य सामर्थ्य ह आंगीं।
म्हणे दास विश्वासतां मुक्ति भोगी ।।२०५।।

मनोबोध के श्लोक दोषोपहारी।
तथा ज्ञान सामर्थ्य वैराग्यकारी।।
बनोगे तपःसाधनायुक्त योगी।
कहे दास विश्वास से मुक्ति होगी।।

# १३. भगवान के पास क्या मांगें?

मिडास नाम का एक राजा था। वह सोने का अतिशय लोभी था। एक बार परमेश्वर उससे प्रसन्न हुए, तो उसने परमेश्वर से कहा - ''मैं जिसे भी स्पर्श करूं, वह वस्तु सोने की बन जाए।'' तथास्तु कहकर परमेश्वर अंतर्धान हो गए। अब मिडास ने परमेश्वर से पाए वर का उपयोग करना प्रारंभ किया। घरभर की सारी वस्तुएं उसके स्पर्श से सोने की हो गईं। इतने में उसकी प्रिय बेटी उसके पास आई। मिडास ने उसे गोद में उठाया तो वह भी सोने की निष्प्राण मूर्ति बन गई। यही हाल उसकी पत्नी और अन्य रिश्तेदारों का हुआ। यह खबर सारे नगर में फैल गई। अब मिडास कहीं अपने को छू न ले, इस भय से उसके सारे नौकर-चाकर, शहर की जनता उससे दूर भागने लगी। मिडास के लिए भोजन तक करना असंभव हो गया। भोजन के पदार्थों को छूते ही वे सारे पदार्थ सोने के हो गए। भगवान से क्या मांगना चाहिए, इसका ज्ञान न होने के कारण मिडास की ऐसी दुर्गति हुई।

बच्चों, भगवान के पास क्या मांगना इसका भान होना चाहिए। भस्मासुर अथवा हिरण्यकशिपु ने तपश्चर्या कर भगवान को प्रसन्न कर लिया, परन्तु वर मांगते समय अतिशय क्षुद्र वर मांगे, जो उनकी अपनी दुर्गति का कारण बने, इसलिए श्री समर्थ यहां हमें भगवान से क्या मांगना चाहिए, यह बताते हैं। सद्गुण और सद्बुद्धि यह सबसे बड़ी संपत्ति हैं। यह संपत्ति न हो तो हमारा सारा वैभव व्यर्थ है। हम उत्तम गुण आत्मसात कर लें, भिन्न-भिन्न श्रेष्ठ कलाएं सीख लें तो हमारा अपना समय भी आनंदपूर्वक व्यतीत होता है और इन कलाओं से प्रेम करने वाले गुणीजन



हमारे साथ जुड़ते जाते हैं। हमारा जीवन सार्थक हो जाता है। इस कारण मांगी हुई यह सद्गुणों की संपत्ति कंठस्थ कर लें और जीवन में उसे प्राप्त करने का प्रयत्न करें। इन गुणों को प्राप्त किए बिना जीवन में आनंद की प्राप्ति संभव नहीं है।

श्री समर्थ कहते हैं -

।।१।।

**कोमल वाचा दो हे राम। विमल करणी दो हे राम ।।ध्रु।।**
**प्रसंगावधान दो हे राम। कला चातुर्य मुझे दो राम ।।१।।**
**हितकारक जो वह दो राम। जनसुखकारक जो वह दो राम ।।२।।**
**अंतर्मन की परख दो राम। बहुजन मैत्री दो हे राम ।।३।।**
**विद्या-वैभव दो हे राम। उदासीनता दो हे राम ।।४।।**
**जो मांग पाऊं ना वह दो राम। जो समझ सकूं ना वह दो राम ।।५।।**
**प्रीत तुम्हारी दो हे राम। दास कहे मुझे दो हे राम ।।६।।**

।।२।।

**संगीत गायन दो हे राम। आलाप मधुरता दो हे राम ।।ध्रु।।**
**कथाकथन भी दो हे राम। काव्य की समझ दो हे राम ।।१।।**
**रसमय मुद्रा दो हे राम।। नृत्यकला भी दो हे राम ।।३।।**
**सरल प्रबंध का ज्ञान दो राम। सब्द मनोहर दो हे राम।।४।।**
**सावधानता दो हे राम। स्मरणशक्ति का दान दो राम ।।५।।**
**दास कहे हे सद्गुण धाम। उत्तम गुण का दान दो राम ।।६।।**

।।३।।

**पावन भिक्षा दो हे राम। दीन दयालु हे श्रीराम ।।ध्रु।।**
**अभेद भक्ति दो हे राम। आत्मनिवेदन दो हे राम ।।१।।**
**तद्रूपता दो हे राम। अर्थारोहण दो हे राम ।।**
**सज्जन संगति दो हे राम। अलिप्तता का दान दो राम ।।३।।**
**ब्रह्म अनुभव दो हे राम। अनन्य सेवा दो हे राम ।।४।।**
**मुझबिन तुम मुझे दो हे राम। दास कहे मुझे दो हे राम ।।५।।**

## दो बुद्धिदान हे रघुनायक

( मेरे पास ) युक्ति नहीं, बुद्धि नहीं, विद्या नहीं बस विवंचना।
अज्ञानी मैं भक्त तुम्हारा। दो बुद्धिदान हे रघुनायक ।।१।।
मन नियंत्रित होता नहीं, वासना सताए सदा।
कल्पना बेलगाम दौड़ती। दो बुद्धिदान हे रघुनायक ।।२।।
अन्न नहीं, वस्त्र नहीं, सौख्य नहीं, जन वन में।
आश्रय खोजूं, कहीं नहीं। दो बुद्धिदान हे रघुनायक ।।३।।
बोलना-चलना आता नहीं, कार्य करना जानूं ना।
हूं इस जग में बहुत पीड़ित। दो बुद्धिदान हे रघुनायक ।।४।।
मूर्ख मैं तुम्हारा हूं, कष्टों में बहुत हूं मैं।
सौख्य कहीं भी दिखता नहीं। दो बुद्धिदान हे रघुनायक ।।५।।
न ठीक तरह से लिख पाऊं, पढ़ने में त्रुटियां करूं सदा।
अर्थ भी समझा पाता ना। दो बुद्धिदान हे रघुनायक ।।६।।
प्रसंगावधान नहीं मुझ में, दीर्घ योजना ना बना पाता।
ना मित्रता ही रखना जानूं। दो बुद्धिदान हे रघुनायक ।।७।।
संसार का ज्ञान नहीं मुझमें, सारे लोग मुझ पर हंसते।
भुलक्कड़पन भी है मुझमें। दो बुद्धिदान हे रघुनायक ।।८।।
चित्त दुश्चित होता रहता, नहीं रह पाता अनुशासन में।
आलस्य तो सदा ही साथ में। दो बुद्धिदान हे रघुनायक ।।९।।
समझ में कुछ आता नहीं, स्फूर्ति कहीं से मिलती ना।
विपदाएं पीछे लगी बहुत, पेट भी पीछा छोड़े ना। दो बुद्धिदान हे रघुनायक ।।१०।।
संसार ठीक से होता नहीं, जीव उद्वेगित होता है।
परमार्थ भी नहीं सध पाता। दो बुद्धिदान हे रघुनायक ।।११।।
न कोई दे ना पूर्ति करे, जन केवल हंसी उड़ाते हैं।
जन में सम्मान न रख पाऊं। दो बुद्धिदान हे रघुनायक ।।१२।।
हो गया हूं जग में एकाकी, मेरा अपना कोई नहीं।
समर्थ तुम दयासिंधु। दो बुद्धिदान हे रघुनायक ।।१३।।
उदास-उदास है मन मेरा, कहां जाऊं किधर जाऊं।
भक्तवत्सल तुम हे श्रीराम। दो बुद्धिदान हे रघुनायक ।।१४।।
काया वाचा मनोभाव से, अपने को तुम्हारा कहालाता हूं।
अब मेरी लाज तुम्हारे हाथ में। दो बुद्धिदान हे रघुनायक ।।१५।।



अनेक देवों को मुक्त किया भूभार मिटाया अपने बल से।
भक्तों को आश्रय तुम महान। दो बुद्धिदान हे रघुनायक ।।१६।।
भक्त तुम्हारे हैं असंख्य, कौन पूछता है मुझ जैसों को।
अपने इस गुण का स्मरण रखना। दो बुद्धिदान हे रघुनायक ।।१७।।
असीम तुम्हारी कीर्ति सुनी, पतितपावन आप प्रभो।
मैं एक रंक हूं निर्बुद्धि। दो बुद्धिदान हे रघुनायक ।।१८।।
आशा है तुमसे बहुत अधिक, दया करोगे तुम मुझ पर।
अन्य न कुछ भी मांगूं मैं। दो बुद्धिदान हे रघुनायक ।।१९।।
कहे रामदास अब मेरा यह संसार तुम्हें ही करना है।
संशय का त्याग न कर पाऊं। दो बुद्धिदान हे रघुनायक ।।२०।।

इसी प्रकार की एक अन्य रचना में श्री समर्थ कहते हैं -

**उदासीन हे वृत्ती जीवी धरावी। अती आदरे सर्व सेवा करावी।**
**सदा प्रीति लागो तुझे गुण आता। रघुनायेका मागणे हे चि आता ।।१।।**

मैं उदासीन वृत्ति से इस जग में रहूं, अति आदरपूर्वक सबकी सेवा करता जाऊं। तुम्हारा गुणगान करने में मेरे मन में सदैव प्रीति बनी रहे। हे रघुनायक, मैं आपसे केवल इतना मांगता हूं।।

**तुझे रूपडे लोचनी म्यां पहावे। तुझे गुण गाता मनासी रहावे।**
**उठो आवडी भक्तितपंथे चि जाता। रघुनायेका मागणे हे चि आता ।।२।।**

तुम्हारी सुंदर छवि मेरे नयनों में सदा बसी रहे, तुम्हारा गुणगान करने में मेरा मन सदैव रमा रहे। भक्ति मार्ग के लिए मेरे मन में प्रेम हो। हे रघुनायक, मैं आपसे केल इतना मांगता हूं।

**मनी वासना भक्ति तूझी करावी। कृपाळूपणे राघवे पूरवावी।**
**वसावे मज अंतरी नाम घेता। रघुनायेका मागणे हे चि आता ।।३।।**

मेरे मन में केवल यही इच्छा है कि मैं आपकी भक्ति करता रहूं। आप कृपानिधान हैं, मेरी इच्छा पूर्ण करें। मैं जब भी आपका स्मरण करूं, आप मेरे हृदय में निवास करें। हे रघुनायक, मैं आपसे केवल इतना मांगता हूं।

**सदा सर्वदा योग तूझा घडावा। तुझेकारणी देह माझा पडावा।**
**नुपेक्षी मज गुणवंता अनंता। रघुनायेका मागणे हे चि आता ।।४।।**

मैं सदैव तुम्हारे साथ जुड़ा रहूं, तुम्हारा ही कार्य करते-करते, तुम्हारे ही लिए अंत में इस शरीर का त्याग करूं। हे गुणवंत, हे अनंत, मेरी उपेक्षा न करो। हे

रघुनायक, मैं आपसे केवल इतना मांगता हूं।

**नको द्रव्य दारा नको येरझारा। नको मानसी ज्ञानगर्वे फुगारा।**
**सगुणी मज लाविरे भक्तिपंथा। रघुनायेका मागणे हे चि आता ।।५।।**

मुझे धन-संपत्ति नहीं चाहिए, बार-बार इस जग में जन्म भी नहीं चाहिए। मेरा मन ज्ञान के अभिमान से फूल ना जाए। मुझे सगुण भक्ति के मार्ग पर ही ले चलो। हे रघुनायक, मैं आपसे केवल इतना मांगता हूं।

**भवे व्यापिलो प्रीतिछाया करावी। कृपासागरे सर्व चिंता हरावी।**
**मज संकटी सोडवावे समर्था। रघुनायेका मागणे हि चि आता ।।६।।**

मैं इस संसार के ताप से त्रस्त हो गया हूं, मुझे अपने प्रीति की छांव प्रदान करें। हे कृपासागर, मेरी सारी चिंता दूर करें, हे समर्थ, मुझे सारे संकटों से मुक्त करें। हे रघुनायक, मैं आपसे केवल इतना मांगता हूं।

**मनी कामना कल्पना से नसावी। कुबुधी कुडी वासना नीरसावी।**
**नको संशयो तोडि संसारवेथा। रघुनायेका मागणे हे चि आता ।।७।।**

मेरे मन में न कोई कामना रहे, न कल्पना। मेरे मन की कुबुद्धि, क्षुद्र वासनाएं दूर हों। मेरे मन के सारे संशय दूर कर इस संसार की व्यथा से मुझे मुक्त करो। हे रघुनायक, मैं आपसे केवल इतना मांगता हूं।

**समर्थापुढे काय मागो कळेना। दुराशा मनी बैसली हे ढळेना।**
**पुढे संशयो नीरसी सर्व चिंता। रघुनायेका मागणे हे चि आता ।।८।।**

आप समर्थ से क्या मांगू यह मैं समझ नहीं पाता, मेरे मन की दुराशा दूर होती नहीं। आप ही मेरे मन के सारे संशय मिटाकर मेरी सारी चिंता दूर करो। हे रघुनायक, मैं आपसे केवल इतना मांगता हूं।

**ब्रिदाकारणे दीन हाती धरावे। म्हणे दास भक्तासि रे उधरावे।**
**सुटो ब्रीद आम्हासि सांडूनि जाता। रघनायेका मागणे हे चि आते ।।९।।**

आप दीनदयालु हैं, कृपासागर हैं, आपका ब्रिद अर्थात् दिया हुआ वचन है कि आप अपने भक्तों की सभी संकटों से रक्षा करते हैं। उसका स्मरण कराते हुए ही आपका यह दास आपसे कह रहा है कि मुझ दीन का हाथ थाम लो, आपके इस भक्त का उद्धार करो। यदि आपने मेरा त्याग कर दिया तो आपका वचन झूठा सिद्ध हो जाएगा। हे रघुनायक, मैं आपसे केवल इतना मांगता हूं।

**।। जय जय रघुवीर समर्थ ।।**